विद्या राजसु पूज्यते नहि धनं विद्याविहीनः पशुः ।।

Knowledge is the greatest beauty of a man and his most hidden treasure. It is the giver of all enjoyments, fame and happiness. It is the teacher of teachers and serves the function of a relative in an unfamiliar foreign country. It is the greatest god. It is knowledge that is honoured by the kings, not riches. A man without knowledge is like a best.

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

WE AND OUR EDUCATION

* K. P. Rai

That education is the foundation on which the economic, political, cultural and social superstructure of the society stands is universally acknowledged. If the foundation is weak and shaky, the entire superstructure will be shaky and it may collapse any moment being unfit to bear the stress and strain caused by the strong winds or its own dead load. On the other hand if the foundation is firm and broad-based, the edifice will remain firm providing comfort to the inhabitants from generation to generation. A right type of education is like a light-house which saves the ship of the society from foundering against the rock of ignorance. On the basis of this awareness and consciousness towards education, our ancestors painstakingly educated their progeny according to the ideals which were held high and dear by each generation. But since India became a slave country, it lost all its ideals; infact, on account of loss of its ideals it became a slave country—a vicious circle was formed, one vice gave rise to another and whole of the nation was engulfed in darkness. Such evils as untouchability, superstitions, separatism, bigotry, exploitation of man by man and many such evils took root and flourished in our society.

And then ? Although, after a lot of suffering and by sheer turn of events, we became a free nation, the inbuilt features of slavery remained & are still persisting. Recently, these features have been raising their ugly heads in many ways. It has become a custom with the people of our country to say that China and Pakistan are our great enemies, who are posing a great danger to our existence. As a matter of fact, the persons of vested interests tutor the people through press and other medias to form similar ideas, so that while the persons of even average common sense are so hypnotised, they stealthily suck up their blood and became fat. Who are our enemies ? It is agreed that China and Pakistan are our great enemies having bad designs against us; but are the black-marketeers, the hoarders, the profiteers, the adulterators, the bureaucrats the red tapists in the government, the politicians trucking with these anti-social elements and so many others as these are no less enemies of our nation than the Chinese and the Pakistanees ? The emphatic answer is, they are greater enemies of our nation.

Now, we have reached a stage in our national life when too many problems have raised their venomous heads simultaneously and all of a sudden. Unprecedented high prices associated with degeneration of moral values are playing havoc with the common man's life. Sympathy, fellow-feeling and other human virtues have become conspicuous by their absence. Talk to any average person in the street and he will tell you invariably that he had it never so bad. The political scene of our country is not much different. There is going on a tug-of-war among the warring

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

parties and also among the warring factions in the same party to seize power. What for ? Is this struggle undertaken by them to serve the people in some better way ? Not at all; they have a cock-fight, or call it a bull-fight just to avail themselves of the enjoyment and lust of power, which is there ultimate goal. Even persons of so called high Integrity are exhibiting such traits; it seems they have lost their way and are under the effect of power-drunkenness.

Amidst this social, political and economic anarchy and crisis, we find all around us that even after 38 years of independence we have not been able to bring our education to the correct shape. Many things seem to have gone out of order. Crores of rupees have been spent, but the results are all the more gloomy; Universities after Universities have been established just to tell the young people some irrelevant things which they should learn by heart and reproduce it in answer-scripts either by fair or fowl means; means, according to them, are not so important as the ends; schools have been upgraded and then degraded, patterns of education have been changed, and rechanged; reforms after reforms have been suggested but of no avail; educational campuses are growing more unquiet; useless higher education is thrust upon while primary education is being neglected. Infact, the maladies affecting the academic life in this country are far too many.

Who is responsible for this state of affairs ? According to the Education Commission "the responsibility for the situation is not unilateral —but multilateral." But the writer of these lines holds difinitely a different view—maladies always infiltrate from top to bottom and not vise-versa. Honesty is the best policy in business. So is the case with education also. Infact, education has its entity in no way separate from other affairs of life. Hence, honesty and sincerety of purpose are the bases on which other materials of reconstruction can be laid. Mahatma Gandhi rightly said, "One cannot do right in one department of life whilst he is occupied in doing wrong in any other department. Life is an indivisible whole". Therefore, our politicians and educationists should keep it into mind that if they care to pursue and implement some well thought-out educational plan honestly and sincerely far-reaching and spectacular results can be achieved, otherwise mere changing and replacing of syllabi cannot carry us far. As a matter of fact, such actions will simply create confusion and chaos in the sphere of education and ultimately in each and every sphere of our national life. As already stated, since education is closely related with every sphere of our life, educational planning should be dovetailed and interlinked with the main planning for national reconstruction.

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CHARACTER

Δ Surendra Kumar Das
Class—XI Commerce

Character is a product of one's own nature and training :—Character depends upon nature. If one's inner nature is good one will be a good man. But if it is bad the man will also become bad in character. But invironment and training have a great influence on nature and do largely alter it. The society, we live in unconsciously moulds our character to a great extent. By training our minds we can also make them follow good or bad ways as we like. Character is best moulded at a tender age. Education enables them to know the right form the wrong. They do what is right and carefully avoide what is wrong. Character depends also upon tastes and talents which vary in different persons. Yet by training, these may be properly guided so as to form a good character. Thus the taste of one that is fond of pictures may be developed into the character of a famous painter. The talents of the wanderer may be guided so as to make him a bold adventurer

It can be formed by imitation and habit :—But training is not all. Little children are fond of imitating the action of others around them. Their imitative is also a great help in the performation of their character. It is therefore very necessary that good and noble examples should be held up to young learners. They should be asked to read the lives of great men. Imitation leads to admiration and worship of the person imitated and thereby develops good character. It is also closely connected with habit. What is done several times gets fixed into the nature and becomes a part of our character by learning to do what is good. Children becomes good themselves.

Strong will force produces character : External influences are too weak to form a strong character. They must be supported by a firm desire to do and be good. This desire is called the force of will. We must have the force of will to rise to eminence. With its help we can control our passions and inclination. Self control is very valuable in life, for without it, man becomes very weak and easily led astray by temptations. A desire to become good should ever be burning in our soul. That will make us honest, sincere, truthful and benevolent.

Without character success is impossible :—Character is indipensable in life. If a man has no character, he is not trusted or respected by any one. For success in our undertakings character is also absolutely necessary. We must patiently and courageously work when we are threatened by dangers and difficulties. But we can not do so without character. Most people fail in their endeavours only because they are wanting in character.

Good character is thus a source of prosperity and happiness.

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

LIFE IN SOLITUDE

⊕ Sanjeet Kumar Sharma
Class—XII Commerce

Man is often defined as a social animal. The virtues and vices of a man are generally those of the society in which he lives. It is, therefore, said that man is known by the company he keeps. He imitates the actions of his fellow men and commonly does what they approve of. He sees what is bad in others hand becomes part of him. Besides it is only by intercourse with other men that a man's character is judged. If he behaves well with them and looks to their interests he is called a good man, otherwise he proves to be a curse to the society.

A man whose character has not been formed is not therefore, rightly called a man. There is no consistency in his actions. Society gains nothing by his existence. As he himself does not know whether what he does is good or bad he feels neither delighted when he does anything commendable nor penitant for what is wrongly done. Such a man is useless in the world.

Since it is in society that character is formed, it will never do for man to live in solitude. The man that lives in solitude has no social virtues in him. He may do things which human society, does not approve. So when he commes to live in society he is either hated or pitied. If he at all exercises any influence it may become harmful to the interests of others. Such a man surely is unfit for society.

Society is a natural organisation formed by giving and taking. Each individual gives something to it and takes something from it. Thus while he is a builder of society he is also indebted to it for his own being. But the man from solitude has nothing to give to the society as he has nothing good or bad in him. He is like a block of stone, inert and innocent. He can also take nothing from society as he does not know what it is good of him to take. He is not benefited by society. No true life can be formed in solitude.

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

The Concept of Health and Disease



RISHI KUMAR AGARWAL
(Ex. Student of Salkia
Vikram Vidyalaya)
NILRATAN SIRKAR
MEDICAL COLLEGE
5th Year (Final Year)

Good health and impaired health are two vital categories. Health is man's natural condition, his birthright. Its value is not fully understood until it is lost. Whenever one feels one is having a fever one will necessarily summon a doctor and have a pill or an injection. Our hospitals are flooded with the sick, both physical and mental but there are no institutions to show people the road to good health.

'Health' has been viewed by different people. Scientists defined health as "absence of disease", whereas Ecologists defined it as "a harmonious equilibrium between man and his environment." According to World Health Organisation (WHO) health is defined as follows :

"Health is a state of complete physical, mental and social well-being, and not merely an absence of disease or infirmity."

Physical health is an important component of total health. The signs of physical health in an individual are "a good complexion, a clean skin, bright eyes, lustrous hair with a body well clothed with firm flesh, not too fat, a sweet breath, a good appetite, sound sleep regular activity of bowels and bladder; all the special senses are intact, the resting pulse rate, blood pressure and exercise tolerance are all within the range of "normality" for the individual's age and sex." Mental health and physical health are interrelated. Poor mental health affects physical health and vice versa.

'Disease' also has been viewed by different people. Scientists defined disease as "deviation from a biochemical norm", whereas Ecologists defined it as a "Maladjustment of the human organism to the environment".

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

Webster defines disease as "a discomfort, a condition in which bodily health is seriously attacked and interrupting the performance of vital functions by human body". Essentially three factors are involved in disease occurrence, namely agent, host and environment. When these three factors interact, disease process starts in man. Disease can not occur in the absence of any one of these three factors. These three factors are commonly referred to as the "epidemiological triad".

Determinants of Health :

Health does not exist in isolation. It is influenced by a complex of Genetic, environmental, socio-economic status and ways of living.

(a) Environment :

Environment consists of those things to which man is exposed after birth. It has been divided into three compo- nents : physical, biological and psychosocial environment.

(i) The term physical environment is applied to non-living thing and physical factors—water, air, housing, soil, climate, heat, light, noise—with which man is in constant interaction. Man has altered his physical environment to his advantage and thus creating new environmental hazards like air pollution, water pollution, unsafe drinking water etc. Man made alteration in the environment have frequently led to the occurrence of endemic and epidemic disease. Defective physical environment continues to be main problem.

(ii) The biological environment is the universe of living thing—viruses, bacteria, rodents, animals, plants-which surrounds man including man himself. There is constant adjustment and readjustment between them and thus constitute the ecosystem. When for any reason the harmonious relationship between the member of ecosystem is disturbed, ill health results.

Much of the ill health in India is due to environmental deficiencies. The protection of natural environment is considered essential to life and health.

(iii) The psychosocial environment is the creation of man. It includes cultural value, customs, habits, beliefs, religion, education, occuparion etc. Crime, violence, drug abuse and other forms of deviant behaviour are due to psychosocial stress. For example, the medical cause of lung cancer may be a chemical substance in cigarettes, but the psychosocial cause is behaviour-smoking. Psychosocial stress such as poverty, loss of employment etc may precipitate the onset of psychosocial disorders such as duodenal ulcer, bronchial asthma, hypertension and mental illness. Most people committing suicide are mentally ill.

It is an established fact that environment has a direct impact on the physical, mental and social well being of those living in it. Thus a stable and harmonious equilibrium between man and his environment is needed to reduce man's vulnerability to disease.

(b) Ways of living :

Health is a way of life. It is related deeply to life. Style which includes ways of

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi.

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

living, personal hygiene, habits and behaviour. The term personal hygiene comprises a broad range of day to day activities such as care of body regarding bathing and washing. care of clothing, care of teeth, care of hair, care of feet and nails, care of posture, cultivating good habits regarding eating, diet, exercise, sleep, smoking, drinking and attitudes towards life. Any disruption of these activities may impair health. For example, neglect of oral hygiene may predispose to tooth and gum ailments; neglect of personal cleanliness may predispose to scabies, eczema and fungal infection; excessive smoking may lead to chronic bronchitis and lung cancer; over eating to obesity etc. The practise of personal hygiene is largely a matter of individual responsibility or self care.

(c) Socio-economic status :

The health of an individual is intimately related to its socio-economic status. The world today is divided into the rich and the poor. It is said that poverty leads to sickness and sickness to poverty, one of mankind's vicious cycles. Poverty leads to sickness by depriving man of his needs of adequate nutrition and shelter and by exposing him to the hazards of poor sanitary conditions. In fact, most of the infections and nutritional deficiency diseases common in developing countries are really "disease of poverty". Malnutrition, air-borne infection and infection through human excreta is responsible for illness and may cause death. It is thus clear that socio-economic factor play a leading role in shaping the health status of people. Improvement of underlying socio-economic conditions is very essential for maintainance of health.

So it is found that the "Genu theory of disease." or "Single cause idea" is alone not responsible for disease. Other factors are involved in it, like social, economic, cultural, genetic, environmental etc. For example tuberculosis is not merely due to tubercle bacilli; factors such as poverty, overcrowding and malnutrition contribute its occurrence.

Prevention of disease :

There is an age—old aphorism that "an ounce of prevention is worth a pound of cure". The onset of disease can be prevented by man himself with a view to remove the possibility that a disease will ever occur. It can be achieved by two ways :

1. Health promotion : referring to efforts to improve the quality of life and enhance the level of physical and mental health.

2. Specific protection : reffering to specific procedures of disease prevention.

Health promotion is not directed to any particular disease, but is intended to strengthen the host by improving the general health. Many practices are naturally fit for it. These are :

(i) Protection of natural environment.

(ii) Basic sanitation, e.g. provision of safe. drinking water and sanitation facilities, control of insects and rode ts.

(iii) Health education—concerned with promoting health as well as reducing behaviourinduced disease.

(iv) Improving general level of education.

(v) Limiting the availability and use of alcohol. drugs and tobacco.

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

(vi) Personal hygiene and adpotion of healthful living habits.

(vii) Improving food distribution and nutrition.

(viii) Periodic health screening.

(xi) Family planning and encouragement of good child rearing practices.

(x) Improvement of over all standard of living of people.

Specific protection is limited and applicable in certain cases.

(i) Specific immunization, active and passive.

(ii) Use of specific nutrients.

(iii) Chemoprophylaxis.

(iv) Protection againt occupational hazards.

(v) Protection against accidents.

(vi) Protection from carcinogens.

(vii) Protection from radiation.

(viii) Avoidence of allergens.

(ix) The control of hazards in the general environment, e. g. water, air, noise etc.

(x) Control of quality and safety of foods.

So preventive medicine implies the maintenance of a person's initial health its consolidation through correction and rational adjustment and, finally, the building up of health. Today the main social target of WHO in the coming decades is "the attianment by all citizens of the world of a level of health that will permit them to lead a society and economically productive life"—a goal that is termed as "Health For All" by the year 2000 AD.

OPENION OF GREAT MEN

1. No country is over populated, if there is work for every one.
—Pt. Jawahar Lal Neharu
2. There is no darkness but ignorance.
—Shakespeare
3. Birth is nothing where virtue is not.
—Moliere
4. Nothing can seem foul to those that win.
—Shakespeare
5. A little sincerity is a danegrous thing and a great deal of it is absolutely fatal.
—Oscar Wild
6. No one sh ould praise poverty but who is poor.
—Sr. Bernard
7. Power Co es from sincere service.
—Mahatma Gandhi
8. Good wine needs neither bush nor preface, To make it welcome.
—Sir Walter Scott
9. Who dare harm whom God protects.
—Mahatma Gandhi
10. Home is the place where, when you have to go there, they have to take you in.
—Robert Frost

—:o:—

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

एक व्यक्तित्व

भीड़ में भी रहता हूँ विरान के सहारे।
जैसे कोई मन्दिर किसी गाँव के किनारे॥

यह अद्भुत व्यक्तित्व पं० केशव प्रसाद शर्मा जी का है। अर्थोपार्जन की ही ताना-बाना बुनने वाली इस हावड़ा अंचल की जनसंकुलता में यह सर्जक व्यक्तित्व गरिमा के साथ अपना मस्तक ताने खड़ा है। शिक्षा-प्रसार को ही अपने जीवन का परम लक्ष्य समझने वाले इस व्यक्तित्व ने केवल गागर में सागर भरने का ही प्रयास नहीं किया बल्कि गागर में विद्या सागर प्रवाहित कर दिया है।

१९६२ ई० में इस व्यक्तित्व का एक अधिकारी के रूप में विद्यालय में प्रवेश हुआ। उस समय विद्यालय अनेक चढ़ाव उतारों को झेलता हुआ अपनी उन्नति के प्रति शंकित था। परन्तु इस व्यक्तित्व ने अपनी कुशल कार्य शैली से शंका के बादलों को छाँट दिया तथा अपने मनोभावों के पुष्पों से विद्यालय को सँवार दिया। विद्यालय ख्याति अर्जित करने लगा। कुछ वर्षों में ही विद्यालय ने हिन्दी भाषा-भाषियों के मन में अपना आसन जमा लिया। विद्यालय की ख्याति उसके दामन में नहीं अटने लगी। यह विद्यार्थियों के विशाल समूह को अपने में आत्म सात करने में असमर्थ दीखने लगा। स्रष्टा को अपनी सृष्टि सीमित प्रतीत होने लगी। बस एक नवीन सृष्टि की तैयारी इस व्यक्तित्व ने प्रारम्भ कर दिया। वेलेलियस रोड इसके लिये उपयुक्त जान पड़ा। क्योंकि वहाँ से अधिक विद्यार्थी यहां आया करते थे। उनके आने में थोड़ी कठिनाई भी होती थी। जगह प्राप्त कर ली गई। आवश्यक सृजन के साथ छात्र-छात्राओं का चरित्र भी गढ़ा जाना प्रारम्भ कर दिया गया। आज वही विक्रम विद्यालय (ब्रांच) छात्र छात्राओं के जीवन को समाज के अनुकूल गढ़ता हुआ इस महान व्यक्तित्व की कीर्ति-रश्मियां बिखेर रहा है।

साधक की साधना किसी सीमा विशेष में ही बँध कर नहीं रहना चाहती है। वह समग्र के साथ एकाकार होना चाहती है। शर्मा जी की सृष्टि-साधना इतने से ही संतुष्ट नहीं थी। वह महान सृजन के लिये बेताब थी। ब्रांच की सृष्टि संतुष्टि की आधार थी जो अब "स्वामी सहजानन्द महाविद्यालय' के रूप में एक महान सृष्टि का संकल्प इस व्यक्तित्व ने ले लिया। संकल्प हल्का नहीं था। संकल्प के साथ ही व्यक्तित्व स्वयं दाव पर लग गया। परन्तु लगन और परिश्रम की बड़ी महिमा है।

'हिम्मते मर्द, मददे खुदा' की कहावत को अक्षरशः सत्य प्रमाणित करता हुआ व्यक्तित्व उद्देश्य पर गतिशील रहा। आलोचनाओं प्रति-आलोचनाओं की भी कमी नहीं थी। कहा जाता

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

था संकल्प क्षमता से बाहर है। परन्तु उस समय सृजन की कमाल की धुन थी उस व्यक्तित्व में। क्या दिन, क्या रात जब भी देखिये यह व्यक्तित्व हवड़ा की गलियों में सृजन की याचना कर रहा है। जेठ की तपती दोपहरी में गाजीपुर जनपद के धूल भरे रास्तों में जीप पर हिचकोले खाता हुआ यह व्यक्तित्व गाँव-गाँव में सृष्टि के लिये झोली फैला रहा है। इस कठिन सृष्टिसाधना के सामने अवधूती साधना भी शर्मिन्दा थी। चलते-फिरते, सोते-बैठते हर समय सृष्टि साधना। अकेले बैठे रहने पर सिगरेट के धुएँ में भी महाविद्यालय का काल्पनिक चित्र बनता रहता था। इस तन्मय साधक की महान सृष्टि साधना भी पूरी हुई। गाजीपुर जैसे पिछड़े जनपद में स्वामी सहजानन्द महाविद्यालय जीवन निर्माण करता हुआ व्यक्तित्व की गौरव-गाथा गा रहा है।

सामाजिक विधि-विधानों के चलते यह स्तुत्य व्यक्तित्व हमारे विद्यालय के क्रियात्मक जीवन से अलग हो गया है। हम सभी लोग इस व्यक्तित्व के सानिध्य से वंचित होकर गमगीन हैं। परन्तु भावनात्मक रूप से हम उस व्यक्तित्व से हमेशा सटे रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि इस युगद्रष्टा स्रष्टा को ऐसी शक्ति दे ताकि वह जीवन पर्यन्त कुछ न कुछ सिरजता रहे। इस सृजनशील व्यक्तित्व को शत्-शत् प्रणाम।

—हरिद्वार राय

श्रद्धास्पद परम पूजनीय
आचार्य पं० केशव प्रसाद शर्मा,

हम विद्यालय के भूत-पूर्व तथा वर्तमान छात्र-गण, जिन्होंने आपके सान्निध्य में रहकर विद्या-ग्रहण किया है, आपके अवकाश-ग्रहण के अवसर पर आपके चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहे हैं।

वर्तमान युग में जब कि शिक्षा-क्षेत्र में चतुर्दिक अराजकता फैली हुई है; शिक्षक-छात्र के पारस्परिक सम्बन्ध जटिलतर होते जा रहे हैं, अनुशासनहीनता व्यापक व्याधि का रूप धारण करती जा रही है, शिक्षा उद्देश्यहीन होती जा रही है, आपके आचार्यत्व काल में विद्यालय शिक्षा-ज्योति विकीर्ण करता रहा तथा मेधावी छात्रों को रचनात्मक दृष्टि से प्रेरित करता रहा—सामान्य स्तर के छात्र भी इस प्रकाश-पुंज से प्रभावित हुए बिना नहीं रहे। इस विद्यालय की छवि अपने व्यक्तित्व में संजोये हुए अनेक विद्यार्थी जीवन के विविध क्षेत्रों में पुष्पित तथा पल्लवित हो रहे हैं। यह आपके कुशल प्रशासन, विद्या के प्रति समर्पित अनुराग तथा विद्यार्थियों के प्रति असीमित स्नेह के कारण ही सम्भव हो सका। हम आशा करते हैं कि आपने जिस ज्योति को प्रज्ज्वलित किया वह निरन्तर ज्योतिमान् रहेगी तथा आपकी गौरव-गाथा गाती रहेगी।

एक बार पुन आपके चरणों में अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए,

हम हैं,
विद्यालय के भूत-पूर्व तथा वर्तमान छात्र

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

भगवान श्रीरामकृष्ण

श्रीरामकृष्ण किसी देश-विदेश, जाति-विशेष, अथवा धर्म-विशेष के लिए नहीं आये थे। वे आये थे— विश्वमानवों के लिए, विश्वधर्म के लिए। "जितने मत, उतने पथ" - यही तो विश्वधर्म का नया रूप है।

सभी धर्म सत्य हैं। प्रत्येक धर्म ही जीवात्मा को अतीन्द्रिय सत्ता में पहुँचाने का एक-एक सत्पथ है। इस "जितने मत उतने पथ" रूपी धर्म की पताका के नीचे हिन्दू बौद्ध, ईसाई, मुसलमान एवं मानव-जाति और मानव-सभ्यता की प्रगति के साथ भविष्य में भी जितने धर्म पैदा होंगे— सभी धर्म-धर्मी पास-पास खड़े हो सकेंगे। एवं उनका आदर्श होगा - श्रीरामकृष्ण का जीवन।

श्रीरामकृष्णदेव का कहना था - "जो राम, जो कृष्ण, इस समय (अपनी ओर दिखाकर) इसी शरीर में आये हुए हैं।" जो शक्ति युग-युग में राम, कृष्ण आदि के रूप में आविर्भूत होती रही है वही तो अब 'रामकृष्ण' रूप में अवितीर्ण हुई है।

श्रीदुर्गासप्तशती में लिखा है कि असुर-वध की तैयारी के लिए देवताओं ने देवी को अपने-अपने आयुधों से सज्जित किया था। श्रीरामकृष्ण-अवतार में भी देखा गया कि ब्रह्मज्योति से आरम्भ करके शिव काली, राम-कृष्ण, ईसा, मुहम्मद, चैतन्य (महाप्रभु) एवं और भी कितने ही दिव्यदेहधारी उनके भीतर ज्योतिस्वरूप से लीन हो गये हैं।

सभी अवतार किसी न किसी विशेष शक्ति के आधार हैं। और सभी विभिन्न भावों के प्रतीक और सत्य के मूर्त विग्रह हैं। श्रीरामकृष्ण के भीतर सब के संगत होने का फल यह हुआ कि "श्रीरामकृष्ण" सभी भावों के मूर्तविग्रह रूप एवं आध्यात्मिक शक्तिकेन्द्र रूप में परिणत हो गये। सम्पूर्ण विश्व को एक अभिनव आध्यात्मिक आलोक से उद्भासित करने के लिए ही तो इन विभिन्न ज्योतिर्मय स्वरूपों का श्रीरामकृष्ण के भीतर सम्मिलन हुआ था। सच्चिदानन्दरूप ब्रह्म, त्यागमूर्ति शिव, अभय और वरदान रूपी काली, सत्यमूर्ति रामचन्द्र, परम कल्याणस्वरूप कृष्ण, क्षमा-धृति-विग्रह ईसा विश्वभ्रातृत्व के प्रतीक मुहम्मद एवं चण्डाल तक को प्रेम देनेवाले श्रीचैतन्य इन सभी की भावज्योति एकीभूत होकर एक महाशक्तिशाली आलोक-निकेतन-स्वरूप श्रीरामकृष्ण का विकास हुआ था। श्रीरामकृष्ण का स्वरूप महातेज-पूर्ण उस सन्धानात्मक ज्योति के समान था जहाँ से समस्त विश्व में आध्यात्मिक आलोक की किरणें फैल रही थीं। पहले होनेवाले सभी अवतारों और सिद्ध महापुरुषों की भावराशि को पुनरुद्दीपित करके नये साँचे में ढालने का प्रयोजन हुआ था। इसी कारण श्रीरामकृष्ण के जीवन की अभिनव साधना और अपूर्व सिद्धि थी। श्रीरामकृष्ण व्यक्ति-विशेष नहीं थे, बल्कि वे थे एक भावमय विग्रह।

卐
卐卐

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS



यह चित्र है विद्यालय के भूत-पूर्व शिक्षक श्री आर० एन० शर्मा का जिन्होंने सन् १९४४ से १९७६ तक बड़ी योग्यता और तन्मयता के साथ हिन्दी का अध्यापन किया। अब वह ईश्वर को प्रिय हो गये हैं ; किन्तु उनकी स्मृतियाँ अभी भी ताजी हैं। ईश्वर उनकी दिवंगत् आत्मा को शान्ति प्रदान करें, यही हम सबकी कामना है।

विद्यालय के स्वर्ण-महोत्सव को सफल बनाने में जिन व्यक्तियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया, विद्यालय परिवार उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है तथा भविष्य में भी उनके सहयोग की कामना करता है।

B. K. Srivastawa

A student of the school till 1965, Commerce Graduate Calcutta University 1968. Attached to a number of Social and Cultural Organisations. Mg. Partner of Corporated Steel Fabricator an Engineering Organisation, serving nations important Steel, Chemical, Fertiliser plants Oil refineries and Commissions.

School is proud of such students.

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

संस्थापक श्री विक्रमादित्य शर्मा : एक प्रेरक व्यक्तित्व

व्यक्ति वर्षों में नहीं, विश्व-विद्यालयीय उपाधियों, भौतिक संपदाओं और अपरिमित संसाधनों में भी नहीं सत्कर्मों में जीवित होता है। लोक-हित के प्रति समर्पण और उस समर्पण से होने वाले लोक-कल्याण के ही अनुपात में वह प्रेरक, निदेशक, सम्मान्य और श्रद्धास्पद होता है। वाल्मीकि और व्यास, अशोक और अकबर तथा मालवीय जी और रवीन्द्र नाथ आदि युग-पुरुष इस कथनके जीवन्त प्रमाण हैं। ऐसे सभी महा-पुरुष अपने लोकहितकारी कार्यों के ही कारण तन-त्याग के बाद भी प्रेरणा के अजस्र स्रोत के रूप में अमर हैं।

अपनी लघु सीमाओं और संभावनाओं के बावजूद इन्हीं महा-पुरुषों के अनुकरण पर आचरण करने वाले, 'गाजीपुर' जनपद के 'डेढ़गावाँ' ग्राम के निवासी श्री राम सूरत शर्मा के सुपुत्र श्री विक्रमादित्य शर्मा (१८९९-१९६०) ने एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण-कार्य (१९२५-१९६०) करने के क्रम में हावड़ा के निर्धन और साधन-हीन लोगों की झोपड़ियों तक में ज्ञान का आलोक प्रज्वलित करने की उद्दाम-भावना से अनुप्राणित हो उनके बच्चों की शिक्षा के निमित्त सन् १९१७ में 'श्री कृष्ण पाठशाला' की तथा १९३५ में 'विक्रम विद्यालय' की स्थापना की और अपनी उसी समर्पित भावना के सक्रिय उपयोग तथा साथियों और यहाँ के नागरिकों के सहयोग से स्थापना के बाद अति अल्प-काल में ही दोनों विद्यालयों को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। उनके द्वारा स्थापित वही विक्रम विद्यालय आज मेन, ब्राँच और बालिका विद्यालय के रूप में विकसित हो हावड़ा के इस बड़े अंचल में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने की प्रक्रिया में संलग्न है। स्वर्ण-जयन्ती के उद्घाटन समारोह के अवसर पर 'विक्रम विद्यालय परिवार' उनके प्रति अपनी अशेष श्रद्धा निवेदित करता है। ★

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विद्यालय के विकास यात्रा के प्रथम चरण में भवन निर्माण हेतु सहयोग देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के प्रति हमारा हार्दिक आभार

—सचिव

१००१-०० श्री युगल किशोर बिड़ला —जनवरी १९३८
१०१-०० " भागीरथ कानोडिया ,,
१००१-०० " बंशीधरजी जालान ,,
७१००-०० मेसर्स सूरजमल नागरमल
४५०१-०० श्री लक्ष्मी नारायण शुक्ल
३५०२-०० " रामजी अमरचन्द जी भोजनगरवाला
२५०१-०० " रतनलाल जी सुरेका
२१०० ०० " दीनदुखी लाल बाबा
११०१-०० " मिहिर चन्द धीमान
१०११-०० श्री रामदासजी पाण्डेय
१००१-०० " रामकृपाल पाण्डेय
१००१-०० " भगवानदास जायसवाल
१००१-०० " हीरालाल जायसवाल
१००१-०० " भीमसेन गुप्त
१००१-०० " ठाकुरदास सुरेका
११०१-०० " बालचन्द जी अग्रवाल
१००२-०० " रखाराम जी गम्भीर
७०१-०० " रामेश्वरलाल अग्रवाल
५०१-०० " ठग पाण्डेय
५०१-०० " जयहिन्द दाल मिल
५०१-०० " बल्लभ दासजी अग्रवाल
५०१-०० मेसर्स काशीराम बनारसी दास
५०१-०० मेसर्स राधेश्याम काटन मिल

५०१-०० ,, गणेश जूट मिल
५०१-०० श्री जगन्नाथ अग्रवाल
५०१-०० ,, सूरजमल छोटेलाल
५०१-०० ,, जोधई राम
५०१-०० ,, अमृत लाल जायसवाल
५०१-०० ,, भीखम जी
५०१-०० ,, रघुनाथ राय जी
२०१-०० ,, राधाकिसन मथुरिया
२०१-०० ,, महेन्द्र सिंह
२५१-०० ,, सुखलाल सायर
२०१ ०० मेसस ग्रेण्ड स्मिथी वर्क्स
२०१-०० श्री विश्वनाथ जी लोहिया
४५०-०० ,, शंकर लाल जी
३५०-०० ,, गयादीन जायसवाल
२०५-०० ,, गिरिजाशंकर अवस्थी
१५१-०० मेसर्स शिवपूजनराय इन्द्रासन राय
१११-०० श्री डाला पाण्डेय
१०१-०० ,, ब्रह्मदत्त जी गुप्त
१००-०० ,, रामनारायण चौधरी
१००-०० ,, बद्री नारायण राय
१००-०० ,, सान्ता सिंह
१००-०० ,, सूर्यनाथ सिंह
६१-०० ,, धनेश्वर चौधरी

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

५४-०० ,, देवीदत्त छावछरिया
५४-०० ,, गंगा रामजी
५१-०० ,, शिवगोविन्द तिवारी
५१-०० ,, नरसिंह बहादुर नमादार
५१-०० श्री गंगा प्रसादजी गुप्त
११६-०० स्टाफ बगाल जूट मिल
२५०-०० स्टाफ हनुमान जूट मिल
१०१-०० स्टाफ गोल्डेन सोप फैक्ट्री
१००-०० श्री राधाकृष्ण जी
५८८-०० एक रुपया फण्ड से
१३१-०० फुटकर चन्दा
१८१-०० स्टाफ एस० टी० ए०
५०-०० श्री ओंकार मल जी

लोहा के रूप में

४००-०० श्री मंगल साह
१५८०-०० ,, भगवान साह
१८६०-०० ,, जानकी दास

४५४८२-०० टोटल

(पैंतालिस हजार चार सौ बयासी रुपये मात्र)

सामान के रूप में

१०,००० ईंटा श्री रखारामजी गम्भीर
६,००० ईंटा एक लारी चूना श्री युधिष्ठिर अग्रवाल
हाफ टन लोहा स्टील इक्विपमेण्ट ,,
१८ दरवाजा, १० खिड़की एक लारी चूना सूरजमल नागरमल
एक आलमारी, एक घड़ी, सीमेण्ट जयहिन्द दाल मिल

विद्वानों की सम्मतियाँ

विक्रम विद्यालय में आकर यहाँ के विद्यार्थियों और अध्यापकों से मिला और अतिशय प्रसन्नता हुई। कलकत्ता में हिन्दी-भाषी विद्यार्थियों की शिक्षा की अब तक अपर्याप्त व्यवस्था रही है। इस परिस्थिति में इस शिक्षा संस्था के संचालकों ने इस स्कूल की संस्थापना द्वारा एक अतिशय उपयोगी कार्य किया है। स्कूल की व्यवस्था सुन्दर है, अध्यापकों में अच्छी लगन और तत्परता है। विद्यार्थियों में भी अनुशासन की भावना अच्छी मात्रा में दिखाई दी। मुझे इस संस्था में आकर बड़ी प्रसन्नता हुई और मैं इस विद्यालय की उन्नति की कामना करता हूँ।

—नन्द दुलारे वाजपेयी
१-१०-५३

आज विक्रम विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के उत्सुक नेत्रों में भगवान की एक ज्योति का दर्शन कर मुझे बड़ा आनन्द हुआ।

वशिष्ठ नारायण राय
कुलपति—पटना विश्वविद्यालय, पटना

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विक्रम विद्यालय : विकास-यात्रा

❋ डा० शिवमंगल राय

शिक्षा-संस्थाओं का जो स्वरूप आज दिखाई देता है, उसका सूत्रपात आधुनिक भारत में प्रथम बार सन् १८३५ में हुआ। उसी वर्ष अंग्रेजी भारत के गवर्नर-जनरल लार्ड विलियम बैंटिक ने लार्ड मैकाले की शिक्षा-योजना को स्वीकृति दी और उसकी सरकार ने प्रत्येक जनपद के मुख्य नगर में एक हाई स्कूल खोलने की योजना का क्रियान्वयन भी आरम्भ कर दिया। स्मरणीय है कि उस समय तक अपने बालकों को पढ़ाने की ओर लोगों का झुकाव नहीं था और जिन थोड़े लोगों का झुकाव था, उनके बालकों के लिए प्रत्येक जनपद में एक हाई स्कूल पर्याप्त था; किन्तु जैसे-जैसे समय व्यतीत होता गया, शिक्षा की ओर लोगों का रुझान शिथिल गति में ही सही बढ़ता गया और उसकी प्रतिक्रिया में कुछेक हाई स्कूल खुलने भी लगे; किन्तु हिन्दी-भाषियों पर उस परिवेश की प्रतिक्रिया मात्र इतनी ही हुई कि सन् १९०० तक भारत के सबसे बड़े नगर और अंग्रेजी भारत की राजधानी कलकत्ता में भी हिन्दी माध्यम का कोई हाई स्कूल नहीं खुल सका।

सन् १९०० में हिन्दी भाषियों का ध्यान प्रथम बार हाई स्कूल खोलने की ओर गया और उसकी प्रतिक्रिया में कतिपय वर्षों के अन्तराल पर हाई स्कूल खुले भी, और सन् १९३० तक उनकी संख्या कलकत्ता में चार और हावड़ा में एक, हो भी गई; किन्तु तत्कालीन बढ़ती आवश्यकता की आपूर्ति के लिए यह संख्या कम पड़ने लगी। हावड़ा का वह हाई स्कूल सभी आकांक्षियों को प्रवेश देने में असमर्थ होने लगा। इससे यहाँ के बहुत से अभिभावकों को निराश होकर अपने बच्चों की आगे की पढ़ाई से वंचित करने को विवश होना पड़ा। ऐसे अभिभावकों की मर्मान्तक पीड़ा को दूर करने का उपाय मात्र यही था कि हावड़ा में एक और हाई स्कूल खोला जाय; किन्तु तत्कालीन परिवेश में ऐसा करने का साहस करना सहज सम्भव नहीं था। इसके लिए एक ऐसे संवेदन-शील शिक्षा प्रसार के व्रती की आवश्यकता थी जो अपने दैनन्दिन के तीन-चार घण्टों की अपनी आमदनी का त्याग कर, वह समय विद्यालय की स्थापना और उसके संचालन में लगा सके। साथ ही, वह मृदु-भाषी, वाक्-पटु, व्यवहार-कुशल, ईमानदार, लगन-शील, कर्मठ और संकल्प के प्रति दृढ़ भी ऐसा हो जिससे प्रभावित होकर सर्व-साधारण भी उनका सहयोग करने लगे। इन समस्त गुणों से सम्पन्न श्री विक्रमादित्य शर्मा ने जो एक प्राथमिक विद्यालय के अति लोक-प्रिय शिक्षक थे, श्री कालिका प्रसाद शर्मा,

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

श्री चन्द्रिका प्रसाद शर्मा, श्री कामता प्रसाद शर्मा, पण्डित लक्ष्मी नारायण शुक्ल, पण्डित राम नरेश त्रिवेदी, श्री इन्द्रदेव सिंह, श्री उदयराज सिंह प्रभृति शिक्षानुरागियों के सहयोग से लार्ड मैकाले की शिक्षा-योजना के क्रियान्वयन के ठीक एक सौ वर्ष बाद ५ जनवरी १९३५ को ३७१, जी० टी० रोड, सलकिया, हावड़ा में 'विक्रम विद्यालय' की स्थापना एक जूनियर हाई स्कूल के रूप में की और श्री श्रीकांत मिश्र को प्रधानाध्यापक नियुक्त कर विद्यालय का संचालन आरम्भ कर दिया।

प्रधानाध्यापक के पद पर श्री श्रीकांत मिश्र ने लगभग साढ़े तीन वर्ष तक कार्य किया। उसके बाद श्री

स्व० पं० विक्रमादित्य शर्मा

रामदेनी राय उक्त पद पर आसीन हुए; किन्तु उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष तक ही कार्य किया। तत्पश्चात् विद्यालय को 'हाई स्कूल' में परिणत करने के उद्देश्य से डा० तिलेश्वर राय को प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्त किया गया और उन्होंने द्वितीय विश्व-युद्ध के आतंक से कलकत्ता-हावड़ा के खाली होने और शिक्षण-संस्थाओं के बन्द हो जाने के समय तक उक्त पद पर कार्य किया। उसके पश्चात् उन्होंने कलकत्ता-हावड़ा का त्याग कर दिया। स्मरणीय है कि उस समय तक विद्यालय की सम्पूर्ण व्यवस्था के दायित्व का निर्वाह संस्थापक श्री विक्रमादित्य शर्मा ही करते रहे।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

द्वितीय विश्व-युद्ध का आतंक कम होने पर कलकत्ता-हावड़ा के लोग जो युद्ध की भयंकरता के कारण नगर छोड़ कर अपने-अपने गाँव चले गये थे, वापस आने और अपने-अपने काम में व्यवस्थित होने लगे। परिवेश की अनुकूलता को देख शिक्षण-संस्थाएँ भी पुनः खुलने लगीं। 'विक्रम विद्यालय' में भी सन् १६-४३ में शिक्षण-कार्य का पुनः आरम्भ हुआ। डा० तिलेश्वर राय के वापस न आने की दशा में एक सुयोग्य प्रधानाध्यापक की आवश्यकता हुई और उस आवश्यकता की आपूर्ति के लिए श्री यमुना राय शर्मा के रूप में अतिशय सजग, सक्रिय, लगन-शील और अधिक से अधिक कर गुजरने को आतुर एक समर्पित युवक की उपलब्धि हो गई। उनके प्रधानाध्यापक बनने और अपने कार्य में सक्रिय होने से श्री विक्रमादित्य शर्मा का भार बहुत अंशों में हल्का हो गया। श्री शर्मा शिक्षण-काल के अतिरिक्त का अपना समय अभिभावकों से मिलने, छात्रों की कठिनाइयों को दूर करने में लगाने लगे। फल-स्वरूप कुछ ही काल में विद्यालय पुनः जम गया। छात्रों की संख्या बढ़ने लगी। और प्रबन्ध समिति को अधिक कमरों की व्यवस्था तथा अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की अनिवार्यता की कटु अनुभूति होने लगी। जी० टी० रोड के तत्कालीन विद्यालय भवन में अधिक कमरों की व्यवस्था सम्भव न थी और कमरों की व्यवस्था न होने की दशा में ६वीं और १०वीं कक्षाओं को खोलना-चलाना तथा अधिक शिक्षकों को नियुक्त करना लगभग असम्भव था। प्रधानाध्यापक और प्रबंधकों के सम्मुख अर्थ संकट भी था; किन्तु बावजूद इन समस्त बाधाओं के श्री विक्रमादित्य शर्मा, श्री चन्द्रिका प्रसाद शर्मा और श्री यमुना राय शर्मा ने 'विद्यालय-भवन' के लिए अलग से एक भू-खण्ड की व्यवस्था करने की दिशा में कदम उठाया और चमरिया पार्क के समीप के इस भू-खंड पर भवन-निर्माण के लिये प्रयत्न आरम्भ किया। श्री विक्रमादित्य शर्मा के नेतृत्व में चन्दा अभियान चला और सर्व-साधारण ने अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुसार काफी सहयोग दिया। पण्डित लक्ष्मी नारायण शुक्ल, श्री



(पं० लक्ष्मी नारायण शुक्ल)

रखाराम गम्भीर, श्री बाबूलाल कांजी आदि का सहयोग पर्याप्त उत्साह-वर्द्धक रहा। श्री चन्द्रिका प्रसाद शर्मा एवं श्री यमुना राय शर्मा के बार-बार आग्रह और अनुरोध पर श्री बाबूलाल जालान ने १० अगस्त १६४६ को विद्यालय-भवन का शिलान्यास किया। भवन का एक तल्ला तैयार हुआ और उसके तुरत बाद सन् १६४७ में ही शिक्षण का कार्य यहाँ आरम्भ कर दिया गया। नवीं कक्षा खुली और उसी कक्षा के छात्रों ने प्रथम बार सन् १६४६ की हाई-स्कूल की परीक्षा में सम्मिलित हो शानदार परीक्षा फल प्रस्तुत कर प्रथम बार विद्यालय को व्यापक महत्व प्रदान किया। उसके बाद तो सन्तरा गाँछी, अन्दूल रिसड़ा और बण्डिल तक के छात्र आने और विक्रम

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विद्यालय में पढ़ने लगे। और, कुछ ही काल बाद भवन का दूसरा तल्ला (Ist Floor) भी तैयार हो गया। निर्माण के इस महत्व-पूर्ण कार्य में श्री रामेश्वर लाल अग्रवाल, श्री राम नारायण भोजनगरवाला, श्री मूलचन्द्र अग्रवाल,—संचालक - संपादक दैनिक-विश्वमित्र और सर्वोपरि परम श्रद्धेय श्री लाल बाबा का प्रत्यक्ष-परोक्ष सहयोग सराहनीय रहा।

सन् १६५१ में श्री यमुनाराय शर्मा द्वारा विद्यालय त्याग के उपरांत अतिशय मिलन-सार, सहृदय, उदार, व्यवहार-पटु एवं शील-वान युवक श्री राम नारायण राय, एम० ए०; बी० टी० को प्रधानाध्यापक नियुक्त किया गया। विद्यालय विकास पथ पर अग्रसर हो गया। छात्रों की संख्या में वृद्धि के अनुपात में शिक्षकों की संख्या में भी वृद्धि होती गई। स्मरणीय है कि सन् १६४७ में भारत स्वतन्त्र हो जाने और सन् १६५० में नये संविधान के लागू हो जाने के बाद लोगों को अपने बालकों को पढ़ाने की विशेष प्रेरणा मिली। फलतः लोगों की इस आवश्यकता की आपूर्ति के लिये राष्ट्र के अन्यान्य क्षेत्रों की तरह हावड़ा में भी हाई स्कूलों के खुलने का सिलसिला आरम्भ हो गया। सन् १६६२ आते-आते हावड़ा नगर में हिन्दी-भाषी हाई-स्कूलों की संख्या ग्यारह हो गई। फिर भी विद्यालय में प्रवेशार्थी छात्रों की जनवरी में भीड़ बराबर बरकरार रही।

सन् १६६२ में प्रधानाध्यापक के पद पर अवकाश-प्राप्त सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक श्री रायहरण चक्रवर्ती, डब्ल्यू० बी० ई० एस० की, जो स्वभाव से गम्भीर, मिलन-सार, सहृदय, अध्ययन-शील, चिन्तक और श्रेष्ठ रचनाकार तथा कुशल-वक्ता थे, नियुक्ति हुई। उसी समय उप-प्रधानाध्यापक के रिक्त पद पर भी परम उत्साही, विद्यालय के स्तर को उन्नत करने के प्रबल आकांक्षी, विकास-सम्बन्धी योजनाओं के निर्माण एवं उनके त्वरित क्रियान्वयन में दक्ष तथा कम से कम समय में अधिक से अधिक विकास करने को आतुर श्री के० पी० शर्मा (केशव प्रसाद शर्मा) की नियुक्ति हुई और दोनों के आपसी सहयोग और



हीरालाल साव

उनके उद्योग से विद्यालय के विकास को व्यवस्थित द्रुतगति मिली। श्री चन्द्रिका प्रसाद शर्मा के निर्देशन में होने वाले विकास-कार्यों में विद्यालय के मंत्री क्रमशः श्री जे० एन० शर्मा और श्री गौरी शंकर अवस्थी तथा सदस्य श्री हीरालाल साव का योग-दान सराहनीय रहा। इन सबके प्रयत्नों की प्रतिक्रिया में विद्यालय के मूल-भवन के तीसरे तल्ले का निर्माण हुआ, विज्ञान की प्रयोग-शालाओं को क्रियात्मक रूप मिला और हावड़ा नगर-पालिका से उपलब्ध (मूल भवन से जुटे) भू-खण्डों पर शिलान्यास के साथ इस दूसरे भवन के निर्माण का कार्य आरम्भ हुआ। उधर छात्रों में एक-रूपता लाने तथा उन्हें अनुशासित

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

बनाने के उद्देश्य से एन० डी० एस० और एन० सी० सी० कार्य-क्रम लागू किये गये। शिक्षकों के वेतन मान में वृद्धि की गई। शिक्षण-कार्य को अतिशय प्रभावशाली बनाने पर बल दिया गया। सन् १९६४ में विद्यालय के छात्रों का प्रथम दल हायर सेकेण्ड्री (ग्यारहवीं कक्षा) की परीक्षा में सम्मिलित होकर शानदार परीक्षा-फल प्रस्तुत किया। इस प्रकार के बहु-मुखी प्रयत्नों की प्रतिक्रिया में विद्यालय अल्प-काल में ही शिक्षण, अनुशासन एवं सह-क्रिया-कलाप में श्रेष्ठ और कुशल-सम्पादन की दृष्टि से शिक्षा-विभाग में ही नहीं, सुदूर तक के लोगों में भी प्रशंस-नीय हो गया। सन् १९६७ में प्रधानाध्यापक श्री राय हरण चक्रवर्ती के अवकाश ग्रहण करने के उपरान्त श्री के० पी० शर्मा ने प्रधानाध्यापक का और श्री एस० पी० राय, एम० ए०, बी० टी० ने उप-प्रधानाध्यापक का पद-भार ग्रहण किया।

सन् १९६७ की जनवरी में प्रवेशार्थियों की भीड़ इतनी अधिक हुई कि सबको प्रवेश दे सकना सर्वथा असम्भव हो गया। प्रवेश के प्रति निराश अभिभावकों की मर्मान्तक अभिव्यक्ति-अनुरोध को विद्यालय की प्रबन्ध-समिति एवं ट्रस्ट बोर्ड के मंत्री श्री चन्द्रिका प्रसाद शर्मा ने स्वीकार कर शाखा के निमित्त विद्यालय भवन के लिए उपयुक्त स्थान की खोज का निर्देश दिया। तलाश हुई और मार्टिन ब्रीज के समीप १५, राजमोहन बोस बोस लेन, हावड़ा में क्रय करके उसे विद्यालय की आरम्भिक आवश्यकताओं की आपूर्ति के अनुरूप काम-चलाऊँ प्रारूप दिया गया सन् १९६७ के दिसम्बर तक तैयारी पूरी हो गई। फल-स्वरूप ४ जनवरी, १९६८ को दिवस-कालीन हाई स्कूल के रूप में विक्रम विद्यालय (ब्राँच) तथा प्रातः कालीन जूनियर हाई स्कूल के रूप में श्री विक्रम बालिका विद्यालय का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। दोनों इकाइयों के शिक्षण-कार्य को व्यवस्थित गति देने के उद्देश्य से 'ब्राँच' के लिए श्री शिव मंगल राय, एम० ए०, बी० टी० (कालान्तर में पी० एच० डी०) को प्रधानाध्यापक और 'बालिका विद्यालय' के लिए श्रीमती योगेश टेरी बी० ए०, बी० टी० (कालान्तर में एम० ए०, बी० टी०) को प्रधाना-ध्यापिका नियुक्त किया गया। आवश्यकता के अनु-सार दोनों इकाइयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं की भी नियुक्ति की गई। शिक्षा का कार्य व्यवस्थित रूप में गति-शील हो गया। सन् १९६९ में तीनों इकाइयों के मंत्री श्री चन्द्रिका प्रसाद शर्मा के आकस्मिक निधन से एक धक्का लगा। किन्तु 'ब्राँच' और 'बालिका विभाग' के लिए भवन-निर्माण का कार्य निरन्तर गति-शील बना रहा। मात्र दो-तीन वर्ष के भीतर इन दोनों इकाइयों में भी विद्यार्थियों की संख्या बहुत अधिक हो गई। सलकिया विक्रम विद्यालय (मेन) की तरह काल-क्रम से ये दोनों इकाइयाँ भी सरकारी सहायता-प्राप्त स्कूल के रूप में स्वीकृत हो गईं। सन् १९७६ में सलकिया विक्रम विद्यालय को हायर सेकेण्ड्री (+२) के रूप में मान्यता मिली। इसमें श्री नीबूलाल साव का सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा। इस समय 'मेन' हायर सेकेण्ड्री स्कूल के और 'ब्राँच' तथा 'बालिका विद्यालय' हाई स्कूल के रूप में अपने-अपने कार्य का सम्पादन कर रहे हैं। श्री सुभाष चन्द्र राय, एम० ए०, बी० टी० 'ब्राँच' उप-प्रधानाध्यापक तथा श्रीमती चाँदनी मुखर्जी, एम० ए०, बी० टी० 'बालिका विद्यालय' की उप-प्रधाना-ध्यापिका हैं। तीनों इकाइयों के शिक्षक-शिक्षिका

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

तथा छात्र-छात्रा की संख्या की एक झलक प्रस्तुत है—

सलकिया विक्रम विद्यालय (मेन)

शिक्षक-संख्या	अशिक्षक-कर्मचारी सं०	छात्र-संख्या
मा० वि० ३०	६	१२००
प्रा० वि० १०	१	५००
बालिका प्रातःकालीन १५	१	६००

विक्रम विद्यालय (ब्राँच)

शिक्षक-संख्या	अशिक्षक-सदस्य-संख्या	छात्र-संख्या
मा० वि० २२	५	७२५
प्रा० वि० ११ (द्वि पाली)	२	७२०

श्री विक्रम बालिका विद्यालय

शिक्षिका-शिक्षक सं०	अशिक्षक-सदस्य सं०	छात्रा सं०
मा० वि० ३०	७	१४००

प्रस्तुत संदर्भ में इस तथ्य का उल्लेख करना आवश्यक है कि श्री के० पी० वर्मा सन् १९४४ से अपने निधन सन् १९८३ तक 'मेन' के प्राथमिक विभाग के समर्पित प्रधान शिक्षक रहे और इस समय 'मेन' तथा 'ब्राँच' के उक्त विभाग के प्रधान शिक्षक हैं क्रमशः श्री के० पी० तिवारी और श्री बी० बी० राय। विद्यालय की तीनों इकाइयों के अब तक के बहु-मुखी विकास में कर्त्तव्य-बोध-सम्पन्न शिक्षकों, अनुशासित छात्र-छात्राओं, सद्-भाव-सम्पन्न अभिभावकों तथा निरंतर प्रगति के आकांक्षी प्रबंधकों का सहयोग सराहनीय रहा है। शिक्षा-विभाग के अनुकूल रुख और सद्-भाव से इनके विकास को निरंतर व्यवस्थित गति मिलती रही है। विद्यालय की तीनों इकाइयों के विकास का अनुमान मात्र इतने से भी लगाया जा सकता है कि हावड़ा नगर में केवल हिन्दी माध्यम के बाईस हाई स्कूलों और कई जुनियर हाई स्कूलों के होने के बावजूद जनवरी में प्रवेश की आकांक्षी भारी भीड़ को स्थान दे पाना प्रत्येक इकाई के लिए असम्भव हो गया है।

छात्राओं की संख्या में भारी वृद्धि और बालिकाओं के अभिभावकों की कठिनाइयों को ध्यान में रख कर श्री सुरेश पाण्डेय के कुशल मंत्रित्व-काल में 'मेन' के भवन में भी बालिकाओं के लिए आठवीं कक्षा तक के शिक्षण की व्यवस्था की गई। वह व्यवस्था डा० प्रसाद चन्द बनर्जी के मंत्रित्व-काल में आज भी गति-शील है।

इस इकाई की भी मान्यता के लिए प्रबंधक निरंतर प्रयत्न-शील हैं। उसकी एक झलक नीचे प्रस्तुत है :—

कक्षाएँ	शिक्षिका-शिक्षक संख्या	छात्रा-संख्या
१ से ८ तक	१२	६००

ट्रेनिङ्ग इन्स्टीच्यूट

पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों के हिन्दी अध्यापकों का प्रशिक्षण विद्यालय के भवन में जुलाई, १९६८ से 'गवर्न-मेण्ट स्पाँसर्ड जूनियर बेसिक टीचर्स ट्रेनिङ्ग इस्टीच्यूट' नाम से हो रहा है। श्री के० एस० गुप्त एम० ए० बेसिक ट्रेण्ड उसके प्राचार्य हैं। प्रतिवर्ष उसमें चालीस अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विद्यालय परिवार की प्रेरक उपलब्धियां

प्रत्येक सार्थक शब्द का अपना एक विशिष्ट अर्थ होता है और वह अर्थ किसी एक शब्द में नहीं, एक व्यवस्थित परिभाषा में व्यक्त होता है। परिवेश में परिवर्तन होने पर वह अर्थ बदलता भी है। फलतः पूर्व की परिभाषा भी बदल जाती है। ऐसे ही शब्दों में से एक शब्द है 'शिक्षक'। महान शिक्षा-शास्त्री रूसो के पूर्व की धारणा के अनुसार 'शिक्षक' शब्द का अर्थ था वह व्यक्ति जिस पर ही बालक की सम्पूर्ण शिक्षा केन्द्रित थी।' लोगों को विश्वास था कि शिशु का मस्तिष्क एक खाली वर्तन की तरह है। उस मस्तिष्क को सूचनाओं से भरना शिक्षक का कार्य है। शिक्षक उसे 'सद्' अथवा 'असद्' सूचनाओं से भर कर बालक को 'देव' अथवा 'दानव' वना सकता है। बालक अपने आप में कुछ नहीं है। इसी धारणा की प्रतिक्रिया में 'शिक्षक' अपने सगुण स्वरूप के कारण 'गोविन्द' से भी अधिक उपयोगी. प्रत्युत महान समझा जाता था। राजा-रंक तथा सज्जन-दुर्जन, सभी उसके आगे नत-मस्तक होते थे। रूसो के अनुसन्धानों ने लोगों की इस धारणा में क्रान्तिकारी परिवर्तन उपस्थित किया। तर्कों और प्रमाणों से युक्त उसकी घोषणाओं ने 'शिक्षक' शब्द की पूर्व की अर्थ-वत्ता' पर प्रहार किया। लोगों की तत्सम्बन्धी धारणा बदलने लगी। लोग इस कथन पर विश्वास करने लगे कि न तो बालक का मस्तिष्क खाली वर्तन की तरह है और न ही शिक्षक का कार्य उसे सूचनाओं से भरना मात्र है। बालक के जन्म के साथ ही उसके मस्तिष्क में सहज-क्रियाओं, संवेगों और प्रवृत्तियों के विकास की प्रक्रिया गति-शील हो जाती है। शिक्षक का कार्य तो बालकों के मस्तिष्क में गति-शील इनके विकास की प्रक्रियाओं को ऐसा सन्तुलित और व्यवस्थित क्रम देना है जिससे उनके व्यक्तित्व का श्रेष्ठतम और अधिकतम विकास हो सके। 'शिक्षा' शब्द का भी अर्थ 'केवल मानसिक विकास' नहीं अपितु बालक के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास' है। सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास का आशय है 'बालक का मानसिक, शारीरिक, नैतिक और आध्यात्मिक विकास। इस प्रकार 'शिक्षक' शब्द का अर्थ 'बालक को देव अथवा दानव बनाने की सम्पूर्ण क्षमता से सम्पन्न व्यक्ति' न रह कर 'बालक का मित्र, दार्शनिक और निदेशक' हो गया है। 'शिक्षक' शब्द का यह अर्थ पूर्वापेक्षा संकीर्ण होकर भी व्यापक महत्व का है। इस अर्थ को भी क्रियात्मक रूप दे कर 'शिक्षक' अपने पद की 'अर्थवत्ता' को बनाये रख सकता है। साथ ही 'राष्ट्र-निर्माता' वाली अपनी छवि को भी बरकरार रखने में समर्थ हो सकता है। शर्त यह है कि वह शिक्षक के रूप में अपने विभिन्न गुणों का सशक्त उपयोग करने के क्रम में अपने अध्ययन, चिन्तन और लेखन की निरन्तरता को गतिशीत बनाए रखे। ऐसा कर

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सकना सहज सम्भव नहीं क्योंकि इसके लिये सतत सजग, सुविवेक - सम्पन्न और निष्पक्ष बने रहने के साथ-साथ व्यक्तिगत् सुख, आराम, और अर्थ के त्याग तथा इनके कारण उत्पन्न झंझटों को भी झेलने के लिए सदा प्रस्तुत रहना पड़ता है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिलान्तगत् सलकिया के अंचल में सन् १६३५ में स्थापित 'विक्रम विद्यालय' को ऐसे शिक्षकों को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करते रहने का सुयोग मिलता रहा है।

प्रथम विश्व-युद्ध के आरम्भिक चरण में विद्यालय को श्री तिलेश्वर राय के रूप में एक तरुण शिक्षक



डा० तिलेश्वर राय

विद्यालय के तत्कालीन शिक्षक श्री ब्रज बिहारी राय ने 'वीरकाव्य परम्परा और भूषण' विषय पर डा० सत्येन्द्र के निदेशन में शोध-कार्य आरम्भ किया किन्तु किन्हीं व्यवधानों के चलते वह उसे पूर्ण नहीं कर पाये। फिर भी उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के मन में शोध-कार्य करने की उत्सुकता उत्पन्न कर दी। →

की उपलब्धि हुई जिनकी अध्ययन - प्रियता ने सबको प्रभावित किया और सबने ही उन्हें और भी अधिक अध्ययन के लिए प्रेरित-प्रोत्साहित किया। सन् १६४२ में हावड़ा-कलकत्ता छोड़ने के बाद वह वापस नहीं आये, किन्तु अपनी अध्ययन प्रियता की प्रतिक्रिया में उन्होंने गणित में पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की और विभिन्न कक्षाओं के लिए कई पाठ्य-पुस्तकों की रचना भी की। विद्यालय ने श्री ब्रज बिहारी राय को शोध-कार्य के लिए लगभग एक वर्ष का अवकाश प्रदान किया और उन्होंने उस अवधि में

← द्वितीय विश्व-युद्ध काल में कलकत्ता-हावड़ा खाली होने के समय तक विद्यालय में कार्य-रत श्री तिलेश्वर राय जिन्होंने कालान्तर में गणित में पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त कर विद्यालय के शिक्षकों को अध्ययनशील होने की प्रेरणा दी।

अपने निदेशक डा० सत्येन्द्र के यहाँ आगरा भी जाकर शोध-कार्य किया। किन्हीं व्यवधानों के चलते वह अपना कार्य पूर्ण नहीं कर पाये। फिर भी,



श्री ब्रज बिहारी राय

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अस्पष्ट रूप में ही सही, विद्यालय के शिक्षकों के मन में उन्होंने शोध-कार्य के प्रति उत्सुकता अवश्य उत्पन्न कर दी।

सन् १९६३-६४ का वर्ष विद्यालय की बहु-मुखी द्रुत प्रगति का ऐतिहासिक वर्ष था। प्रधानाध्यापक श्री राय हरण चक्रवर्ती तथा उप-प्रधानाध्यापक श्री के०पी० शर्मा के प्रयत्नों से उसी वर्ष प्रथम बार विद्यालय को सरकारी अनुदान तथा शिक्षकों को संशोधित वेतन मिला। हायर सेकेण्ड्री ११ वीं कक्षा) के प्रथम बैच का परीक्षा-फल ६८.५ प्रतिशत् हुआ। संलग्न भवन का शिलान्यास हुआ और, उस अवसर पर आयोजित समारोह में छात्रों ने एन० डी० एस० योजना के अन्तर्गत् इन्द्र-धनुषी कार्य-क्रम के माध्यम से प्रथम वार अपनी अभिनव क्षमता, दक्षता और अनुशासन-प्रियता का अनूठा उदाहरण उपस्थित किया। पुस्तकालय-वाचनालय की सुनियोजित व्यवस्था हुई और उस व्यवस्था को प्रभावशाली ढंग से क्रियात्मक रूप देने के लिए श्री वीरेश्वर चक्रवर्ती, बी० ए०; लिव-ट्रेण्ड की नियुक्ति हुई। उन्होंने अपने कार्य-व्यवहार से सबको प्रभावित रखते हुए अपने अध्ययन का क्रम बनाये रखा। उस प्रयास में उन्हें जब भी कोई आवश्कयता हुई, विद्यालय ने सहयोग किया। अध्ययन के प्रति अपनी निष्ठा और लगन तथा विद्यालय के सहयोग की प्रतिक्रिया में उन्होंने सम्बद्ध विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने विकास के अगले सोपान पर चरण रख दिया।

विद्यालय के हाई स्कूल के प्रथम बैच के छात्र श्री बलराम प्रसाद चौहान ने आई० ए०; साहित्य-रत्न होने के उपरान्त विद्यालय में अध्यापन-कार्य आरम्भ किया। स्वभाव से ही अध्ययन-शील श्री चौहान नेअपने अध्यापन-कार्य के अनन्तर बी० ए०; एम० ए० (हिन्दी) और बी० टी० की परीक्षाएँ उत्तीर्ण की। उक्तअवधि में उन्होंने 'पनाह' नामक एक ऐतिहासिक नाटक की भी रचना की। आगरा जाकर एम० एड० करने की उनकी आकांक्षा की आपूर्ति के लिए विद्यालय ने प्रसन्नता-पूर्वक उन्हें वांछित अवकाश प्रदान किया और उन्होंने भी एम० एड० की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने कार्य को पूर्णता प्रदान कर दी। प्रस्तुत सन्दर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि विद्यालय की ओर से शिक्षकों को उन समस्त पुस्तकों को पुस्तकालय के माध्यम से उपलब्ध कराने की अचूक व्यवस्था की गई जो उनकी वांछित परीक्षाओं के पाठ्य-क्रम में सम्मिलित हों। उक्त व्यवस्था का सदुपयोग कर वहुत से शिक्षकों ने अपनी योग्यता में संवर्द्धन किया है।

वेतन-मान की उपलब्धि तथा वेतन-वृद्धि के लिए अपेक्षित ज्ञानार्जन की परिधि को भेद कर विशिष्ठ ज्ञान की निरन्तर प्राप्ति की प्रक्रिया में संलग्न ऐसे शिक्षकों की परम्परा को आगे बढ़ाने वाले व्यक्ति हैं डा० शिव मंगल राय। उन्होंने जनवरी, १९५७ से दिसम्बर १९६७ तक 'मेन' में शिक्षक के रूप में कार्य किया। जनवरी, १९६८ से वे ब्राँच' के प्रधानाध्यापक हैं। विद्यालय परिवार की अतिरिक्त सेवा के भी लिए सदा प्रस्तुत डा० राय ने प्रबन्धकों की लाचारी तथा ज्ञानार्थियों की कठिनाइयों को अनुभूत कर अवैतनिक रूप में एक वर्ष तक मेन के भवन में संचालित 'ट्रेनिङ्ग इंस्टीच्यूट में जे० बी० टी० सी० के प्रशिक्षणार्थियों को तथा लगभग तीन मास तक बारहवीं कक्षा की छात्राओं को एजुकेशन पढ़ाया।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विद्यालय परिवार में अपने कार्य-काल की लगभग उन्तीस वर्ष की अवधि में डा० शिव मंगल राय ने एम० ए० (हिन्दी) और बी० टी० की परीक्षाएँ उत्तीर्ण कीं। तत्पश्चात् उन्होंने अध्ययन के प्रति अपने अनुराग तथा प्रबन्धकों, मुख्यतः श्री केशव प्रसाद शर्मा के प्रोत्साहन-सहयोग तथा विद्यालय परिवार के साथी अध्यापकों के सद्-भाव का सम्बल ले डा० दयानन्द श्रीवास्तव के कुशल-प्रेरक निर्देशन में 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी की हिन्दी नीति' पर सन् १९७४ में कलकत्ता विश्व-विद्यालय से पी-एच० डी० की उपाधि प्राप्त की। उनकी इस सफलता के उपलक्ष में विद्यालय परिवार ने उनका शानदार सार्वजनिक अभिनन्दन किया।

स्वर्ण-जयन्ती वर्ष महोत्सव के द्वितीय चरण के तृतीय दिन (३ मार्च, १९८५ प्रातः ९ बजे) भारतीय भाषाओं के ज्ञाता विशिष्ट साहित्यकार तथा भारतीय भाषा परिषद के निदेशक डा० प्रभाकर माचवे ने डा० शिवमंगल→ राय के शोध प्रबन्ध 'ईस्ट-इण्डिया कम्पनी की हिन्दी नीति' का विमोचन किया। डा० राय को पुस्तक की प्रति भेंट करते हुए डा० माचवे।

डा० राय के सामाजिक, राजनीतिक धार्मिक, शैक्षिक व्यक्ति-परक समीक्षात्मक एवं शोध-परक निबन्ध जिन विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित और सम्पादित ग्रन्थों में संग्रहीत हैं, उनमें प्रकाश, मणिमय, विश्व भारती पत्रिका, चतुर्मुख, कादम्बिनी अभिव्यंजना, सूत्रकार रश्मि-धर्म नागरी प्रचारिणी पत्रिका, देश और समाज, विश्व-मित्र, सन्मार्ग (सभी पत्रिका-पत्र) तथा निराला प्रदक्षिणा, हिन्दी-पत्रकारिता, यशपाल : व्यक्तित्व और कृतित्व, तुलसी प्रदक्षिणा, हिमालय दर्शन, सूरदास एक सान्दर्भिक पुनर्मूल्यांकन और हिन्दी साहित्य : बंगीय भूमिका (सभी सम्पादित ग्रन्थ) आदि प्रमुख हैं। उनके एकांकी नाटकों के दो संग्रह—'आलोक-स्तम्भ' और 'कथा-सप्तपर्णी' प्रकाशित हो चुके हैं। 'हिन्दी के विकास में कलकत्ता का योग-दान' नाम से उनके शोध-निबन्धों का एक संग्रह प्रकाशनाधीन है। उनकी वार्ताओं और परिचर्चाओं का प्रसारण कलकत्ता रेडियो स्टेशन से समय-समय पर होता रहता है।

विमोचन समारोह

आदरणीय श्री केशव प्रसाद शर्मा के प्रयत्न एवं सद्-साहित्य के प्रसार-प्रचार के व्रती तथा हिन्दी प्रचारक संस्थान, वाराणसी के स्वामी श्री कृष्णचन्द्र



बेरी की कृपा के संयोग से प्रकाशित 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी की हिन्दी नीति' का विमोचन विद्यालय के 'स्वर्ण जयन्ती वर्ष' के आयोजन के द्वितीय चरण के तृतीय दिन (३ मार्च, १९८५) प्रातः ९ बजे 'भारतीय भाषा परिषद्' के निदेशक और हिन्दी जगत के प्रतिष्ठित विद्वान डा० प्रभाकर माचवे ने किया। उक्त अवसर पर कलकत्ता विश्व-विद्यालय के हिन्दी विभाग के 'रीडर' अब विभागाध्यक्ष भी तथा डा० राय के विद्वान शोध-निदेशक

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

डा० दयानन्द श्रीवास्तव ने प्रधान अतिथि का एवं बंगवासी कालेज के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष तथा सुपरिचित साहित्यकार डा० कृष्ण विहारी मिश्र ने एवं शिक्षा प्रचार-प्रसार के प्रति समर्पित श्री केशव प्रसाद शर्मा भी मंचस्थ थे। सबने ही शोध-ग्रन्थ की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए डा० शिव मंगल



ग्रंथ-विमोचन के अवसर पर मंचस्थ हैं (बायें से) विशिष्ट अतिथि डा० राय के शोध-निदेशक डा० दयानन्द श्रीवास्तव तथा अध्यक्ष और विमोचन कर्त्ता डा० प्रभाकर ←माचवे। डा० शिव मंगल राय के प्रति अपना सद्भाव व्यक्त कर रहे हैं विद्यालय के भूतपूर्व शिक्षक श्री बलराम प्रसाद चौहान।

ग्रन्थ विमोचन समारोह के अवसर पर मंचस्थ हैं (बायें से) डा० प्रभाकर माचवे, डा० शिवमंगल राय→ और समारोह के आयोजक तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री केशव प्रसाद शर्मा।

विशिष्ट अतिथि का आसन अलंकृत किया। विद्यालय के भूत-पूर्व शिक्षक एवं साहित्यानुरागी श्री बलराम प्रसाद चौहान तथा स्वामी सहजानन्द सरस्वती विद्यापीठ (डिग्री कालेज), गाजीपुर के संचालक-मंत्री राय के प्रयास की सराहना की। और, डा० राय ने अपने भाषण में सबके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

—सम्पादक

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विद्यालय : तब और अब

दिनांक २३-६-१६५३ को विक्रम विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने छायावाद, रहस्यवाद और प्रगतिवाद के समर्थतम कवियों में अपने ढंग के अन्यतम तथा गद्य की भी विभिन्न विधाओं में की गई अपनी सशक्त रचनाओं से हिन्दी साहित्य को बहु-विधि समृद्ध करने वाले बहुमुखी अलौकिक प्रतिभा से सम्पन्न महान रचनाकार महाप्राण निराला का अभिनन्दन किया था। उस समय विद्यालय का 'दायरा' छोटा था और छात्रों को उपलब्ध 'सुविधाएँ' भी कम थीं। मूल भवन में भी केवल दो ही तल्ले निर्मित हुए थे और छात्रों की संख्या भी लगभग साढ़े पाँच सौ ही थी। किन्तु छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्य-क्रम और उनकी अनुशासन प्रियता से प्रभावित होकर उन्होंने अपने भाषण के उपरान्त अतिथि-सम्मति-पुस्तिका में अपना यह उद्गार व्यक्त किया था —

"मुझको विक्रम विद्यालय आकर लड़कों में कुछ बोल कर बड़ी खुशी हुई। विद्यालय का दायरा बढ़ना चाहिए जिससे लड़कों को उचित सुविधाएं मिल सकें। मैं इसको और बड़े रूप में देखने का इच्छुक हूँ।'

— निराला

'स्वर्ण-जयन्ती-वर्ष' के अवसर पर यह जानकर किसी भी शिक्षानुरागी को प्रसन्नता हो सकती है कि महाप्राण निराला को 'विद्यालय का दायरा बढ़ने' तथा 'लड़कों को उचित सुविधाओं' के मिलने की आकांक्षा ही पूर्ण नहीं हुई है; प्रत्युत लगभग गत् ३० वर्षों में विद्यालय के दायरे और छात्रों की उपलब्ध सुविधाओं में उनकी आकांक्षा से भी अधिक, बहुत अधिक वृद्धि हुई है। विद्यालय के मूल और उससे संलग्न, दोनों भवन चौ-मंजिला हो चुके हैं। विद्यालय भी जो अब विक्रम विद्यालय (मेन) के नाम से अभिहित है, हाई स्कूल की जगह हायर सेकेण्ड्री स्कूल हो गया है। उसी भवन में प्रातःकाल बालिकाओं की पढ़ाई होती है और ऊपर के तल्ले पर 'गवर्नमेण्ट स्पाँसर्ड जूनियर बेसिक टीचर्स ट्रेनिङ्ग इन्स्टीच्यूट' में ४० अध्यापक प्रति वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। 'मेन' से कुछ ही दूरी पर हावड़ा मैदान के निकट १५, राजमोहन बोस लेन के निजी भवन में दो हाई स्कूल प्रातः काल सलकिया श्री विक्रम बालिका विद्यालय और दिन में विक्रम विद्यालय (ब्राँच)—और चलते हैं। इस प्रकार इस समय विक्रम विद्यालय परिवार में १५० अध्यापक-अध्यापिका और ५१४५ छात्र-छात्रा अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया में संलग्न हैं। विद्यालय परिवार के सहयोग और प्रयत्न से गाजीपुर में स्वामी सहजानन्द सरस्वती विद्या-पीठ (डिग्री कालेज) भी संस्थापित-संचालित है। काश, निराला जी विद्यालय परिवार के वर्तमान स्वरूप को देख पाते !

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

डा० दयानन्द श्रीवास्तव ने प्रधान अतिथि का एवं बंगवासी कालेज के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष तथा सुपरिचित साहित्यकार डा० कृष्ण विहारी मिश्र ने एवं शिक्षा प्रचार-प्रसार के प्रति समर्पित श्री केशव प्रसाद शर्मा भी मंचस्थ थे। सबने ही शोध-ग्रन्थ की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए डा० शिव मंगल



ग्रंथ-विमोचन के अवसर पर मंचस्थ हैं (बायें से) विशिष्ट अतिथि डा० राय के शोध-निदेशक डा० दयानन्द श्रीवास्तव तथा अध्यक्ष और विमोचन कर्त्ता डा० प्रभाकर ←माचवे। डा० शिव मंगल राय के प्रति अपना सद्भाव व्यक्त कर रहे हैं विद्यालय के भूतपूर्व शिक्षक श्री बलराम प्रसाद चौहान।

ग्रन्थ विमोचन समारोह के अवसर पर मंचस्थ हैं (बायें से) डा० प्रभाकर माचवे, डा० शिवमंगल राय→ और समारोह के आयोजक तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री केशव प्रसाद शर्मा।

विशिष्ट अतिथि का आसन अलंकृत किया। विद्यालय के भूत-पूर्व शिक्षक एवं साहित्यानुरागी श्री बलराम प्रसाद चौहान तथा स्वामी सहजानन्द सरस्वती विद्यापीठ (डिग्री कालेज), गाज़ीपुर के संचालक-मंत्री राय के प्रयास की सराहना की। और, डा० राय ने अपने भाषण में सबके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

—सम्पादक

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विद्यालय : तब और अब

दिनांक २३-६-१९५३ को विक्रम विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने छायावाद, रहस्यवाद और प्रगतिवाद के समर्थतम कवियों में अपने ढंग के अन्यतम तथा गद्य की भी विभिन्न विधाओं में की गई अपनी सशक्त रचनाओं से हिन्दी साहित्य को बहु-विधि समृद्ध करने वाले बहुमुखी अलौकिक प्रतिभा से सम्पन्न महान रचनाकार महाप्राण निराला का अभिनन्दन किया था। उस समय विद्यालय का 'दायरा' छोटा था और छात्रों को उपलब्ध 'सुविधाएँ' भी कम थीं। मूल भवन में भी केवल दो ही तल्ले निर्मित हुए थे और छात्रों की संख्या भी लगभग साढ़े पाँच सौ ही थी। किन्तु छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्य-क्रम और उनकी अनुशासन प्रियता से प्रभावित होकर उन्होंने अपने भाषण के उपरान्त अतिथि-सम्मति-पुस्तिका में अपना यह उद्गार व्यक्त किया था —

"मुझको विक्रम विद्यालय आकर लड़कों में कुछ बोल कर बड़ी खुशी हुई। विद्यालय का दायरा बढ़ना चाहिए जिससे लड़कों को उचित सुविधाएं मिल सकें। मैं इसको और बड़े रूप में देखने का इच्छुक हूँ।"

— निराला

'स्वर्ण-जयन्ती-वर्ष' के अवसर पर यह जानकर किसी भी शिक्षानुरागी को प्रसन्नता हो सकती है कि महाप्राण निराला को 'विद्यालय का दायरा बढ़ने' तथा 'लड़कों को उचित सुविधाओं' के मिलने की आकांक्षा ही पूर्ण नहीं हुई है; प्रत्युत लगभग गत् ३० वर्षों में विद्यालय के दायरे और छात्रों की उपलब्ध सुविधाओं में उनकी आकांक्षा से भी अधिक, बहुत अधिक वृद्धि हुई है। विद्यालय के मूल और उससे संलग्न, दोनों भवन चौ-मंजिला हो चुके हैं। विद्यालय भी जो अब विक्रम विद्यालय (मेन) के नाम से अभिहित है, हाई स्कूल की जगह हायर सेकेण्ड्री स्कूल हो गया है। उसी भवन में प्रातःकाल बालिकाओं की पढ़ाई होती है और ऊपर के तल्ले पर 'गवर्नमेण्ट स्पाँसर्ड जूनियर बेसिक टीचर्स ट्रेनिङ्ग इन्स्टीच्यूट' में ४० अध्यापक प्रति वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। 'मेन' से कुछ ही दूरी पर हावड़ा मैदान के निकट १५, राजमोहन बोस लेन के निजी भवन में दो हाई स्कूल प्रातः काल सलकिया श्री विक्रम बालिका विद्यालय और दिन में विक्रम विद्यालय (ब्रांच)—और चलते हैं। इस प्रकार इस समय विक्रम विद्यालय परिवार में १५० अध्यापक-अध्यापिका और ५१४५ छात्र-छात्रा अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया में संलग्न हैं। विद्यालय परिवार के सहयोग और प्रयत्न से गाजीपुर में स्वामी सहजानन्द सरस्वती विद्या-पीठ (डिग्री कालेज) भी संस्थापित-संचालित है। काश, निराला जी विद्यालय परिवार के वर्तमान स्वरूप को देख पाते!

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

बाबा नागार्जुन



स्वर्ण महोत्सव के अवसर पर विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए जनकवि बाबा नागार्जुन

"नागार्जुन" छद्मनाम है और दो एक छद्मनाम है। जन्म सन् १६११ में विहार के दरभंगा जिला के परम्परागत ब्राह्मण परिवार में। घर का नाम वैद्यनाथ मिश्र "यात्री" सम्प्रति सारा भारतवर्ष बाबा नाम से परिचित है। हिन्दी साहित्य में ऐसा वितर्कित और दुःसाहसी कवि नहीं है पोपहीन चरित्र, सम्मान एवं पुरस्कार का कोई मोह नहीं, विश्वविख्यात विद्वान राहुल सांस्कृत्यायन के घनिष्ट मित्र। तिब्बत जाकर तिब्बती भाषा का अध्ययन और हिन्दी के साथ ही अर्द्ध मागधि, अप्रभंश, सिंहली, माराठी, गुजराती, बंगला, पंजाबी, सिन्धी विभिन्न भाषाओं के प्रति सहजाता भावाकर्पण एवं युग के यथार्थ चित्रण ही नागार्जुन की विशेपता है।

नागार्जुन दूसरे कबीर, आधुनिक प्रेमचन्द, वाल्टह्वीटमेन हैं, स्वाधीनोत्तर हिन्दी साहित्य के श्रेष्ठ उपन्यासकार ही नहीं और किन-किन विशेपताओं से समृद्ध होंगे, यह भविष्य ही उल्लेखित करेगा।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS



स्वर्ण-जयन्ती के उद्घाटन समारोह के अवसर पर सरस्वती-पूजन का एक दृश्य। मंचस्थ हैं (बायें से) आचार्य त्रिपाठी, रामाशीष राय और अध्यापक श्री परमानन्द पाठक।

सरस्वती-पूजन एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय के स्वर्ण-महोत्सव के उपलक्ष में कलकत्ता विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष, विद्वत प्रवर, ऋषिकुलोत्पन्न पं० विष्णुकान्त शास्त्री बच्चों को सम्बोधित करते हुए।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विक्रम विद्यालय, सलकिया, हवड़ा

स्वर्ण महोत्सव वर्ष

—बलराम चौहान
अध्यक्ष, प्राक्तन छात्र संघ
विक्रम विद्यालय. सलकिया. हवड़ा।

सन् १९३५ का साल।

एक शिक्षा-व्रती ने कलकत्ता के इस पिछड़े हुए उपनगर हवड़ा में हिन्दी भाषियों के बीच व्याप्त अशिक्षा के भीषण अन्धकार को दीर्ण कर शिक्षा का आलोक फैलाने का सत् संकल्प कर लिया। वह शिक्षा-व्रती और कोई नहीं परम श्रद्धेय ऋषि कल्प पं० विक्रमादित्य शर्मा थे। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा का प्रचार और प्रसार भारत ऐसे परतंत्रता के बोझ से आक्रान्त एवं अशिक्षा के अंधकार के कारण दिग्भ्रांत देश को युगबोध में जाग्रत करने एवं इच्छित दिशा-दान का एक मात्र साधन है। उन्होंने अपने संकल्प और विश्वास को रूपायित किया। सलकिया में विक्रम विद्यालय नामक शिक्षण संस्था की स्थापना हुई।

सन् १९८५ का साल।

विक्रम विद्यालय ने अपनी आयु के पचास वर्ष पूरे कर लिए। इस दौरान वह मंजिल दर मंजिल आशातीत विकास करता रहा। इसने अपने असंख्य छात्रों को जीने का ढंग सिखाया है। स्वर्गीय पं० विक्रमादित्य शर्मा के सुयोग्य, कर्मठ, विद्वान एवं लगनशील पुत्र पं० केशव प्रसाद जी शर्मा के तत्वा-धान में इसके विकास क्रम में और तेजी आई। इसकी शाखाएँ-प्रशाखाएँ फैलीं और पोषित होकर पुष्ट हुईं। आज यह विद्यालय स्वयं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के रूप में प्रतिष्ठित है। विक्रम विद्यालय (ब्रांच हवड़ा.' 'श्री विक्रम बालिका विद्यालय, हवड़ा' 'राज्य सचालित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, सलकिया, हवड़ा' एवं 'स्वामी सहजानन्द सरस्वती महाविद्यालय, गाजीपुर' इसी के वर्द्धित अंग हैं। इस वर्ष यह अपना स्वर्ण महोत्सव बड़ी शान के साथ मना रहा है।

स्वर्ण महोत्सव प्रथम चरण

गत जनवरी २६ को भारतीय गणतंत्र दिवस के पुण्य अवसर पर विद्यालय के स्वर्ण महोत्सव के प्रथम चरण समारोह का उद्घाटन कलकत्ता विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक श्री विष्णुकान्त शास्त्री ने किया। समारोह की अध्यक्षता जनकवि बाबा नागार्जुन ने की।

स्वर्ण महोत्सव द्वितीय चरण

स्वर्ण महोत्सव के द्वितीय चरण का शुभारम्भ फरवरी २८ को वैदिक ब्राह्मणों द्वारा सम्पन्न हवनात्मक यज्ञ से हुआ।

मार्च १ को क्रीड़ोत्सव का आयोजन लोक-सभा सदस्य श्री प्रियरंजन दास मुंशी की अध्यक्षता में हुआ। उक्त अवसर पर स्थानीय विधनसभा-सदस्य श्री अशोक घोष ने प्रधान अतिथि का आसन सुशो-भित किया।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मार्च २ को विक्रम बालिका विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्य-क्रम दो पालियों में बड़ी सुन्दरता से प्रस्तुत किए गए। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की अध्यापिकाओं ने अथक परिश्रम किया। प्रस्तुत कार्य-क्रम दर्शकों द्वारा अत्यधिक सराहे गए।

मार्च ३ को विद्यालय के प्राक्तन छात्रों ने अपने कार्यक्रमों का आयोजन किया। किन्तु उनके आयोजित होने के पहले प्रात ६ बजे उसी समारोह मंच पर विद्यालय के एक भूतपूर्व वरिष्ठ अध्यापक एवं सम्प्रति विक्रम विद्यालय (ब्रांच), हवड़ा के प्रधानाध्यापक डा० शिवमंगल राय एम० ए०, बी० टी०, पी० एच० डी० के शोधग्रंथ 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी की हिन्दी नीति' का डा० प्रभाकर माचवे द्वारा विमोचन हुआ। स्वर्ण महोत्सव समिति के अनुरोध पर हिन्दी प्रचारक संस्थान के संचालक श्री कृष्ण चन्द्र बेरी ने उपादेय इस शोध ग्रंथ को प्रकाशित करने का अनुग्रह किया था। विमोचन के शुभावसर पर डा० दयानन्द श्रीवास्तव (कलकत्ता विश्वविद्यालय) एवं डा० कृष्ण बिहारी मिश्र बंगवासी कालेज क्रमशः प्रधान अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कृपाकर पधारे थे।

पूर्वान्ह ११ बजे प्राक्तन छात्र संघ द्वारा आयोजित भूतपूर्व छात्रों की प्रीति-सम्मिलनी हुई। इसमें विद्यालय के असंख्य भूतपूर्व छात्रों ने भाग लिया। यह सम्मिलन जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोगों का अभूतपूर्व सम्मिलन था। इनमें इंजिनीयर डाक्टर, एडवोकेट, पत्रकार, व्यवसायी, अध्यापक, उच्चपदस्थ राजकीय कर्मचारी, राजनीतिज्ञ, श्रमिक आदि सभी प्रकार के लोग थे।

सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष ने प्राक्तन छात्र संघ के गठन की उपयोगिता और प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। इसके बाद कुछ भूतपूर्व छात्रों ने विद्यालय के साथ जुड़ी अपनी स्मृतियों का उद्घाटन किया, अपने संस्मरण सुनाए तथा विद्यालय और अपने गुरुजनों के प्रति आभार प्रकट किया। इनमें सर्व श्री हीरालाल साव, मोतीलाल साव (एडवोकेट), अजय कुमार शुक्ला, राजकिशोर, उप-प्रधान सम्पादक, साप्ताहिक रविवार, आदि प्रमुख थे। विद्यालय के दो वर्त्तमान वरिष्ठ अध्यापक श्री परमानन्द पाठक एवं श्री एस० कुमार ने भूतपूर्व छात्रों पर अपने स्नेह और आशीर्वाद की वर्षा की। समारोह के अन्त में उपाहार की समुचित व्यवस्था थी।

अपराह्न २ बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन था। कवि सम्मेलन के संयोजन का भार प्राक्तन छात्र संघ के कर्म-कुशल सदस्य श्री आनन्द पांडेय के ऊपर था। कवि सम्मेलन का संचालन नवयुवक कवि कुमार विजयेन्द्र ने किया। कवियों ने अपनी सरस एवं समयोचित कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कवि सम्मेलन के अन्त में आमंत्रित कवियों को प्राक्तन छात्र संघ की ओर से अध्यक्ष द्वारा विद्यालय के स्वर्ण महोत्सव के द्वितीय पर्व के शुभावसर पर कविता पाठ के लिए पदक प्रदान किए गए।

संध्या ६ बजे सुश्री मन्नू भंडारी के लेखन पर आधारित सुश्री उषा गांगुली द्वारा निर्देशित एवं रंगकर्मी, कलकत्ता द्वारा अभिनीत बहुचर्चित नाटक 'महाभोज' का मंचन हुआ। नाटक प्रस्तुतीकरण, अभिनय, भाव, भाषा, विषय आदि सभी दृष्टियों से प्रभावशाली रहा। दर्शकों ने इतने सुन्दर नाटक के मंचन की व्यवस्था करने के लिए प्राक्तन छात्र संघ की भूरि-भूरि प्रशंसा की। संघ के मन्त्री श्री महेश प्रसाद जायसवाल इस आयोजन के लिए विशेष बधाई के पात्र हैं।

प्राक्तन छात्र संघ के सभी सदस्यों ने मार्च ३ के आयोजनों को सफल बनाने का अथक प्रयास किया। संघ के कोषाध्यक्ष श्री देवडा एवं सदस्य श्री शिवशंकर साव के प्रयत्न भुलाए नहीं जा सकेंगे। 卐

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS



Front of School Building



Frontal view (part) of old School Building

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

२६ जनवरी, १६८५ को विद्यालय के स्वर्ण-जयंती वर्ष महोत्सव का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। प्रस्तुत चित्र में परिलक्षित हैं कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं समारोह के उद्घाटनकर्त्ता श्री विष्णुकान्त शास्त्री।





'स्वर्ण-जयंती-वर्ष' के उद्घाटन समारोह के अवसर पर अतिथियों के सम्मान में गीत प्रस्तुत कर रहे हैं विद्यालय के प्राक्तन छात्र श्री प्रशान्त कुमार आचार्य और तबले पर संगति कर रहे हैं उन्हीं के अनुज तथा विद्यालय के भूत-पूर्व छात्र श्री अजय कुमार आचार्य।

स्वर्ण महोत्सव के 'उद्घाटन समारोह' (२६ जनवरी, १६८५) के अवसर पर विद्यालय के छात्र 'ध्वज-गान' करते हुए। उनके निदेशक-प्रशिक्षक श्री रमाकान्त चतुर्वेदी तबला पर संगति करते हुए दृष्टि-गोचर हैं।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS



स्वर्ण-जयंती-वर्ष के उद्घाटन समारोह के समापन के समय वाद्य-यंत्रों पर राष्ट्रीय धुन में 'जन-गण-मन' प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के छात्र। पीछे दृष्टिगोचर हैं उनके निदेशक-प्रशिक्षक मुहम्मद खलील।



'गण-तन्त्र दिवस' एवं स्वर्ण-जयंती-वर्ष-महोत्सव के 'उद्घाटन-समारोह' के अवसर पर सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन की प्रक्रिया में संलग्न विद्यालय के छात्र।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

स्वर्ण जयंती-वर्ष-महोत्सव के उद्घाटन समारोह के अवसर पर अध्यक्षीय भाषण दे रहे हैं महान जनवादी रचनाकार बाबा नागार्जुन ।

स्वर्ण-जयंती-वर्ष महोत्सव के उद्घाटन समारोह में विक्रम बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत एक आकर्षक कार्यक्रम ।

स्वर्ण जयंती-वर्ष के उद्घाटन समारोह के अवसर पर श्री विक्रम बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत 'सरस्वती वन्दना' का दृश्य ।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS



पेशे से व्यवसायी तथा धर्म और शिक्षा के उत्कर्ष में अनुरक्त श्री दलश्रृङ्गार साव ने संगमर्मर-निर्मित सरस्वती की एक दिव्य मूर्ति विद्यालय को प्रदान की। प्रस्तुत चित्र में श्री साव विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री केशव प्रसाद शर्मा को मूर्ति समर्पित करते हुए दृष्टि-गोचर हैं।

गण-तंत्र-दिवस, सरस्वती-पूजा और विद्यालय के स्वर्ण-जयन्ती वर्ष के उद्‌घाटन समारोह का आयोजन २६ जनवरी १६८५ को हुआ। उस अवसर पर श्री विक्रम बालिका विद्यालय की छात्राओं ने अपना इन्द्र-धनुषी कार्य-क्रम प्रस्तुत किया। एक कार्य-क्रम प्रस्तुत करती हुई बालिकाओं की बगल में अध्यापक-छात्र दर्शकों की भीड़ का एक अंश भी दृष्टि-गोचर है।



CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS



विद्यालय के स्वर्ण-महोत्सव के 'उद्घाटन समारोह' (२६ जनवरी, १९८५) के अवसर पर मंचस्थ हैं (बायें से) डा० द्विजेन्द्र लाल घोष, उद्घाटनकर्त्ता प्रो० विष्णुकान्त शास्त्री, समारोह के अध्यक्ष बाबा नागार्जुन, विद्यालय के मन्त्री डा० प्रसाद चन्द्र बनर्जी और विद्यालय के भूत-पूर्व छात्र एवं कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा० शंभुनाथ। खड़े हैं (बायें से) विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री परमानन्द पाठक तथा प्रधानाध्यापक श्री केशव प्रसाद शर्मा।

डा० शिवमंगल राय की कृति 'ईस्ट इण्डिया कम्पनी की हिन्दी नीति' के विमोचन के अवसर पर (३-३-८५) गीत-संगीत प्रस्तुत कर रहे हैं (बायें से) प्रो० अजित कुमार भट्टाचार्य भूतपूर्व शिक्षक, अनिल कुमार, प्रशान्त कुमार और शिक्षक श्री रमाकान्त चतुर्वेदी।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

स्वर्ण-जयन्ती के द्वितीय चरण के दूसरे दिन (२-३-१९८५) विद्यालय की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य का एक दृश्य।

श्री विक्रम बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा २-३-८५ को प्रस्तुत नृत्य का दृश्य।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS



स्वर्ण जयन्ती के उद्घाटन समारोह (२६-१-१९८५) के अवसर पर धन्यवाद दे रहे हैं विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक श्री एस० के० सिंह।

स्वर्ण-जयन्ती महोत्सव के द्वितीय चरण का दूसरा दिन विद्यार्थियों के कार्य-क्रम से प्रारम्भ हुआ। विद्यार्थी पंजाब का लोक-नृत्य भांगड़ा प्रस्तुत करते हुए।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS



विद्यालय के स्वर्ण-जयन्ती समारोह के द्वितीय चरण के अवसर पर आयोजित भूतपूर्व छात्र पुनर्मिलन सम्मेलन में छात्रों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के छात्र संघ के सचिव श्री महेश कुमार जायसवाल।



स्वर्ण-जयन्ती समारोह के द्वितीय चरण के तृतीय दिन विद्यालय के प्राक्तन छात्र सम्मेलन का एक दृश्य। मंचस्थ हैं (दायें से) विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री केशव प्रसाद शर्मा, प्राक्तन छात्र और 'रविवार' के सहायक संपादक श्री राज किशोर तथा प्राक्तन छात्र एवं भूतपूर्व शिक्षक श्री बलराम प्रसाद चौहान। विद्यालय के शिक्षक श्री एस० के० सिंह प्राक्तन छात्रों और अतिथियों का स्वागत करते हुए दृष्टिगोचर हैं।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विद्वानों की दृष्टि में विद्यालय

मैंने आज विक्रम विद्यालय, सलकिया के स्वागत-आयोजन में भाग लिया। यहां के छात्रों में अनुशासन एवं सुरुचि की भावना से मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई। विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण बहुत ही आकर्षक और मोहक है। मैं विद्यालय की उन्नति का हृदय से आकांक्षी हूँ। मुझे विश्वास है कि इस विद्यालय के छात्रों तथा अध्यापकों द्वारा देश एवं समाज के उपकारी कार्य होंगे और राष्ट्र-भाषा हिन्दी के उन्नयन एवं प्रसार के प्रयत्नों को बल मिलेगा।

सेठ गोविन्द दास
अध्यक्ष
हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग।



मंचस्थ हैं महान् साहित्यकार सेठ गोविन्द दास और भाषण दे रहे हैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो॰ गोबर्द्धन राय शर्मा

मैंने आज विक्रम विद्यालय, सलकिया के स्वागत आयोजन में भाग लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों को देखकर खुशी हुई। विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर हो, यह मेरी कामना है।

गोबर्द्धन राय शर्मा
अध्यक्ष प्राचीन इतिहास संस्कृति औरपुरातत्व विभाग
प्रयाग विश्वविद्यालय

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अध्ययन का आनन्द

अजय कुमार गुप्ता (कक्षा—११ वाणिज्य)

अध्ययन दो प्रकार का होता है स्थायी और अस्थायी। जैसे स्वादिष्ट भोजन खाने के बाद स्वादेन्द्रीय द्वारा जो आनन्द प्राप्त होता है, वह अल्पकालीन होता है। इसी प्रकार फूल के सुगन्ध से प्राप्त आनन्द भी कुछ ही समय के लिए होता है, किन्तु उस फूल के सुगन्ध का स्मरण करके जो आनन्द प्राप्त होता है, वह चिरकालीन होता है, और उस आनन्द के लिये फूल की उपस्थिति भी आवश्यक नहीं है। इसी प्रकार से उद्यान में घूमने जाने पर भी हमें आनन्द की प्राप्ति होती है, किन्तु वह तभी तक होता है जब तक हम उद्यान में रहते हैं, किन्तु जब किसी सुन्दर बागीचे का वर्णन किसी कवि या लेखक द्वारा किया जाय एवं उसके वर्णन को पढ़ने से जो आनन्द प्राप्त हो वह आनन्द क्षणजीवी नहीं है, क्योंकि उसे पढ़ने से काल्पनिक उद्यान हृदय पर अंकित हो जाता है और जब भी हम उसे स्मरण करते हैं तो आनन्द की प्राप्ति होती है। इस प्रकार अध्ययन से जो आनन्द प्राप्त होता है, वह उच्च कोटि का होता है।

अध्ययन का यदि सीमित अर्थों में प्रयोग करें अर्थात् अध्ययन से यदि हम स्कूल या कालेज में पढ़ने का अर्थ लें, तब भी हमें ज्ञात होता है कि वास्तव में यह समय ज्ञान प्राप्ति का होता है। इस समय में विद्यार्थी का मन पूर्ण रूप से ज्ञान प्राप्ति में ही व्यस्त रहता है; एवं उसको एक विशेष आनन्द की प्राप्ति होती है। इस आनन्द की एक मुख्य विशेषता यह है कि यह बंटवारे से बढ़ता है, क्योंकि यदि हम ज्ञान से दूसरे को लाभान्वित करते हैं तो आनन्द की मात्रा में आवश्यक वृद्धि होती है। यही अन्तर है शारीरिक आनन्द एवं मानसिक आनन्द में। काव्य पाठन के द्वारा हम मानसिक-सृष्टि में प्रवेश कर जाते हैं। तथा, इस संसार के दुःख, कठिनाई, चिन्ता सबको भूल जाते हैं एवं ऐसी स्वप्न सृष्टि में प्रविष्ट होते हैं, जहां सारी कल्पनाएँ पूर्ण होती प्रतीत होती हैं जिससे हमें सुख ही सुख और आनन्द ही आनन्द प्राप्त होता है।

अध्ययन का आनन्द केवल एक दो या कुछ सीमित व्यक्तियों को ही प्राप्त नहीं होता बल्कि पढ़ने एवं पढ़ाने वाले सबका मिलता है। इन्द्रियों से प्राप्त किया जाने वाला आनन्द केवल उपभोक्ता को ही प्राप्त होता है। अध्ययन से हमें आनन्द तो मिलता ही है, साथ ही साथ सांसारिक बाधाओं से जूझने की प्रेरणा भी मिलती है जिससे वर्तमान के साथ-साथ भविष्य भी आनन्दमय हो सकता है। इस प्रकार आनन्द से प्राप्त आनन्द सर्वोत्तम आनन्द है जो हमें परमात्मा की सृष्टि का सही परिचय देकर हमारे लिये आनन्दमयी सृष्टि के द्वार खोलता है।

—★—

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ककड़ी की कीमत

❀ मनोज कुमार दुबे (कक्षा-१२ कामर्स)

फागुन लग गया था। वसन्त बीत चुका था। सर्दी कम हो गई थी। वासन्ती हवा मन को हराकर रही थी। अभी दिन निकलने में देरी थी। पूर्व की ओर प्रकाश की आभा दिखायी पड़ रही थी, सड़कों पर अन्धेरा था। इधर-उधर कई कुत्ते पड़े सो रहे थे। धीरे-धीरे दिन का प्रकाश फैलने लगा। लोग इधर से उधर आने-जाने लगे।

बाजार में नर्म-नर्म पतली ककड़ियाँ बिकने के लिए आने लगी थीं। पर, उनके दाम काफी मँहगे थे। इसलिए कि यह रईसों के ककड़ी खाने का मौसम था। एक नवयुवक कुँजड़ा सिर पर नारंगी साफा बेपरवाही से बाँधे, बदन पर तंजेब का ढीला कुरता पहने, गले में सोने की छोटी सी ताबीज काले डोरे में लटकाए, आंखों में सुरमा और मुँह में पानों की गिलौरियां दबाए, कमर में चौखाने का तहमद और पैर में फूलदार सलेमशाही आधी छटांक का जूता पहने ककड़ियाँ बेचता सड़क पर मस्तानी अदा से घूम रहा था। उसके सिर पर एक चौड़ी टोकरी थी। जिसमें केले के हरे पत्तों पर गुलाब के फूलों के बीच पाँच ककड़ियाँ रखे थे। वह अपनी मस्त आंखों से इधर-उधर देखता और झूमती-झूमती ललकती भाषा में आवाज लगाता था। नाजुक ये ककड़ियाँ ले लो····। लैला की उंगलियाँ ले लो। मजनूं की पासलियां ले लो। नाजुक ये ककड़ियाँ ले लो।

सहसा पीछे से आवाज आयी—ककड़ियाँ जरा इधर लाना, ककड़ी वाले। उसी भांति मस्तानी अदा से पुकारता हुआ ककड़ी वाला पीछे को फिरा। पुकारने वाला जियावन था। उसकी सफेद-सफेद बड़ी मूँछे, पक्का रंग, दुपल्ली टोपी और चौखाने का अंगोछा कंधे पर पड़ा हुआ था। उम्र साठ से कम न थी।

ककड़ियों को देखकर जियावन ने कहा सिर्फ पांच ही हैं क्या ?

"अभी ककड़ियाँ कहाँ हैं ? वह तो कहो, मैं पचीस लाया था। बीस बिक गयीं, पांच ये हैं। लेना हो तो लो, मोल भाव का काम नहीं, अठन्नी लूँगा।"

जियावन अभी नहीं बोला था कि, एक युवक ने तीव्र स्वर में कहा एक रुपया लो जी, ककड़ियाँ हमें दो।

यह युवक भी उसी गाँव का प्रसिद्ध रईस रामधनी था। रामधनी की मसें भीगी थी। भुजदण्डों में मछलियां उभर रही थीं। उसने हेरती हुई आंखों से जियावन की ओर देखा और झट एक रुपया झाबे में फेंक दी।

"सौदा हमसे हुआ है जी, ककड़ियाँ हम लेंगे। यह लो पांच रुपया। ककड़ियाँ हमें दो।

कुंजड़ा क्षण भर स्तम्भित रहा। उसने प्रश्नवाचक दृष्टि से रामधनी की ओर देखा। रामधनी ने कहा

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

कुछ परवाह नहीं हम दस देंगे।"

"हम पन्द्रह रुपये देते हैं।"

'हम बीस रुपये देते हैं।"

'यह लो पच्चीस रुपये। ककड़ी हम तो खरीद चुके।"

"तीस हैं ये, ककड़ी हमने ले ली।"

'हमने चालीस दिए।"

रामधनी के माथे पर बल पड़ गए। उसने कहा—हम पचास में खरीदते हैं। लाओ ककड़ियाँ इधर दो। जियावन ने हँस दिया और आज्ञा की दृष्टि से रामधनी की ओर देखकर जरा सीधा खड़ा होकर उसने तेज स्वर में कहा—मैंने सौ रुपये में पांचों ककड़ियाँ खरीद लीं।

रामधनी कहार क्षण भर घबड़ाई दृष्टि से जियावन की ओर देखता रहा। जियावन ने विजयगर्वित दृष्टि से रामधनी को घूरते हुए कहा—दम हो तो बढ़ो आगे। ककड़ियाँ पाँच हजार तक में हमारे यहाँ जाएगीं।

सैकड़ों आदमी इकट्ठे हो गए थे। रामधनी लज्जा और क्रोध में भरकर चुपचाप चल दिया। सैकड़ों कण्ठों से नारा बुलन्द हुआ—वाह भाई, जियावन, क्यों न हो? आखिर तू है किस घराने का नौकर, जो इस समय हमारे गाँव की नाक है।

जियावन ने कमर से रुपये खोल कर गिन दिए। ककड़ियाँ लीं और इस भाँति अपने मालिक के घर को चला, जैसे वह एक राज्य विजय कर लाया हो।

शाम हो चली थी। पक्षी अपने घोंसले में वापस लौट रहे थे। दिन भर का थका-माँदा सूरज अब धीरे-धीरे पश्चिम की ओर सरक रहा था। जियावन ने अपने मालिक 'विनोद बाबू' के सामने जाकर फूलों और केले के पत्तों में लिपटी हुई ककड़ियाँ रख दी तथा बाजार में जो घटना घटी थी, सब कह सुनाई। विनोद बाबू ने सब कुछ सुना। क्षण भर वे स्तम्भित रहे। क्षण भर बाद उन्होंने अपने गले से सोने का तोड़ा उतार कर जियावन के गले में डाल दिया। उनकी आँखों में आँसुओं की धारा बह निकली। उन्होंने गद्‌गद् कंठ से कहा 'शाबाश मेरे प्यारे जियावन, तुमने बाजार में मेरी प्रतिष्ठा बचा ली।' इसके बाद उन्होंने चाँदी की तश्तरी में ककड़ियों को उन्हीं गुलाब के फूलों में रखकर ऊपर से एक रूमाल ढाँककर कहा—'जाओ, रामधनी जी से मेरा प्रणाम कहना और कहना कि आपके सेवक ने यह प्रेम की सौगात भेजी है और हाथ जोड़कर अर्ज की है कि स्वीकार करके इज्जत अफजाई करें।'

थोड़ी ही देर में जियावन ने आकर अदब से आगे बढ़कर तश्तरी रामधनी के सामने रख दी और हाथ जोड़कर अपने मालिक का सन्देश भी निवेदन कर दिया। रामधनी ने तश्तरी में रखी ककड़ियों की ओर देखा और उन्हें भीतर भिजवा दिया तथा तश्तरी में अशर्फियों से भरकर कहा—'यह तुम्हारा इनाम है। विनोद बाबू से मेरा भी प्रणाम कहना।' जियावन ने झुककर सलाम किया और चला आया।

दूसरे दिन सूर्योदय के साथ ही सारे शहर में खबर फैल गई कि नगर के प्रसिद्ध रईस रामधनी ने रात जहर खाकर जान दे दी। वे एक कोरे कागज पर यह लिख कर गए कि "बाजार में मेरी इज्जत किरकिरी हो गई। अब मैं दुनिया में मुँह नहीं दिखा सकता।"

卐

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

पुण्य सलिला गंगा और प्रदूषण

❁ ठाकुर प्रसाद त्रिपाठी

गंगा वारि सुधा समं
बहुगुण पुण्यं सदा पुष्करं।
सर्व व्याधि विनाशन बलकरं
वर्ण्यम् पवित्रम् परम्॥

अपने पूर्वज राजा सागर के साठ हजार राख हुए पुत्रों का उद्धार करने के लिये भगीरथ ने घोर तप कर ब्रह्मा के कमण्डल की कैद से छुड़ाकर पतितपावनी गंगा का धरती पर अवतरण किया। उनके तपोबल की साक्षी गंगा अवतरित हुई पृथ्वी पर और पवित्र कर दी भारत-भूमि को। धन्य हो गया इस धरती का कण-कण और पावन हो गया करोड़ो-करोड़ो जनमानस। गौरवान्वित हो उठा सारा देश। धन्य है वह गंगा-जल जो खोल देता है स्वर्ग-तोरण और धो देता है सारा कल्मश। तभी तो अगाध प्रेम है और अटूट भक्ति है भारतीयों की इस भवतारिणी गंगा के प्रति। उनकी आस्था में गंगा से बढ़कर और कुछ भी नहीं। गंगोत्तरी के जल से अभिषिक्त करते हैं सुदूर दक्षिण स्थित रामेश्वरम् को और लहराने लगता है पुण्य का पारावार। आशा और विश्वास की यह पुण्य-सलिला सरिता मुक्ति-मार्ग है; स्वर्ग-सोपान है।

गंगोत्तरी से गंगा सागर की २५२५ कि० मी० की यात्रा में गंगा लगभग १० लाख वर्ग कि० मी० भूमि का अभिसिंचन करती हुई भारत के अतिरिक्त नेपाल, बंगलादेश और तिब्बत (चीन) को भी अपने प्रभाव क्षेत्र से वंचित नहीं कर पाती। यह प्रति वर्ष ४६८ अरब ७२ करोड़ घन मीटर जल प्रदान करती है। गंगोत्तरी हिमनद के छोर पर गोमुख हिम गुहा से निकल कर प्रवाहित होने वाली गंगा का जल अब करीब २५० कि० मी० तक ही वास्तविक 'गंगा-जल' रह गया है। हिमालय से उतर कर गंगा ऐसी चट्टानों और जड़ी-बूटियों से भरे वन-प्रांतर से गुजरती है, जहाँ जल स्वतः औषधि युक्त हो जाता है और विविध रस-एवं रसायनों के घुल कर मिलने से कीट-नाशक हो जाता है। इसी लिए गंगा-जल वर्षों तक रखने पर भी विकार रहित परम-पवित्र बना रहता है। तभी तो विदेशी वैज्ञानिकों ने गंगा को मिनरल वाटर (Mineral Water) की संज्ञा दिया है। वास्तव में गंगा जब रूपायनों एवं धातु आयनों से संयुक्त एक मात्र बिलयन है जो सबके लिये, सभी परिस्थितियों

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

में, समान रूप से कल्याण कारी है।

हरिद्वार में गंगा समतल पर पदार्पण करती है और लगभग ७५० मीटर चौड़ी होकर फैल जाती है। यही है वह स्थल जहाँ प्रारम्भ हो जाता है प्रदूषण का प्रसार। भेल (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि०) और दवा निर्माण के सरकारी कारखाने तो इसे गन्दगी बहा ले जाने वाली नाली की तरह इस्तेमाल करते हैं। पुराणवेत्ताओं को इसका आभाष भी नहीं था कि कल कारखानों की अशोधित छीजन गंगा के जल में निर्बाध गति से बहा दी जायेगी। आभाष भी कैसे होता? उस समय कहाँ थे ये कल-कारखाने? कहाँ थी यह छीजन? आज तो शास्त्र वर्जित सभी क्रियायें धड़ल्ले के साथ गंगा-जल के साथ की जा रही हैं। पुराणकार ब्रह्माण्ड पुराण में निम्नलिखित क्रियाओं को गंगा-जल के साथ वर्जित किया है:—

"शौच, आचमन, मूत्र-त्याग, बासी पुष्प विसर्जन, गात्र सवाइन (साबुन लगाकर मल मल कर स्नान करना जल-क्रीड़ा, दान-ग्रहण, अश्लील व्यवहार, गंगा की प्रशंसा में अशुद्ध श्लोक उच्चारण, वस्त्र-त्याग, वस्त्र प्रक्षालन-और इसके किनारे से उस पार तक तैर कर जाना।" बात विचारणीय है। जब इन सूक्ष्म कार्यों का करना वर्जित था तो क्या अशोधित छीजन गंगा में डालना निषिद्ध न होता? तब कहाँ था जनसंख्या का यह अनियन्त्रित असीम पारावार? ऋषियों और महर्षियों को तो इसकी कल्पना तक भी नहीं थी।

गंगा-तट पर स्थित ५२ नगरों में १ लाख से अधिक जनसंख्या वाले प्रथम श्रेणी के २६ नगर तथा ५० हजार से १ लाख की जनसंख्या वाले द्वितीय श्रेणी के २३ नगर हैं। इसी के साथ ५० हजार से कम जनसंख्या वाले ४८ कस्बे हैं। गंदगी ढोने वाले नाले, परनाले सब के सब सीधे गंगा में इन नगरों तथा उपनगरों के मलबे उड़ेल देते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल की ५६३ बस्तियाँ गंगा-प्रदूषण में सक्रिय सहयोग देती हैं। ये तीनों राज्य मिलकर गंगा को प्रदूषित करने तथा उसकी पवित्रता नष्ट करने के लिये सबसे अधिक दोषी हैं। अकेला उत्तर प्रदेश गङ्गा में प्रतिदिन १३०००००० कि० घरेलू और औद्योगिक प्रदूषण सामग्री छोड़ता है। उत्तर प्रदेश जल निगम के अनुसार वाराणसी में प्रतिदिन लगभग १२ करोड़ लिटर मल-जल गंगा में विसर्जित होता है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के डा० बी० डी० त्रिपाठी के अनुसार प्रतिवर्ष करीब ३००० अधजले शव गङ्गा में केवल वाराणसी में बहाये जाते हैं; साथ ही २०० से ३०० टन राख भी। काशी के मणिकर्णिका और हरिश्चन्द्र घाट में प्रतिवर्ष लगभग ११००० टन लकड़ी जलाई जाती है। यहाँ प्रतिवर्ष ६००० पशुओं के शव बहाये जाते हैं। लगभग १५०० कारखाने और फैक्टरियां हर साल लाखों टन अशोधित मलवा गङ्गा में बहा रहे हैं।

इस सन्दर्भ में एक घटना स्मरण आती है बरौनी के पास की। अभी १० वर्ष ही हुए होंगे। गङ्गा से लगभग २ किलो मीटर तक भयानक आग लग गई। पानी में आग? विशेष छान बीन करने पर पता चला कि तट पर स्थित बरौनी तेल शोधक कारखाने ने अपना टनों मोमिया मलवा गङ्गा में सीधे प्रवाहित कर दिया था। परिणामतः आग लगभग १६ घंटे उग्र रूप से जलती रही। हजारों मछलियाँ जल मरीं। दुर्गन्ध ने दूर-दूर तक लोगों की नाक में दम कर दिया। जल दुर्गन्धपूर्ण तथा अपेय हो गया।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

यह रही मनमानी गंगा-जल के साथ !

कानपुर के पास तो गंगा की दशा अत्यन्त शोचनीय है। फर्रुखाबाद-कन्नौज के पास छीट के कारखानों की बहुलता के कारण छीजन युक्त गङ्गा का पानी लाल दिखलाई पड़ता है। कानपुर जैसी औद्योगिक नगरी की तमाम फैक्टरियां, जिसमें चमड़े का कारखाना विशेष उल्लेखनीय है, अपना सारा का सारा मलवा गङ्गा को भेंट कर देती हैं। कलकत्ता पहुँचते-पहुँचते तो गङ्गा अधमरी हो जाती है। त्रिवेणी से बाटा नगर तक करीब २८५ कारखानों ने तो इसे रद्दी की टोकरी समझ लिया है। इस तरह गङ्गा तट पर स्थित सभी नगर, उपनगर, कस्बे तथा बस्तियों ने अपने मलवे विसर्जित कर गङ्गा की पवित्रता को नष्ट कर तथा जीवाणुनाशकता, जो यद्यपि अब भी अन्य नदियों से तिगुना अधिक है, कम कर जल को जहरीला बना कर प्रदूषण को चरम सीमा पर पहुंचा दिया है।

अब जरूरत है कोई भगीरथ फिर जन्म ले और गंगा का उद्धार करे तथा उसका खोया हुआ गौरव उसे पुनः वापस करे। एतदर्थ गङ्गा परियोजना की बात सामने आयी। अप्रैल १६८४ की बात है। डा० निलय चौधरी (चेयरमैन, केन्द्रीय जल-प्रदूषण बोर्ड) गङ्गा रिपोर्ट पर श्रीमती गांधी से बात कर रहे थे। कुछ देर विचार-मग्न रहने के बाद श्रीमती गांधी अचानक चिंतातुर सी बोलीं, "क्या—हम गंगा को साफ नहीं कर सकते ?" कुछ हिचकिचाते से डा० चौधरी ने जबाब दिया, "जी हाँ, मगर……" अगर-मगर में यकीन न करने वाली श्रीमती गांधी ने उन्हें अपना वाक्य पूरा करने का मौका नहीं दिया और तुरन्त 'एक्शन प्लान' बना डालने का आदेश जारी कर दिया।

सितम्बर १६८४ में श्रीमती गांधी ने 'गंगा-परियोजना' का मसौदा देखा तो बड़ा सन्तोष व्यक्त किया। लेकिन इस परियोजना की विधिवत घोषणा श्री राजीव गांधी ने प्रधान मन्त्री का पद ग्रहण करते ही राष्ट्र को सम्बोधित अपने प्रथम भाषण में की। फिर तो कार्य विधिवत रूप से सतर्कता के साथ शुरू हो गया।

पर्यावरण विभाग ने प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिये एक 'एक्शन प्लान' तैयार कर लिया है। सभी प्रणालियों द्वारा गंगा में जल गिराने से पहले जल की अधिकांश अशुद्धियाँ दूर करने के लिये एक संयंत्र का इस्तेमाल करने का प्रावधान है। दर असल यह यंत्र एक फैक्टरी के रूप में साधनों को फिर से इस्तेमाल करने की इकाई के रूप में काम करेगा। यह फैक्टरी पाँच चीजें तैयार करेगी—जैविक खाद, पोषक तरल, सिंचाई के लिये नाइट्रोजन और फास्फेट तथा पोटाश युक्त पानी इंधन गैस और बिजली, मुर्गी के लिए प्रोटीन युक्त दाना तैयार करने के लिये सिवारों का उपयोग। तैयार सामग्रियों के विक्रय की समुचित व्यवस्था होगी, ताकि फैक्टरी के संचालन में व्यवधान न पड़े। इस पर प्रति व्यक्ति खर्च पड़ेगा २३ रुपये और आय होगी ३४ रुपये। इस प्रकार प्रति व्यक्ति १२ रुपये का शुद्ध लाभ होगा।

भारत की सबसे बड़ी नदी तथा करोड़ों भारतीयों की जीवन रेखा गंगा के तटों पर बसे नगरों में जनसंख्या के विस्फोट ने गंगा जल को अपेय बना दिया है। लाखों लोगों के स्वास्थ्य के लिये खतरा उत्पन्न हो गया है। परियोजना का लक्ष्य यही है कि गंगा के किनारे बसे नगर तथा उपनगर अब इसे प्रदूषित करना बन्द कर दें। एतदर्थ केन्द्रिय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' ने गंगा बेसिन का व्यापक सर्वेक्षण

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

करके गंगा को फिर से निर्मल बनाने के लिये मलजल निकासी और उसके उपचार के लिये वैज्ञानिक व्यवस्था का सुझाव दिया है। एतदर्थ पहले से बने हुये सीवरों की मरम्मत, नवीन आवश्यक सीवरों का निर्माण तथा मल-जल उपचार के लिए प्रदूषण फैक्टरियों की स्थापना आदि कार्य-क्रमों को लागू करने के लिये आवश्यक कदम उठाने की व्यवस्था हो चुकी है।

इन लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत १९८५-८६ से १९९०-९१ तक गंगा-परियोजना पर २५० करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान है। कार्यक्रम को समयबद्ध आधार पर लागू करने के लिये चार स्तरीय संगठन पर विचार विमर्श हुआ है। नीति-निर्माण हेतु 'केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण' के अध्यक्ष प्रधानमंत्री जी स्वयं हैं। संबंधित राज्यों के मुख्य मंत्री इसके सदस्य होंगे राज्यों के पर्यावरण तथा वन मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, योजना मंत्री और योजना आयोग के उपाध्यक्ष तथा पर्यावरण एवं विज्ञान के सदस्य भी इसमें सम्मिलित रहेंगे। केन्द्र में पर्यावरण विभाग के सचिव इस प्राधिकरण के सदस्य सचिव होंगे। इसके बाद के स्तर पर एक 'केन्द्रीय गंगा संचालन समिति की व्यवस्था है जिसके अध्यक्ष होंगे केन्द्रीय पर्यावरण विभाग के सचिव। भिन्न-भिन्न विषयों जैसे कृषि, मछली पालन, बायोगैस आदि विषयों के विशेषज्ञ भी सम्मिलित होकर परामर्श के लिये अपना सक्रिय सहयोग देते रहेंगे। इसके निचले स्तर पर गठित समिति, जिसकी अध्यक्षता मुख्य प्रायोजना निदेशक करेंगे, वास्तविक रूप से समस्त कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करेगी। राज्य स्तर पर केवल दो समितियां ही कार्य करेगी—नीति निर्माण करने वाली और उसे लागू करने वाली।

समस्त कार्य सम्पादन हेतु विशिष्ट रूप से इसकी व्यवस्था योजना आयोग के माध्यम से की जा रही है जिसका संचालन विज्ञान तथा पर्यावरण के सदस्य करेंगे। एक कम्प्यूटर-प्रणाली हर-कदम की निगरानी करेगी, किसी भी बाधा के उपस्थित होने पर निवारणार्थ शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाये जायेंगे।

परियोजना के पूर्ण होने पर गांगेय क्षेत्र की जनता को आशातीत लाभ होगा। गंगा की गंदगी कम हो जायगी। प्रदूषण का स्तर घटकर नाम मात्र रह जायगा। जल पेय और स्नान योग्य हो जायगा। तट के समीप दोनों किनारों पर गंगा घाटी के लोगों को इस्तेमाल के लिये बायोगैस तथा बिजली मिलती रहेगी। गाँव और शहर दोनों लाभान्वित होंगे। कृषकों को सस्ती खाद और सिंचाई के लिये पोषक जल तथा मत्स्य पालन के लिए उपयुक्त जल उपलब्ध होगा। कार्य-क्रम सफल होने पर भारत की अन्य नदियों पर भी योजनाबद्ध कार्यक्रम लागू कर 'प्रदूषण' दूर करने की प्रेरणा मिलेगी। गंगा की तरह यमुना नदी पर भी यह कार्य क्रम लागू कर दिया गया है। इस तरह भारत देश की समस्त नदियां प्रदूषण मुक्त हो निर्मल जल प्रवाहित करने लगेंगी। गंगा तो पुनः अपना खोया हुआ गौरव प्राप्त कर निर्मल, पवित्र और पुण्य सलिला सरिता बन कर 'प्रदूषण-कलंक' को अपने निर्मल जल से धो देगी।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

स्वामी सहजानन्द सरस्वती

स्वामी सहजानन्द सरस्वती

स्वामी सहजानन्दजी सरस्वती अनन्त ज्ञान और अनन्त शक्ति लेकर अवतरित हुए थे। साधना से शक्ति प्राप्तकर ज्ञान की उपलब्धि होती है ज्ञानाञ्जन-शलाका द्वारा ही मोहान्ध चक्षु उन्मीलित होता है। रूप-रसादि विषय समूह एक पर एक आकर ज्ञान के अस्तित्व को समाप्त कर देते हैं। कुछ समय के लिये जब मानव-प्राणी विषय ग्रहण से विमुख होता है—अर्थात् सुषुप्त अवस्था को प्राप्त होता है, उस समय ज्ञान के अस्तित्व की उपलब्धि उसे नहीं होती। ज्ञान स्व प्रकाश स्वरूप होने पर भी जिस क्षण तक विषयाकार में आकारित नहीं होता, उस क्षण तक मनुष्य के निकट प्रकाश नहीं पाता। वे विषय शक्ति प्रवाह मात्र हैं। शास्त्रकार गण इस शक्ति प्रवाह को स्थूलतः षड् भाव-विकार कहते हैं जैसे, जायते—

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

मनुष्य जन्म ग्रहण करता है। अस्ति प्रतिकूल शक्ति प्रवाह के साथ प्रतियोगिता करके अपनी सत्ता वर्त्तमान रखता है। वर्द्धते—वृद्धि प्राप्त करता है। विपरिणमति-परिणाम को प्राप्त होता है अर्थात् वृद्धि की चरमावस्था में उपनीत होता है। अपक्षयति—क्रम पूर्वक क्षय प्राप्त करता है। नश्यति-नष्ट या अदृश्य होता है। प्रत्येक पदार्थ में प्रति मुहुर्त्त यही छह विकार संगठित होता है। इन छह विकारों को और भी संक्षिप्त रूप में कहने से—सृष्टि, स्थिति, प्रलय, यह त्रिविध क्रिया रूप कहा जाता है। अस्तु, जगत कहने से—विषय कहने से समझा जाता है, वही सृष्टि, स्थिति, प्रलयात्मि का एक महती शक्ति विशेष।

यह अपार शक्ति अकाशमय ज्ञान में ही अवस्थित है। तब शक्ति के द्वारा ही ज्ञान का प्रकाश होता है। इस ज्ञान और शक्ति को लेकर दार्शनिकों के अलग-अलग विवेचन हैं। सांख्यकार कपिल भगवान का कहना है—ज्ञान चैतन्यमय पुरुष है और शक्ति परिणाम शीला प्रकृति है। प्रकृति-पुरुष का विवेक होने पर पुरुष प्रकृति-वियुक्त होकर मुक्त स्वरूप में अवस्थित होता है। प्रकृति मुक्तता ही पुरुष की जीव भाव होता है। विशिष्टाद्वैतवाद के आविर्भावक श्री रामानुजाचार्य कहते हैं प्रकृति और पुरुष वस्तुतः भिन्न नहीं हैं प्रकृति पुरुष की ही शक्ति है। पुरुष साम्मुख्य ही मुक्ति है। उसकी विमुखता ही बन्धन है। अद्वैतवाद या वेदान्त का मत है—ज्ञान और शक्ति सम्पूर्ण रूप से अभिन्न पदार्थ हैं। शक्ति और शक्तिमान में कोई भेद नहीं है, किन्तु शक्ति के एक अंश का नाम माया है, यह मिथ्या है, इसकी वास्तविक सत्ता नहीं है, एकमात्र ज्ञान ही वास्तविक सत्ता है। जो हो, सारांश यही है कि ज्ञान और शक्ति सर्वतोभावेन अभिन्न हैं। अखण्ड ज्ञान समुद्र का प्रत्येक अणु ही शक्ति है। शक्ति ही ज्ञानमय है अथवा ज्ञान ही शक्तिमय है किम्बा एतदुभय ही भाषा में व्यक्त नहीं किये जा सकते। सत्यदर्शी साधक को इन समस्त अनुभूतियों के भीतर से ही विकसित होना पड़ता है। इतना सब मेरे कहने का यही तात्पर्य है कि स्वामी जी इन समस्त अनुभूतियों के भीतर से विकसित हुए एक सिद्ध पुरुष थे। मैंने उनके जीवन और कार्य की पद्धति को बहुत ही निकट से देखा है, उनकी जैसी ज्ञान और शक्ति की वदान्यता अन्यत्र मैंने नहीं देखी। उनके सम्बन्ध में मैं आदि कवि की वाणी में निस्संकोच कह सकता हूँ :—

"रक्षिता स्वस्य धर्मस्य स्वजनस्य च रक्षिता।
वेदवेदाङ्गतत्वज्ञो कर्मयोगे च विशिष्टतः॥
सर्व शास्त्रार्थ तत्त्वज्ञः स्मृति मान्प्रतिभानवान्।
सर्वलोकप्रियः साधुरदीनात्मा विचक्षणः॥

वे स्वधर्म अपने धर्म अर्थात् ब्राह्मण धर्म के रक्षक, स्वजन स्वभूतोजनः अर्थात् ज्ञानेन्द्रियों के रक्षक, वेद और वेदाङ्ग के तत्व को जानने वाले, कर्म योग में निष्ठा वाले, सब शास्त्रों के तत्वों को भली-भांति जानने वाले, "(धर्मशास्त्र पुराणं च मीमांसाऽऽवीक्षिकी तथा। चत्वार्येता न्युपाङ्गानि शास्त्रज्ञाः संप्रचक्षते॥ अर्थात् धर्मशास्त्र, पुराण, मीमांसा, आन्वीक्षिकी आदि के अंग-उपांगों को जानने वाला शास्त्रज्ञ कहलाता है) अच्छी स्मरण शक्ति वाले, महा प्रतिभाशाली, सर्व प्रिय, परम साधु, कभी दैन्य न प्रदर्शित करने वाले, गम्भीर और लौकिक अलौकिक क्रियाओं में अत्यन्त कुशल थे हमारे स्वामी सहजानन्द जी सरस्वती।

उपर्युक्त विशेषताओं के अतिरिक्त स्वामी जी जन्मजात विरक्त पुरुष थे। आकर्षक व्यक्तित्व के

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

विवेक शील मनीषी थे। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत साधना की सांकालिक अवधि में विचार किया कि जाति-समाज-राष्ट्र के गर्हित जोवन को ऊपर उठाये बिना सब कुछ व्यर्थ है तथा जब तक राष्ट्र पराधीन है तब तक समस्त साधनाएँ ही पराधीन रहेगी। संसार से वीतराग तो वे अपनी प्रकृति से ही थे। किन्तु, निष्काम कर्म योगी की साधना से राष्ट्र, समाज और जाति के उत्कर्ष के लिए मनसा वाचाकर्मणा कर्म पथ पर आरूढ़ हो गये। उन्होंने अपने बासठ वर्ष के जीवन-काल में बावन वर्ष विविध साधनाओं में लगाकर जाति-समाज-देश और धर्म के स्वरूप को शुभ्रोपम कर दिया। जब तक धर्म जाति समाज और देश का अस्तित्व इस भूमण्डल पर विद्यमान रहेगा; तब तक उनकी साधनाएँ प्रकाश स्तम्भ की भांति जगत का मार्ग प्रदर्शन करती रहेंगी।

स्वामी जी ने अपने प्रारम्भिक काल के दस वर्ष अपने शिशुपन एवं गृहकार्यों के सम्पन्न करने में व्यतीत किये। अत्यन्त छोटी अवस्था से ही वे या तो अभिभावकों की आज्ञाओं का पालन कार्य करते थे या एकान्त में मौन बैठकर व्यतीत करते थे। उनका यह क्रिया कलाप उनके भावी जीवन का परिचायक था। किन्तु; कौन लक्ष्य कर सकता था कि इतने छोटे शिशु को आगे जाकर कितना महान व्यक्तित्व शाली बनना है। स्वामी जी ने अपने शिशुपन में कभी शिशुओं के साथ खेल-कूद, दौड़ धूप या उछलना मचलना पसन्द नहीं किया। वे लड़कपन से ही एकान्त प्रिय थे। उनके देवा गाँव से सटा एक लम्बा चौड़ा तालाब है। उनके समवयस्क बालक उसमें तैरते थे या तैरना सीखते थे। उन्होंने कभी अपने समवयस्कों के साथ स्नान करने या उनके संग तैरने का प्रयास नहीं किया। यदि कभी स्नान करने गये भी, तो अकेले जाकर डुबकी लगायी और नौ दो ग्यारह हो गए। स्वामी जी बयस्क होने पर एक बार डूबते-डूबते बच गये थे और तब संकल्प किया किया था कि तैरना सीखूँगा। तैरना सीखने भी लगे; किन्तु जीवन में कर्म बहुलता की तल्लीनता में इस प्रकार की कलाओं पर कभी ध्यान ही नहीं दिया।

दस वर्ष के पश्चात् अविरल आठ वर्षों तक प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर विद्यालयों की शिक्षा-प्राप्ति की साधन में व्यतीत किये। प्राथमिक विद्यालय के अन्तिम वर्ष की परीक्षा में अपने जनपद में वे प्रथम श्रेणी में आये थे। डिप्टी साहब ने अध्यापक महोदय को करारे निर्देश के साथ कड़े शब्दों में कहा था कि यह विद्यार्थी इतना तीक्ष्ण बुद्धि का है कि इसे स्कालरशिप की परीक्षा में भेजना चाहिए था, क्यों नहीं भेजा? इस बालक के साथ अन्याय किया गया है। अध्यापकजी का मूँह लटक गया था। उनके मुखारविंद से कोई उत्तर नहीं निकला था। पता नहीं प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों ने किसी आंतरिक गहन विचार से उन्हें स्कालरशिप का परीक्षा में नहीं भेजा था वे बेचारे इस परीक्षा संबंधी बातों से विज्ञ ही नहीं थे, इसलिए नहीं भेजा। अन्ततोगत्वा माध्यमिक परीक्षा में उन्हें स्कालरशिप मिला और संयुक्त प्रदेश (अब उत्तर प्रदेश) में उनका छठवां स्थान था। इसी समय शंकर जी की पूजा में अधिक मन लगाते देख इनके पिता ने इनका विवाह कर दिया। किंतु एक ही वर्ष में उनके पत्नि का शरिरान्त हो गया। उच्चतर विद्यालय में भी उन्हें निश्चय ही स्कालरशिप का पुरस्कार मिलता, किंतु विधि गति से

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अथवा काल कठिनाई से जब दशवीं की परीक्षा सन्निकट आ पहुँची, तो उनके वैराग्य का दुस्तर विस्फोट हुआ, और वे घर की, परिवार की, गांव की, विद्यालय की सारी स्मृतियां, विस्मृति के गहन गर्त में डालकर सन्यासी हो गये। सन्यासी होने पर उनके चचेरे बड़े भाई काशी से उन्हें घर ले आये। कई दिन घर रहे। लोगों ने बहुत समझाया, किंतु वे तो सच्चे विरक्त थे। सबकी बातों का ऐसा उच्चस्तरीय उत्तर दिया कि सब मौन हो गये। फिर सब से आज्ञा लेकर काशी लौट आये। इस बार उनके अनन्य साथी श्री हरिनारायण जी भी इनके साथ सन्यासी होकर चल पड़े।

इन अठारह वर्षों के पश्चात् लगातार दो वर्षों तक दोनों साथियों ने योगी गुरु खोजने में लगा दिया। सारे भारतवर्ष में कोई योगी गुरु तो नहीं मिला; किन्तु, स्वामी जी ने सभी तीर्थों एवं नगरों का पर्यटन कर डाला! इस पर्यटन में उन्हें भौगोलिक, ऐतिहासिक तथा धार्मिक, कलात्मक अनेकानेक तथ्यों का विस्तृत ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी पर्यटन में दो वर्ष पूरा होते-होते जब हरद्वार पहुंचे, तो वहाँ हर की पैड़ी स्नान करके हृषीकेश आ गये। यहीं धनराज पुरी के मठ में एक विद्वान सन्यासी से वेदान्त सिद्धान्त मुक्तावली अध्ययन करने लगे। इसमें न्याय, मीमांसा की बातें आती तो वहां स्वामीजी को कठिनाई होने लगी। तब उस विद्वान सन्यासी ने सम्मति दी कि व्याकरण न्याय, मीमांसा का अध्ययन करने के बाद ही वेदान्त सिद्धान्त मुक्तावली ठीक-ठीक समझ में आ सकती है। इसके बाद बदरीनाथ, केदारनाथ का दर्शन करते हुए काशी लौट आये। और संस्कृत-अध्ययन का दृढ़ संकल्प कर लिया। काशी-अपार नाथ मठ में संस्कृत पाठशाला में अध्ययन प्रारम्भ कर दिया।

संस्कृत अध्ययन में अबाध गति से सात वर्षों का समय स्वामी जी ने लगाया। जिस सिद्धान्त कौमुदी में लोगों के बारह वर्ष या किसी-किसी को इससे भी अधिक समय लगाना पड़ता है; स्वामी जी ने केवल ढाई वर्षों में ही उसे समाप्त कर दिया और इसके बाद शब्देन्दु शेखर परिभाषेन्दु शेखर भूषण मंजूषा महाभाष्य का अध्ययन समाप्त किया फिर सांख्य न्याय, मीमांसा, योग, वेदान्त, वैशेषिक षडदर्शनों का अध्ययन समाप्त किया। इस अध्ययन काल में वहाँ अन्य शिक्षार्थियों को कौमुदी पढ़ाने भी लग गये थे। इसके पश्चात् वेद, वेदाङ्ग, पुराण स्मृति एवं काव्य के सिद्धान्त ग्रन्थों का अध्ययन कर लिया। इसी अध्ययन कालके मध्य स्वामी पूर्णानन्द जी सरस्वती से इनका परिचय हुआ, इनको आगे बढ़ाने में उन्होंने बहुत सहायता पहुंचायी। एक तो ग्रन्थों की सहायता कहीं से मांगकर या किसी से खरीदवाकर करते थे। दूसरे स्वामी सहजानन्द सरस्वती को गिरिनाम सन्यासी से स्वामी पूर्णानन्द जी सरस्वती ने ही स्वामी अच्युतानन्द जी सरस्वती के यहां पहुँचाकर उनसे दण्डी सन्यासी की दीक्षा दिलवायी।

अब स्वामी जी सत्ताइस वर्ष के हो चुके थे। अट्ठाइसवें में उन्होंने भूमिहार ब्राह्मण महासभा में स्वामी पूर्णानन्द जी सरस्वती की प्रेरणा से सम्मिलित होकर जाति और समाज के लिए अपने भाषण में संस्कृत-प्रचार पर अधिक बल दिया। उन्होंने बतलाया कि प्रभाकर की मतवाली मीमांसा की पुस्तक जब भारत में कहीं नहीं मिली, तो उसकी हस्त लिखित प्रति जर्मनी से मंगानी पड़ी। स्वामी जी ने उसकी

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

प्रतिलिपि करके उसे काशी से जर्मनी लौटा दिया था। इस प्रकार संस्कृत प्रचार पर जोर देकर भूमिहारों के ब्राह्मणत्व को प्रकट करने वाली बहुत सी प्रामाणिक बातें कहीं। और संस्कृत प्रचार के लिए सक्रिय कार्य आरम्भ किया। संस्कृत के अनेक विद्यालय संचालित कराये तथा भूमिहार ब्राह्मण समाज को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए पुरोहिती पर भी अधिकाधिक बल दिया साथ ही समाज उत्थान के लिए कई ग्रन्थों का प्रणयन किया और भूमिहार ब्राह्मण आन्दोलन को लगातार पाँच वर्षों तक चलाया। अट्ठाइस वर्ष की ही अवस्था में उन्होंने "भूमिहार ब्राह्मण परिचय" लिखा। जब पता लगा कि यत्र तत्र भूमिहार ब्राह्मणों का भी विवाह संबंध कान्यकुब्जों, सरयूपारिणों एवं मैथिलों के परिवार में हुआ है एवं कई वर्षों के अन्वेषण से जब और अधिक सामग्री प्राप्त हुई तो उक्त ग्रन्थ को और भी बृहत रूप देकर 'ब्रह्मर्षि वंश विस्तार' के नाम से प्रकाशित किया। इसके पश्चात् "ब्राह्मण समाज की स्थिति" और झूठा भय मिथ्या अभिमान" नामक ग्रन्थ लिखकर प्रकाशित किया तथा कर्मकाण्ड विषयक "कर्म कलाप" नामक बारह सौ पृष्ठों का एक बृहद्काय महाग्रन्थ पुरोहिती चलाने के लिए लिखकर प्रकाशित किया। बिहटा (बिहार) में श्री सीतारामाश्रम की स्थापना की, जिसे संस्कृत अध्ययन का केन्द्र बनाया। उनके प्रकाशित समस्त ग्रन्थ इसी आश्रम से प्रकाशित हुये हैं। पटना में "लोकसंग्रह" साप्ताहिक पत्र भी कुछ दिन चलाया।

अपनी आयु के तैंतीसवें वर्ष में स्वामी जी कांग्रेस के कार्य में संलग्न हो गये। नागपुर कांग्रेस से लौटकर बक्सर में कांग्रेस कार्य प्रारम्भ किया। वहां कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने तिलक स्वराज्य फंड के चन्दे के रुपयों में कुछ गड़बड़ी की, जिसे स्वामी जी ने बड़े श्रम से संग्रह किये थे। रुष्ट होकर स्वामी जी गाज़ीपुर चले आये। और इसी जनपद को उन्होंने कार्य क्षेत्र बनाया। अहमदाबाद कांग्रेस से लौटने के बाद स्वामी जी को बन्दीगृह में जाना पड़ा। स्वामी जी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी एवं अखिल भारतवर्षीय कांग्रेस कमेटी के भी सदस्य थे। स्वामी जी ने कांग्रेस कार्य में अथवा खादी प्रचार तथा चरखे और करघे के संचालन के प्रचार में इतना कठिन श्रम किया कि वे अस्वस्थ हो गये। इस अस्वस्थता का कारण केवल श्रम ही नहीं था बल्कि कांग्रेस के क्रिया-कलाप एवं चन्दे के रुपयों में अधिकांश कांग्रेसियों के अनैतिक आचरण से भी ऊब कर वे अस्वस्थ हो गये थे। कुछ दिनों के लिए विश्राम आवश्यक था।

कांग्रेस के सदस्य रहते हुए ही उन्होंने अपने जीवन के एकतालिसवें वर्ष में सोनपुर के मेले में बिहार प्रान्तीय किसान-सभा की स्थापना की। उस समय स्वामी जी ही सभापति मनोनीत हुए। इन्होंने किसानों के करुण-क्रन्दन से द्रवित होकर ही किसान सभा की स्थापना की एवं सोनपुर की सभा में, बिहार में जो काश्तकारी बिल पास कराने की ब्रिटिश सरकार से जमींदार चेष्टा कर रहे थे स्वामी जी ने उसे किसानों के विरुद्ध होने वाला षड्यन्त्र बतलाया और उसकी सारी पोल खोल दी। स्वामी जी ने उस बिल का प्रबल विरोध किया। लगातार सात वर्षों तक बिहार प्रान्तीय स्तर पर किसान सभा का प्रबलतम कार्यक्रम चलाया और किसानों को अनेक सुविधायें दिलवायीं। लखनऊ कांग्रेस में स्वामी जी

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ने किसान-सभा का अखिल भारतवर्षीय पहला सम्मेलन किया। इस अ० भा० किसान सम्मेलन के भी अध्यक्ष स्वामी जी ही चुने गये, स्वामी जी ने किसानों की दशा की जाँच का प्रस्ताव कांग्रेस के सामने रखा। इस प्रस्ताव का बहुत से कांग्रेसियों ने विरोध किया। लेकिन; पण्डित नेहरू जी के समर्थन से सब दब गये और प्रस्ताव पारित हो गया। इसके अनुसार किसानों की समस्या की जाँच भी हुई। कुछ जमींदार श्रेणी के कांग्रेसियों के तिकड़म से कुछ प्रान्तों में जाँच नहीं भी हुई।

किसानों की भलाई के लिए स्वामी जी ने जमींदारों और ब्रिटिश सरकार से जितनी लड़ाइयां अपने नेतृत्व में लड़ीं; उनमें से एक-एक पर एक-एक ग्रन्थ लिखा जा सकता है।

अपने जीवन के बावनवें वर्ष में स्वामी जी ने जो व्याख्यान दिया था उसके लिए ब्रिटिश सरकार ने अभियोग लगाकर तीन वर्ष का कठोर कारावास दण्ड दिया। यद्यपि दो वर्ष में ही स्वामी जी मुक्त कर दिये गये। यह कारावास का दण्ड हजारीबाग के वन्दी गृह में हुआ था। इस वन्दी-जीवन के दो वर्षों में स्वामी जी ने अपने जीवन के सबसे चमत्कार पूर्ण कार्य किये। इस अवधि में उन्होंने सात पुस्तकों की रचना की। उन पुस्तकों का नाम निम्नांकित है :—
(१) मेरा जीवन संघर्ष। (२) गीता हृदय। (३) किसान सभा के संस्मरण। (४) क्रान्ति और संयुक्त मोर्चा। (५) किसान कैसे लड़ते हैं? (६) खेत और मजदूर। (७) झारखण्ड के किसान।

किसानों के उत्थान किंवा उन्नयन के लिये स्वामी जी ने अत्यधिक कार्य किये। किसानों में साहस और उत्साह पूरी मात्रा में भर दिये और किसानों के लिए एक पुस्तक लिखी—"किसान क्या करें?" अन्त तक वे किसानों के लिये युद्ध करते रहे। स्वामी जी वस्तुतः क्रांतिकारी व्यक्तित्व के एक सजग नेता थे। उन्होंने हस्तान्तरित सत्ता को कभी पसन्द नहीं किया। उनके कार्यों का पूरा लेखा जोखा लिपिबद्ध करना कठिन क्या असंभव है। उनका सं० १९४५ वि० को महाशिवरात्रि के दिन आविर्भाव हुआ था एवं २००७ वि० में उन्होंने अखण्ड समाधि ली।

卐

संसार के किसी पर्वत की जीवन कथा इतनी रहस्यमय न होगी, जितनी हिमालय की है। उसकी हर चोटी, हर घाटी हमारे धर्म दर्शन, काव्य से ही नहीं हमारे जीवन के सम्पूर्ण निःश्रेयस् से जुड़ी हुई है। जिस प्रकार गंगा-यमुना और अन्तः सलिला सरस्वती के बिना हमारे महादेश के सजल पर रहस्यमय हृदय की कल्पना नहीं की जा सकती, उसी प्रकार अभ्रंकष हिमालय के बिना देश के उन्नत मस्तक की कल्पना सम्भव नहीं है।

संसार के किसी अन्य पर्वत को मानव की सांस्कृतिक काव्य, दर्शन, धर्म आदि के निर्माण में ऐसा महत्व नहीं मिला है जैसा हमारे हिमालय को प्राप्त है। वह मानो भारत की संश्लिष्ट विशेषताओं का ऐसा अखण्ड विग्रह है, जिस पर काल कोई खरोंच नहीं लगा सका।

—महादेवी वर्मा

संभाषण (भारतीय संस्कृति की पृष्ठ भूमि) के सौजन्य से।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

संस्कार और मर्यादा के कवि 'निराला'

† कुबेर नाथ राय
(भूतपूर्व शिक्षक विक्रम विद्यालय)

परम्परा और साहित्य :

अँग्रेजी के प्रसिद्ध प्रगतिशील कवि स्टीफेन स्पेण्डर ने विगत वर्ष टोकियो में 'पी०-ई०-एन०' ('कवि-निबन्धकार-उपन्यासकार') के २६ वें अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन के अवसर पर पूर्व के साहित्यकारों को एक चेतावनी दी थी। स्पेण्डर के मतानुसार एशिया के लेखकों में प्रयोग और क्रान्ति एक बौद्धिक फैशन मात्र है क्योंकि यहाँ प्रयोगों की जड़ें परम्परा से रस-ग्रहण नहीं करतीं। स्वस्थ प्रयोग परम्परा की मिट्टी में जमता है और भविष्य के मुक्त वायुमण्डल में साँस लेता है। उर्ध्वमुख पवन-भक्षी 'आकाश-वेलि- जातीय' प्रयोग रुग्णता और अशुभ के सूचक हैं। रवीन्द्रनाथ के बारे में एक लब्ध-प्रतिष्ठ हिन्दी सम्पादक ने, जिनकी नजरों में साहित्यालोचन और प्रोपेगण्डा में आज भी कोई अन्तर नहीं, यही प्रश्न उठाया था और दौड़कर उसका उत्तर भी प्राप्त कर लिया। प्रश्न था : रवीन्द्रनाथ की कविता पर कबीर दादू आदि हिन्दी के सन्त कवियों का कुछ भी प्रभाव है या नहीं ? विश्वभारती के मठाधीश गुरु-लोग रवि बाबू की मौलिकता की रक्षा के उन्माद में कवि-कर्म की रचनात्मक प्रक्रिया को साफ डकार गये। पर मौलिकता का अर्थ क्या है ? कला और साहित्य के अन्तर्गत मौलिकता "परम्परा का अभिनव विकास" मात्र है। कवि के मौलिकतम कृतित्व में भी परम्परा तत्व का योग बारह आना रहता है और व्यक्तिगत प्रतिभा का सिर्फ चार आना मात्र। 'गीताञ्जलि' के गीतों में साफ निर्गुण भाव और वैष्णव प्रेम की झलक है। भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय संगीत के रस ग्राही भ्रमरों के बीच जिसका कण्ठ-फूटा उस रवीन्द्रनाथ का कबीर, सूर, मीरा और विद्यापति के गीतों से परिचय अवश्य रहा होगा, चाहे वे हिन्दी जानें या न जानें। फिर निर्गुण साधना तो सिद्धों के बाद सीधे हिन्दी और मराठी में ही उतरी है। इसके संस्कारों से उत्तर भारत का हरेक शिक्षित व्यक्ति जाने अनजाने प्रभावित रहा है। यहाँ पर प्रश्न 'नकलबाजी' का नहीं, प्रेरणा, प्रभाव और संस्कार-भूमि का है, जिसमें भावों के बीज अंकुरित होते हैं। यदि ये सहजातीय और सम-जातीय संस्कार न रहें, तो कवि कोटि-कोटि अपरिचित पाठकों के अन्दर रागात्मक तादात्म्य स्थापित करके रस-दशा जगने का कारण यही है कि दोनों में समान संस्कार विद्यमान हैं, जो उस देश की परम्परा द्वारा उत्तराधिकार में दोनों को प्राप्त है। प्रेम साधना को कबीर अग्निमय 'चुनरी' कहते हैं, रवि बाबू 'कृपाण'। 'राम' और 'जीवन

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

देवता' में शब्दों का भेद है। 'वधू' प्रतीक दोनों में आश्चर्यजनक भाव-समता से आया है, जिसे प्रो० प्रियरंजन सेन ने क्रिश्चियन प्रभाव समझ लिया।

टी० एस० इलियट ने कविकर्म में परम्परा के महत्व का विवेचन करते हुए बताया है कि रचना-प्रक्रिया में सिर्फ दो तथ्य महत्वपूर्ण योग देते हैं। पहला है, अनवरत निर्वयक्तिकरण, अर्थात् शिल्पकार की व्यक्तिगत राग-मोह आदि से तटस्थता, और दूसरा है शिल्पकार या कवि की ऐतिहासिक दृष्टि। इलियट ने अधिक महत्व इस द्वितीय तत्व को दिया है। ऐतिहासिक दृष्टि की परिभाषा उसने "वर्तमान की अतीतता (अतीत की अतीतता नहीं) का ज्ञान" कह कर दी है। *उदाहरण के लिए पश्चिमी साहित्यकार के लिए 'ऐतिहासिक दृष्टि' का व्यावहारिक अर्थ हुआ उन सारे संस्कारों द्वारा उत्पन्न दृष्टि। जो हो होमर से लेकर आज तक यूरोपियन साहित्य के अन्दर विकास पा चुके हैं। इस दृष्टि के अभाव में कोई भी कवि अपने सामयिक अनुभवों को चिरन्तन प्रवाह में रख कर उनका मूल्यांकन नहीं कर सकता और न उसके कृतित्व में चिरन्तनता ही आ सकती है। स्मरण रहे कि यहाँ परम्परा का अर्थ उसका प्राणवान भाग है। उसका 'विधिनिषेध' वाला ऊपरी भाग तो समय के साथ पुराना पड़ता है, झड़ता है और उसमें से नवीन गुम्फ निकलते हैं। परम्परा के द्वारा संस्कारित आधुनिक अनुभूति की व्यंजना का उदाहरण इलियट का 'वेस्ट लैण्ड' है जो यूरोप में २० वीं शती के पूर्वार्द्ध की सर्वश्रेष्ठ काव्य-कृति है।

निराला : परम्परा, संस्कार और मर्यादा के कवि : निराला जी के बारे में एक भ्रान्त धारणा समस्त हिन्दी जगत में आज भी फैली हुई है यद्यपि इस समय इसका चढ़ाव नहीं उतार है। सामान्य साहित्यिक की नजरों में निराला जी विद्रोह, बन्धन-मुक्ति और प्रयोग के कवि हैं। इस भ्रान्ति को फैलाने में उनका अगड़धत्त स्वभाव और उनका उपनाम भी कम दोषी नहीं। परन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर ज्ञात होता है कि निराला भी परम्परा और संस्कार के कवि हैं। वास्तव में साहित्य के अन्दर 'सम-सामयिक-मूल्यांकन' का भी एक काल होता है और उस काल में की गई साहित्य या साहित्यकार की व्याख्या तटस्थ नहीं होती। सम-सामयिक आलोचक भी उन्हीं थपेड़ों और धक्कों, उसी स्नेह और दुलराव को भोगता है, जिन्हें कवि ने वरण किया है। कवि तो अपने वरण में तटस्थ है, पर सामान्य आलोचक या पाठक के लिए यह तटस्थता असम्भव है। अतः वह आलोचक अपने हृदय की छाया कवि-कृति पर आरोपित कर देता है। कालान्तर में उस युग का दौर समाप्त होने के एक दशक बाद जब हम उसकी चुम्बकीय परिधि से भी बाहर हो जाते हैं तो हमें तटस्थ रूप से उक्त कवि के कृतित्व पर सोचने का अवसर मिलता है। आज जब हम छायावाद की चुम्बकीय परिधि को भी पार कर, दूर निकल गये हैं, निराला की व्याख्या बदलने की या पुरानी व्याख्या के पुनर्परीक्षण की नितान्त आवश्यकता है।

एक समय था जब तुलसीदास को भी उनके समाज-दर्शन और माध्यम के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के पुरोहित वर्ग ने 'विद्रोही' घोषित किया। पर आज की तटस्थ दृष्टि हमें बताती है कि तुलसीदास भारतीय परम्परा और मर्यादा के, बाल्मीकि-व्यास के बाद, तीसरे प्रहरी हैं। निराला के अन्दर उन्हीं

*देखिये 'सेक्रेड वुड' ('ट्रेडीशन एण्ड इन्डिविजुअल टैलेण्ट')

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

परम्पराओं और संस्कारों की खण्डित और बिखरी हुई झलक मिलती है। आदेश वही है पर दुर्भाग्य-वश वह आयाम और एकसूत्रता नहीं। काल-भेद और व्यक्ति-भेद के कारण ऐसा हुआ। प्रतीकवादी कविता के जनक बाँदलेयर के बारे में भी यही घटित हुआ। इसी से उन्हें 'खण्ड-दान्ते' *कहा जाता है। उसी भाँति निराला भी 'खण्ड-तुलसीदास' हैं।

डब्ल्यू० बी० यीट्स ने अपने बारे में लिखते हुए एक मार्के की बात कही है। प्रत्येक कवि और साहित्यकार की रचना और उसके व्यक्तित्व पर एक छद्म-चेहरा लगा होता है। सच्चा आलोचक उस चेहरे को उतार कर उससे ढकी सच्चाई को पहचानता है। बाँदलेयर की नास्तिकता और सन्देहशील दृष्टि उसका छद्मवेश है। उसके अन्तराल में विशुद्ध विश्वास और मसीही करुणा का निवास था। उसी तरह निराला के व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों में उद्धतपन' जिसे 'विद्रोह' भी लोग कहते हैं, केवल 'छद्म-वेश मात्र है। उसके अन्तराल में मर्यादा और संस्कारों का शान्त और शुभ सौन्दर्य है।

कवि के संस्कारों की पृष्ठि भूमि :

निराला मूलतः एक भक्त कवि हैं। वैष्णव और शाक्त दोनों प्रकार की साधनाओं का गहरा असर उनकी रचनाओं में विद्यमान है। रवीन्द्रनाथ के 'जीवन-देवता' और निराला के 'प्रिय' दोनों कई अर्थों में समान हैं। पर रवि बाबू के 'जीवन-देवता' के अन्दर अधिक अतीन्द्रियता और निर्गुणता मिलती है। यद्यपि वे अपनी महान प्रतिभा के बल पर उस पारदर्शक देवता का भी बिम्ब-ग्रहण करा देते हैं। निराला के 'प्रिय' में कवि के सूरदास और विद्यापति के उत्तराधिकारी होने के कारण, सगुणता का पुष्ट आरोप है। यहाँ तक कि उन गीतों में भी जो परम्परागत भाष्य के अनुसार निर्गुण माने जाते हैं, सगुणता अन्तर्निहित है। यथा :—

"कैसी बजी बीन
सजी मैं दिन-दीन
हृदय में कौन वह छेड़ता है बाँसुरी
हुई ज्योत्स्नामयी अखिल मायापुरी"

स्पष्ट ध्वनि—

"आ धनि, सजी यामिनी, भली
मन्द पद आ, वन्द-कुञ्ज-उरकी गली;
मञ्जु-मुखरित कलि-दल-समासीन
देख, आरक्त पाटल-पटल खुल गये
माधवी के खुले गुच्छे नये
मलिन-मन दिवस-निशि,
तू क्यों रही क्षीण ?"

यहाँ सगुणता भक्त-कवियों की तरह-स्थूल रूप विधान पर आश्रित नहीं, बल्कि सूक्ष्म भाव-तारतम्य पर निर्भर है। भक्ति और रहस्यवाद दोनों में सगुणता लायी जा सकती है। निर्गुण रहस्यवाद के प्रतीक या तो रंगहीन और दार्शनिक होते हैं अथवा उनके रंगों से कोई इन्द्रिय-बोध पाठक के भावाकाश आकाश में नहीं जगता। वे प्रतीक 'अतिमानव' या 'अपरा' से सम्बन्धित होते हैं—जैसे सूली के सेज; अग्नि-वधू, मृत्यु एक महा-मिलन, सूर्य और चन्द्र (प्रिय के नयन), बादलों के बीच से झाँकने वाला प्रिय-मुख आदि। इन प्रतीकों की इन्द्रियानुभूति नहीं हो सकती। इनके द्वारा व्यञ्जित भाव भी पारदर्शक होंगे। इस "इन्द्रिय-बोध" के सिवाय और कोई तत्त्व नहीं, जो व्यंजना के क्षेत्र में सगुण को निर्गुण से अलग कर सके। सगुण व्यंजना पाठक के अन्दर

*'डिवाइन कामेडी' ('स्वर्ग संतरण') का रचयिता और इटैलियन भाषा का सर्वश्रेष्ठ कवि।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

रंग-युक्त, रूप-युक्त गाढ़ा-इन्द्रिय-बोध जगाती है। अन्यथा अनुभूति की तीव्रता में निर्गुण और सगुण का भेद मिट जाता है और निर्गुण कवि भी दार्शनिक तत्वों को भूल कर प्रतीकों का आश्रय लेता है और कभी-कभी उसकी व्यंजना भी सगुण हो जाती है।

ऊपर के चित्र में 'प्रिय' इम कवि या प्रिया के अन्तर में है। अन्तर में ही होने से वह निर्गुण प्रिय नहीं हो सकता। यदि हृदय में वर्तमान है, तो सगुण है, यदि किसी अन्य उच्चतर धरातल (सहस्रार चक्र या "अतिमानस" सुपर माइण्ड) में उसकी अनुभूति होती है, तो वह निर्गुण है। आधुनिक रहस्यवाद या बंगाल के वैष्णव कवियों के रहस्यवाद में अनेक भावात्मक चित्र आये हैं, जो ऊपर से देखने में निर्गुण हैं, पर अन्तराल में सगुण हैं। इसकी परख के लिए दो कसौटियाँ हैं—एक तो प्रतीकों का स्वभाव और दूसरा भाव का स्रोत विन्दु (हृदय या अति मानस ?)

यह चित्र अभिसार का आमन्त्रण है। समस्त अन्तर्गत स्वर के इन्द्रजाल की माधुरी में मायापुरी बन जाता है। ज्योत्स्ना सम्मोहन भूलभुलैया और मोह के वातावरण की सृष्टि करती है। ये सभी बिम्ब ऐसे हैं, जिनका पाठक के भावाकाश में गाढ़े चमकीले रंगों वाला इन्द्रिय बोध होता है। अतः यह साजन सगुणता का वातावरण है। कवि यहाँ मध्ययुग के प्रतीक और संस्कार दोनों ग्रहण करता है—व्यंजना की शैली में अन्तर इसलिए है कि आलम्बन बाह्य नहीं है। एक तो युग की मांग आन्तरिक आलम्बनों की है। दूसरे, मध्ययुग में मन की जो प्रतिक्रियाएँ हमारे लिए रहस्य थीं आज के मनोविज्ञान ने उनकी प्रयोगात्मक व्याख्या देकर उन्हें परिचित करा दिया है अतः युगाभिरुचि आन्तरिकता की ओर झुकी हुई है।

यह सगुण भावात्मकता आगे चलकर अपनी नाटकीयता और भंगिमा के द्वारा अधिक यथार्थ हो जाती है -'अरी प्रिये, अरी बाले, तू आ। तू मन्द पद आ। इस कुंज उर की गली बन्द है।" इस एकान्तता और गोपनीयता के संकेत के बाद कुछ प्रकृति चित्रों का "उद्दीपन" के रूप में प्रयोग है, जिससे अभिसार और रति-भाव का वातावरण और गाढ़ा हो उठा है। अन्त में प्रिया के मुख की ओर देखकर प्रिय का कथन—"मलिन-मन, दिवस निशि, तू रही क्यों क्षीण ?" नाटकीय भंगिमा की सूक्ष्म व्यंजना है। ऐसी भंगिमा तुलसीदास और शेक्सपीयर की पंक्तियों में ही मिलती है।

यह निश्चय ही निर्गुणिया-पद नहीं, लीला-गान है। रवि ठाकुर के 'जीवन-देवता' मूलत निर्गुण हैं। 'गीताञ्जली' तो निर्गुण-लय का विस्तार-मात्र है। इसके पीछे ठाकुर परिवार के मूर्तिपूजा विरोधी ब्राह्म-समाजी संस्कारों का प्रभाव है, जिसे रवीन्द्रनाथ ने अपने प्रारम्भिक निबन्धों और पैम्फलेटों में भी उद्घोषित किया है। उनके उपन्यास 'गोरा' में ब्राह्म-समाजी संस्कारों की विजय है। इसका अर्थ यह नहीं कि रविबाबू या बंकिम सम्प्रदायवादी थे। वास्तव में मनुष्य की भाषा में तटस्थ (न्यूट्रल शब्दों का अभाव है। यहाँ पर ऊपर की कही गई बात सिर्फ वैज्ञानिक विश्लेषण की दृष्टि से कही गयी है। परन्तु जब हम निराला पर विचार करते हैं, तो ज्ञात होता है कि उनकी प्रेरणा के स्रोत दो थे : हिन्दी भक्त-काव्य और रामकृष्ण परमहंस देव और दोनों ही सगुणोपासक। इसी से निराला का रहस्यवाद लीला-गान है।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

शक्ति की उपासना निराला ने कभी तो 'देवी' के रूप में की है और कभी 'प्रिया' के रूप में। पर ऊँची व्यंजना के उदाहरणों में दोनों मिलकर एकाकार हो जाते हैं। रत्नावली का भाव रूप और उसकी "नीलवसना शारदा" में परिणति अथवा "गत शत पथ पर निर्झर रथ पर तिमिरतीर हर तरुणे"! आदि इसके उदाहरण हैं। "शक्ति" 'आराध्या" "प्रिया" देहद्रु म पर लता-सी छाई हुई है। जीवन पर लगी कुंकुम-श्री की भाँति शोभा पाने वाली यह आराध्या शक्ति सारे स्नेह और सारी ऊर्जा का स्रोत है। शक्ति का यह बोध कवि को अपनी पत्नी के रूप में भी है, जो उसके कथा-साहित्य में ध्वनित है। हिन्दी में अज्ञेय और निराला ने आत्मचरित्र मूलक कथा साहित्य की सृष्टि की है। पर अज्ञेय में यह डी० एच० लारेन्स तथा जेम्स ज्वायस का अनुधावन है और निराला में समतलीय प्रति-धावन है।

शाक्त प्रभाव कवि को विवेकानन्द से मिले हैं। निरालाजी उन्मत्त अवस्था में अपने को विवेकानन्द मान बैठते हैं। रवीन्द्रनाथ उस युग के सबसे बड़े चुम्बक थे। उनकी ओर एक बार न खिंच जाना ही अस्वाभाविकता और संवेदनहीनता होती। निराला की कुछ कविताओं में रवीन्द्र की छाया आ गयी है और कुछ में निराला ने भावों की भिड़न्त की है। पर इनकी संख्या एक दर्जन से ज्यादा न होगी। एक तरह से निराला की भाव-भूमि और काव्य संस्कार रवीन्द्रनाथ से कुछ वाह्य उपकरणों को छोड़कर, अप्रभावित से ही रहे। रवीन्द्रनाथ की "माडरेट" मनोवृत्ति निराला के प्रतिकूल पड़ती थी। रवीन्द्रनाथ ने आकाशचारी आदर्शवाद से उद्बुद्ध होकर स्वदेशी आन्दोलन का विरोध किया तथा "चार अध्याय", 'घरे बाहिरे' उपन्यासों एवं अन्य कहानियों में भी स्वतन्त्रता-आन्दोलन का विरोध किया। यद्यपि इस विरोध के पीछे भी एक आदर्श था; फिर भी निराला की आत्मा के संस्कार दूसरे किस्म के थे। निराला को लोक-जीवन से संस्कार मिले थे और रवि बाबू आजीवन अभिजात वर्गीय वातावरण में रहे। आज से कई दशक पूर्व 'विश्व भारती' अभिजातीय आदर्शों का स्वप्न-फल थी। संस्कार भेद और प्रकृति के कारण ही वे विवेकानन्द की ओर रवि बाबू की अपेक्षा अधिक झुके। भविष्य में इस समस्या की और तटस्थ व्याख्या हो सकेगी। पर यह बात उनके सम-सामयिक आलोचकों को उतनी स्पष्ट नहीं थी। वास्तव में 'प्रभाव, 'प्रेरणा' और 'अनुकरण' तीनों अलग-अलग तथ्य हैं। 'प्रेरणा' में देश-काल-पात्र तीनों को बराबर श्रेय मिलता है और 'प्रेरक' भी देश-काल का उसी अर्थ में पुत्र है; जिस अर्थ में 'प्रेरित'। पर 'अनुकरण' सिर्फ पात्र या व्यक्ति का होता है। तथा 'प्रभाव' इन दोनों के बीच की वस्तु है। रवीन्द्रनाथ के उदाहरण से हिन्दी-छायावाद को 'प्रेरणा'-मात्र मिली। प्रभाव पंतजी को छोड़कर अन्य किसी ने नहीं ग्रहण किया।

वैष्णव और शाक्त प्रभाव के बाद उपनिषदों का निराला की भाव-धारा और शैली पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। उदात्तता और वैराग्य इन दोनों तत्वों के लिए वे उपनिषदों के ऋणी हैं। 'तुलसीदास' खण्ड काव्य में वैराग्य की व्यंजना का उदाहरण उत्तरार्ध में मिलता है। परवर्ती कविताओं में भी ऐसे भाव यत्र-तत्र बिखरे हैं। कवि का जीवन नीरस सूखी डाल या मरु-सा है। कवि का अन्तर इतना कठोर हो चुका है कि काम के तीर अब उसे विकल नहीं करते। यहाँ आया और उसने देखा कि कोई 'मेला' नहीं— और सांध्य वेला भी आ पहुंची। जगत को फूल-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

फल देने के बाद, अपनी प्रभा से क्षणों को प्रकाशमान बनाने के बाद क्या हाथ लगा? यह सूखी डाल, जिस पर पिकशिखी अब बैठकर मधु-कल्लोल नहीं करते? सारा पुष्पित और पल्लवित जीवन अनश्वर के महा-प्रवाह की व्यञ्जना मात्र है। पर अनश्वरता की इस पहचान से कवि आत्मघाती कभी नहीं बनता। वैराग्य की उदासीनता को वह पहचानता है, मर्म पढ़ता है। बस। लोक-जीवन से वह इतना अधिक जुड़ा है कि पलायित न हो सकता, यद्यपि, जगत जिसे मधुर शोभा समझता है, उसे वह समझ चुका है।

निराला की हाल की रचनाओं में मृत्यु और वैराग्य का स्वर कभी-कभी बहुत ऊँचा बज उठता है— "तुम्हारा स्पर्श मिला। तुम्हारा गान सुना। ऐसा लगा कि मरण तुम नहीं) छद्मवेश में सिरहाने खड़ा है। ऐसा लगा कि यह पछुँआ हवा विष के बीज बो गयी है।" आदि भाव उनकी हाल की कविताओं में है। निराला में वैराग्य-भावना, भक्ति कालीन कवियों को छोड़कर, अन्य किसी भी कवि से अधिक गहरी है। महादेवी के दुःख और वेदना में विप्रलम्भ की मार्मिकता और रहस्यवाद है—पर वैराग्य की - जगत के अनित्यता के बोध की बहुत ही कम उपस्थिति है। उसमें उस 'उदासी' का अभाव है, जो आत्मा में आग और लोहा भर कर हरेक अन्तर्मन के सोये शक्तिशाली बुद्ध को जगाती है।

लोक-जीवन से घनिष्टतापूर्वक जुड़े रहने के कारण वे संघर्ष से भगे नहीं। यहाँ पर भी विवेकानन्द के कर्मयोग का प्रभाव है। हिन्दी-साहित्य के आधुनिक काल में एक विलक्षण बात यह दृष्टिगत होती है कि इस पर अहिन्दी सन्तों, विशेषतः दयानन्द, महात्मा गाँधी विनोवा, विवेकानन्द और अरविन्द इन पाँचों का प्रभाव जितना पड़ा, उसकी तुलना में हिन्दी-भाषी स्वामी रामतीर्थ का प्रभाव नगण्य है। यद्यपि वे किसी से कम नहीं थे। इसका एक मात्र कारण है, उनका माध्यम-उर्दू-भाषा। उनकी लहर दिल्ली से आगे न बढ़ सकी। शब्दों का सम्बन्ध संस्कार से होता हैं, इसको ईसाई मिशनरी वाले तक पहचानते हैं। बाइबिल के अनुवाद की भाषा देख लें।

लोक-संस्कृति भारतीय संस्कृति का प्राणवान पहलू है। निराला की लोक-संस्कृति से घनिष्ठता उनकी गद्य रचनाओं (कुल्ली भाट, चतुरी चमार, भक्त और भगवान आदि) के अतिरिक्त कुछ गीतों में भी होती है। कहीं-कहीं तो उन्होंने लोक-छन्दों को भी अपना लिया है। जैसे-होली ध्वनि का एक उदाहरण है :

"चंग चढ़ी थी हमारी, तुम्हारी डोर न टूटी।
आँख लगी जो हमारी, तुम्हारी कोर न टूटी॥
जीवन था बलिहार, तुम्हारा पार न पाया।
हार हुई थी हमारी, तुम्हारी जोत न फूटी॥"

भाव स्फीति और संस्कार :

हरेक कवि को भाव और व्यंजना के आयाम को विस्तार देने का अधिकार है। तुलसी ने बाल्मीकि के द्वारा प्रयुक्त भाव को विस्तार दिया और व्यंजना को भी संवोधित किया। यह 'विद्रोह' नहीं 'विकास' है। निराला के बारे में भी 'विद्रोह' का आक्षेप कुछ इसी तरह का है। उनमें विद्रोह और अस्वाभाविकता का उन्हें अनुभव हुआ, जो द्विवेदी युग के आर्यसमाजी संस्कारों से प्रभावित थे। इस साहित्यिक आर्य-समाज या 'प्युरिटन'-वृत्ति का मूल्य सामयिक होता है। समय की मांग के अनुसार वीर छाती पर लोहे का तावा बाँध लेता है। वह काल जीवन का

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अत्यन्त महत्वपूर्ण काल होते हुए भी, जीवन कास्वाभाविक रूप नहीं कहा जा सकता। भारतीय संस्कृति में द्वैध-तत्व "वज्रादपि कठोर कुसुमादपि सुकुमार का प्राधान्य है।" एक अर्थ में द्विवेदी-युग ही अस्वाभाविक और एकाग्रही है। यह कबीर के अधिक निकट है। दूसरी ओर छायावाद भक्ति और रीति से अधिक सम्बन्धित है। वास्तव में हिन्दी-साहित्य के अन्दर "विद्रोह का प्रयोग" ("विद्रोह" नहीं) छायावाद के बाद दो रूपों में प्रविष्ट हुआ - प्रगतिवाद और प्रयोगवाद। पर दोनों फैशन मात्र थे और सूत्र ऐसे लोगों के हाथ में था कि ये जनता और साहित्य पर कोई अपना शुभ या अशुभ राजनीतिक या सामाजिक या नैतिक प्रभाव नहीं छोड़ सके। और यह दिवालियापन यहाँ तक बढ़ गया है कि एक वर्ग अपने को स्वयंभू मान बैठा है—अलख निरञ्जन! और, दूसरा वर्ग अपना दल बड़ा बनाने के लिए प्रेमचन्द, निराला को कौन कहे तुलसी-वाल्मीकि जैसे बड़े-बूढ़ों को घसीट कर मोर्चे पर खड़ा कर रहा है। यहाँ पर दो ही बात हो सकती हैं। या तो सुबह का भूला शाम को घर लौट रहा है, अथवा "मीन्स ऐण्ड एण्ड" का पुराना नाग-फाश।

कविता में प्रयुक्त संस्कारों की पहचान प्रतीकों द्वारा होती है। प्रतीक ही राष्ट्रीय-संस्कृति से उत्तराधिकार के रूप में मिलते हैं। प्रतीक रूप और शब्द पर निर्भर है। शब्द निर्भर है, ध्वनि के द्वारा जगाये 'स्फोट' पर। 'स्फोट' निर्भर है संस्कार पर। और इसी 'स्फोट' के बल पर प्रतीक मन में रस दशा को जगाते हैं।

निराला द्वारा प्रयुक्त प्रतीकों का यदि हम अध्ययन करें तो पता चलेगा कि वे संस्कृति की कवि-प्रसिद्धियों और कवि समयों से लिए गए हैं—विशेषतः महाकाव्यों से। उदाहरण के लिए—"सूखी री यह डाल वसन वासन्ती लेगी" में तपोरता पार्वती का प्रतीक काम में लाया गया है। सारा वर्णन 'कुमार संभव' की उमा के अलंकरण-हीन सौन्दर्य से पूर्णतः मेल खाता है। यह बड़ी दूर तक गहराई में चला गया है। डाल सूखी है—उमा तपोरता है। डाल 'स्मर हर' को वरेगी। शिव ने स्मर को भस्म कर दिया। भारतीय मर्यादा में शारीरिक सौन्दर्य हीन तत्व माना गया है। सौन्दर्य का वरण कामारि शिव द्वारा तभी होगा, जब वह तपस्या की आँच में तप कर शुद्ध हो जाय। अ-तपा कच्चा-सौन्दर्य, शिवम् तत्व के साथ एकाकार नहीं हो सकता। "कालिदास का जीवन-दर्शन दो शब्दों में व्यक्त किया जा सकता है : आत्म-नियमन और सप्राणता।" (डॉ० राधाकृष्णन् : भूमिका- मेघदूत : साहित्य एकाडेमी) फिर इस पावक-वरण का फल-लाभ है, कार्तिकेय कुमार। भारतीय संस्कृति बिना फल के प्रलय को हीन जीवन का लक्षण मानती है। सूखी डाल का यह तप-काल, यह पतझार 'पल्लव वसना वधू' के अन्दर ही परिणत होकर नहीं रह जाता। उसके बाद 'मधु-व्रत' और 'मधु-व्रत' के बाद फल-सृजन और उसका जगत के तोष के लिए दान। मर्यादा और शील के संस्कार ही कवि को इतनी दूर तक पल्लव-श्री से आगे तक सोचने को विवश करते हैं।

"मधुव्रत-रत वधू मधुर फल
देगी जग को स्वाद-तोष दल।"

हरिऔधजी भी कुछ ऐसा ही लिखते हैं। पर 'जग-स्वाद-तोष' तत्व उनसे छूट गया है—

"सुवर्ण मापी फल लाभ कामुका
तपोरता कानन रत्तिका लता।" (प्रिय प्रवास)

'तुलसीदास' और 'राम की शक्ति पूजा' (लता-

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अन्तराल-मिलन-प्रसंग) में प्रणय की व्यंजना है। व्यंजना अति ही तीव्र है—आत्मा के परमाणुओं के माध्यम से सारा चित्र ध्वनित होता है, पर अन्त में सब कुछ प्रकाश का एक बलवती धारा के प्राणवान वेग में बदल जाता है। निराला की 'प्रेयसी' में क्लासिकल प्रतीकों का बाहुल्य है। क्लासिकल रंग कहीं-कहीं इतना चटक हो जाता है कि अ-क्लासिकल प्रतीक भी अपना व्यक्तित्व छोड़कर उसी रंग में रंग जाते हैं।

"मिली ज्योति-छवि से तुम्हारी
ज्योति-छवि मेरी,
नीलिमा ज्यों शून्य से; बँध कर मैं रह गयी;
डूब गये प्राणों में
पल्लव-लता-भार
वन-पुष्प-तरु हार
कूजन-मधुर चल विश्व के दृश्य सब,
सुन्दर गगन के भी रूप-दर्शन सकल
सूर्य-हीरक धरा, प्रकृति नीलाम्बरा,
सन्देश-वाहक बलाहक विदेश के।
प्रणय के प्रलय में सीमा सब खो गयी।"

यहाँ पर क्लासिकल रंग बड़ा चटकीला है। सारी कविता का 'टोन' (चित्र कला-शास्त्रीय अर्थ में) उसी तरह, उसी भाव में कालिदासीय है, जिस भाव में मिल्टन की प्रत्येक लाइन को 'होमरिश' और 'वर्जिलियन' माना गया है। साथ ही, प्रणय की विराटता का संकेत तुलसी के द्वारा वर्णित काम-दहन के समान है, जिसमें सारी सीमाओं का एक ही भाव के अन्दर लोप हो जाता है।

'जागो फिर एकबार' इन पंक्तियों के अन्तर्गत एक नया विम्व (अरुण पंख तरुण किरण, उषा, पत्नी के रूप में सबेरे आकर जगाती है) प्रयुक्त है पर अपनी ऊपर की पंक्तियों के क्लासिकल 'टोन' में आत्मसात हो जाता है—

"प्यारे जगाते हुए हारे सब तारे तुम्हें अरुण पंख
तरुण किरण खड़ी खोल रही द्वार।"

निराला का 'बादल-राग' गति-संस्पर्शी बिम्बों और प्रतीकों से भरपूर है उसकी नाद-शक्ति इतनी पटु है कि मेघ पुरुष के सारे अंग-संचालन और अभिनय के संस्पर्शी बिम्ब पाठक के भाव आकाश में अपना सफल-स्फोट देते हैं। शब्द की संस्पर्श शक्ति (सेन्सुअसनेस Sensuousness) का ज्ञान हिन्दी में सर्वाधिक तुलसीदास और जायसी को था। "घन घमण्ड गरजत नभ घोरा" में जो 'संस्पर्श' या इन्द्रिय-बोध मानस या भावाकाश में अनुभूत होता है, वह "बादल नभ मह गरजत घोरा" के द्वारा नहीं होता। पहली पंक्ति पढ़ते ही गड़गड़ाहट और तड़ित पात का अनुभव होता है और दूसरी से सीधा-सीधा अर्थ। पहले में अर्थ प्राणवान इसलिए है कि शब्द संस्पर्शी (Sensuous) या इन्द्रिय-बोध-जनक हैं। यही कारण है कि मिल्टन ने इसे काव्य के तीन आवश्यक गुणों में एक माना है।

'बादल राग' की सारी शक्ति उसकी आधुनिकता पर नहीं, बल्कि उसके प्रतीकों पर टिकी है। यद्यपि कविता पूर्णतः आधुनिक है, पर इसके कंकाल में क्लासिकल अस्थियाँ लगी हैं, जिनका महत्व ऊपरी चर्म-सौन्दर्य से अधिक है। यही कारण है कि पन्तजी के 'बादल की तरह यह रंगीन मोम का पुतला नहीं, चलता-फिरता वज्रधर-देवता है। इस सफलता के अन्य भी कारण हैं, पर क्लासिकल प्रतीकों का महत्व बहुत अधिक है।

कविता के प्रथम खण्ड में बादल घमण्ड-पूर्ण मेघ है। द्वितीय खण्ड में वह वज्रधर पुरुष जिसकी कल्पना

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

के अन्तिम भीतरी पहलू में भारतीय देवता के संस्कार विद्यमान हैं। तृतीय खण्ड में वह अध्ययन अधीर 'सव्यसाची' बन जाता है जो सव्यसाची अर्जुन की तरह स्वर्ग-प्रवास समाप्त कर "पूर्ण-मनोरथ" लौट रहा है। उसके रथ का घर्घर नाद सुनाई पड़ रहा है—

"रथ का घर्घर नाद—
तुम्हारे आने का सम्वाद
हे त्रिलोक जित्! इन्द्र-धनुर्धर!
सुरबालाओं के सुख स्वागत!
विजय! विश्व में नवजीवन भर
उतरो अपने रथ से भारत।
इस अरण्य में बैठी प्रिया अधीर
कितने पूजित दिन अब तक हैं व्यर्थ,
मौन कुटीर।
आज भेंट होगी
हां, होगी निस्सन्देह
आज अनिश्चित पूरा होगा श्रमित प्रवास
आज मिटेगी व्याकुल श्यामा के अधरों की प्यास।

कालिदास के मेघ को भी देखकर सिद्धांगनाएँ चकित निहारती हैं। सुर-बालाएँ स्वागत करती हैं। मेघदूत की श्यामा भी इस कविता की 'प्रोषित-पतिका' मौन कुटीर निवासिनी, प्रिया की समसंस्कारी है। मेघ-पुरुष यहाँ दूत तहाँ स्वतः प्रियतम है। यही अन्तर है। कालिदास की तरह निराला भी समूचे विम्ब विधान की परिणति दाम्पत्य-प्रेम में करते हैं। कुबेर का दिया हुआ शाप उस प्रेम के वासानात्मक तत्व को संयमित और शासित करने के हेतु था। मेघ-पुरुष अर्जुन ने भी उसी भाँति संयम तप और सिद्धि के लिए प्रवास लिया था। इस तरह भाव साम्य काफी दूर तक चला जाता है।

मेघ पुरुष का अर्जुन-प्रतीक कविता के चौथे और पाँचवे खण्ड में भी वेश बदल कर आता है। चौथे खण्ड में मेघ को इन्द्र धनुष की सप्तक वीणा पर गाने वाला 'गुडाकेश' कहा गया है। गुडाकेश का अर्थ है निद्रा-विजयी अर्जन। यह अर्जुन के तप और संयम की ओर संकेत करता है जिसकी बीजरूप ध्वनि तीसरे खण्ड में ही विद्यमान है। अर्जुन को नृत्य-ज्ञान-गुरु का रूप उर्वशी में शाप द्वारा प्राप्त हुआ। इस तथ्य की स्मृति इन पंक्तियों में अन्तर्निहित है। यह स्मृति उसके तप-शील 'गुडाकेश' तत्व को और प्रगाढ़ रूप में व्यंजित करती है। 'गुडाकेश' तपस्वी और गायक भोगी. दोनों विरोधी रूपों के समावेश से मूल चित्र में विरोध न पैदा होकर प्रगाढ़ता आती है। इसे आज की आलोचनात्मक भाषा में कहते हैं 'तिर्यक प्रतीक-समाहार' यह कवि कर्म की अत्यन्त सूक्ष्म विधि है।

कविता के इस खण्ड में एक और विम्ब आया है शिशु क्रीड़ा-रत'। प्रारम्भ में वह 'अनन्त का शिशु' बाद में वह मुक्त शिशु हो जाता है जो स्वतः अनन्त है। नाथ-पंथ की परम्परा में परम तत्व को आकाश में बोलने वाला बालक कहा गया है –

"बसती न सून्यं, सून्यं न बसती अलख अगोचर ऐसा
गगन सिखर महि बालक बोले, ताको नाम धरोगे कैसा"
—गोरखनाथ

("न तो हम उसे बस्ती कह सकते हैं और न शून्य। उस गगन मण्डल के शिखर पर बोलने वाले बालक की कोई संज्ञा नहीं है।"

निराला का निर्गुण काव्य पर अधिकार माना जाता है। पर यह नहीं कहा जा सकता कि यह बिम्ब उन्हें गोरख से मिला है अथवा प्रतिभा के वेग से अपने आप खिच कर चला आया है। पर पाँचवे खण्ड का निरञ्जन' इसी शिशु बिम्ब का ऊपर

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

के अर्थ में एक प्रस्तार माना जा सकता है। कवि कहता है कि जो 'निरञ्जन' था वही सगुण बनकर 'नयन-अञ्जन'—श्याम रूप धारण कर लिया। यह श्याम प्रथमतः श्री कृष्ण की छवि का द्योतक है पर अन्दर से यह अर्जुन-प्रतीक की चरम परिणति है—क्योंकि अर्जुन, द्रौपदी और श्री कृष्ण तीनों का वर्ण श्याम था।

"आज श्याम घन, श्याम श्याम छवि
मुक्त कण्ठ है तुम्हें देख कवि
अहो कुसुम-कोमल, कठोर पवि
शत समुद्र-नक्षत्र-मन्द-रवि-संस्तुत,
नयन - मनोरञ्जन
बने नयन अञ्जन"

यह कृष्णार्जुन (जो मूलतः एक ही-'नर-नारायण' हैं) प्रतीक सगुणता की ओर संकेत करता है।

कविता के अन्तिम भाग में कवि क्लासिकल-भूमि को छोड़ कर फिर नवीन में आ जाता है। मेघ पुरुष वज्रधर और क्रान्ति का प्रतीक बन कर आता है। क्रान्ति का दर्शन और अभिजात वर्ग से उसका सम्बन्ध तथा उसके द्वारा आने वाली सरसता का विधान अत्यन्त स्पष्ट ढंग से अन्तिम भाग में वर्णित है। ओज, व्यंग और माधुर्य तीनों का विचित्र सम्मिश्रण है। व्यंग के बिना ओज में बौद्धिकता नहीं आती। "क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से तो नीर छलकता रहता है। प्लावन भूमि तो पंक है।" यह व्यंगसारी कविता का बौद्धिक प्राण है। यहाँ पर नवीन का उद्वेग देखते हैं। क्लासिकल स्तर नहीं है। वास्तव में 'बादल राग' की रंग-ध्वनि टोन) के 'प्रेयसी' के 'टोन' के विपरीत है। प्रथम में क्लासिकल वृत्ति कविता के भीतरी ढाँचे में निहित है और दूसरे में वह वाह्य है।

एक शब्द या प्रतीक के पीछे उसके साधारण अर्थ के बाद में 'छाया-अर्थों' की अनेक पर्तें होती हैं। कविता का सामान्य अर्थ इन 'छाया-अर्थों' से ज्यादा सम्बन्ध भले ही न रखे पर व्यंजना की सूक्ष्म प्रक्रिया का अध्ययन और "भाव-स्फीति" इन्हीं छाया-अर्थों द्वारा होती है। मन में रस दशा को जगाने का कार्य 'साधारण अर्थ' और 'छाया-अर्थ' दोनों के मेल से होता है। यह बात ऊपर की विविध व्याख्याओं से स्पष्ट है।

निराला की 'भिक्षुक' कविता प्रगतिवादी समझी जाती है। निस्सन्देह यथार्थ का वह मार्मिक चित्र है। अन्त की पंक्तियाँ वर्तमान के यथार्थ से अतीत की भाव-भूमि का सम्बन्ध जोड़ कर उस मार्मिकता की व्यथा और बौद्धिकता दोनों को पुष्ट करती है। बौद्धिकता सनातन काव्य का आवश्यक लक्षण है। दुर्भाग्यवश प्रगतिवादी "सनक" में आकर आजकल वे पंक्तियाँ निकाल दी जाती हैं। उन्हें हम उद्धृत कर रहे हैं।

"मेरे हृदय में है अमृत, मैं सींच दूँगा
अभिमन्यु जैसे हो सकोगे, तुम
तुम्हारे दुःख को अपने हृदय में खींच लूंगा।"

सारी कविता की बौद्धिक गहराई 'अभिमन्यु' प्रतीक पर निर्भर है। कवि केवल व्यथा ही का अनुभव नहीं करता। वह कहता है : 'मैं अपने हृदय के अमृत (अर्थात् 'आत्मा') को तुम्हारे अन्दर डाल दूँगा, जिससे दैन्य और अत्याचार के महारथियों से घिरे रहने पर भी जीवन के अन्तिम क्षण तक अभिमन्यु की भाँति तुम युद्ध कर सको।" इसमें बौद्धिकता है। साथ ही संघर्ष का संकेत अधिक प्राणवान

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

है। इन पंक्तियों को निकालने पर कविता व्यथा की फोटोग्राफी मात्र रह जाती है। उसकी 'ध्वनि' मर जाती है। और ध्वनि ही रस की आत्मा है। इस तरह हम देखते हैं कि क्लासिकल प्रतीक या बिम्ब अपनी उपस्थिति से कविता में बौद्धिकता लाकर ध्वनि को जीवित करते हैं तथा आधुनिक वृत्ति को संस्कार प्रदान करते हैं। बौद्धिकता के बिना काव्य चित्र काव्य मात्र है। निसन्देह बौद्धिकता रस के आवेश में मार्जित हो जानी चाहिए, अन्यथा काव्य उपदेश ग्रन्थ बन जायगा। 'कामायनी' बौद्धिकता और रस परि-पाक के मेल का उत्तम उदाहरण है। - बौद्धिकता-हीन कविता सिर्फ गोप गीतों तक ही मान्य हो सकती है। क्योंकि इनकी परिधि लघु होती है। पर वहाँ पर भावना की सचाई चाहिए। यह द्वितीय श्रेणी का काव्य है। तृतीय श्रेणी में यथार्थवादी सतही चित्र काव्य, और रस-मार्जन से हीन बौद्धिक काव्य आता है। प्रगतिशीलों के बहुत बड़े कवि नाजिक हिकमत (तुर्की) की एक कविता है :

> "मेरे दोस्त, मेरे दो दिल हैं
> एक तो तुम्हारे पास है, ऐ अजीज कामरेड,
> दूसरा मास्को में स्टालिन के पास।"

यदि बुद्धि कुंठित नहीं हुई है, तो कोई भी इसे कविता कहने में एक बार हिचकेगा।

छन्द प्रयोग :

निराला के 'विद्रोही' होने का भ्रम उनके छन्दों के कारण अधिक प्रचारित हुआ। हम कह चुके हैं कि छायावाद 'भाव-स्फीति' और 'अर्थस्फीति (शब्दों के परम्परागत अर्थ आयाम का धरातल और गहराई दोनों में विस्तार) का काल है। इसमें परिपाटी समस्त छन्द उपयोगी नहीं हो सकते। यही कारण है कि भावों के ऐन्द्रिय बोध के अनुरूप उन्होंने नये छन्दों को गढ़ा और कुछ मुक्त छन्द भी गढ़े जिनका अनुकरण ही नहीं बेसमझे-बूझे अनुधावन भी खूब हुआ।

यहाँ पर दो प्रश्न उठाये जा सकते हैं। क्या 'मुक्त छन्द' नया प्रयोग है। और, क्या 'मुक्त-छन्द' सचमुच 'मुक्त' है। दोनों का उत्तर 'नहीं' है।

जहाँ तक प्रथम प्रश्न का सम्बन्ध है निराला ने स्वतः कई स्थलों पर बताया है कि मुक्त छन्द की पर-म्परा वैदिक युग से आती है। सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाय तो भारतीय कविता का प्रारम्भ ही मुक्त छन्दों से होता है। ऋग्वेद की ऋचाएँ अतुकान्त और वर्णों की अनिश्चित संख्या वाली पँक्तियाँ हैं जिनमें सिर्फ स्वराघात ही मूल माप है। मुक्त छन्द भी बहुत कुछ यही है। इसी 'स्वराघात' के स्थान पर आज 'प्रवाह' (लयात्मकता) चलता है। छन्दों का वर्तमान रूप तो महाकालों से चलता है और वह भी प्रारम्भ में अतुकान्त अधिक था। तुक की परम्परा हरिऔध जी ने तोड़ी थी पर वह 'विद्रोह' नहीं 'शास्त्र-सम्मत' माना गया, क्योंकि संस्कृत महाकाव्यों से सबका सीधा परिचय है। पर वेदों के बारे में तो हम सुनते ही हैं, सीधा परिचय तो बहुत कम लोगों को है। यही कारण है कि मुक्त छन्दों को विद्रोह मानने की हमने भूल की है। आश्चर्य यह है कि यह भूल और विरोध उसी वर्ग से उठा जो संस्कृत को धरोहर का स्वामी बनता था। अंग्रेजी के मुक्त छन्दों के मूल में "स्प्रङ्गरिदम" का विधान है, जिसका स्रोत आदि-कालीन आँग्ल सैक्सन के युग में "अनुप्रास छन्दों" में निहित है। आँग्ल सैक्सन साहित्य से

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सम्बन्धहीनता के कारण वहाँ भी मुक्त छन्दों का प्रारम्भ में अनादर हुआ।

दूसरे प्रश्न का उत्तर निराला के द्वारा 'माधुरी' की पुरानी फाइलों में प्रकाशित 'पंतजी और पल्लव' नामक निबन्ध में दिया जा चुका है। 'मुक्त छन्द' का अर्थ छन्द मुक्तता नहीं यदि छन्द का अर्थ 'परिपाटी' न होकर केवल 'अनुशासन' हो। मुक्त छन्द में भी एक तरह का अनुशासन है। भाव और लय का अन्तर्ध्वनन। इसके अतिरिक्त हरेक मुक्त छन्द के अन्दर कोई न कोई पैटर्न अवश्य रहता है। पद्माकर के कवित्त "मुकुलन में कैलिन कछारन में ..." को तोड़ने पर उसकी लड़ियों में प्रवाह-मुक्तता आ जाती है। यदि वह कवित्त पंक्ति के अन्त में "है" पर न समाप्त होकर अपने लय को आगे बढ़ाता चले भाव के अनुसार, तो 'मुक्त छन्द' बन जायगा। इसी तरह अन्य मुक्त छन्द वाली कविताएँ भी कोई न कोई पैटर्न लेकर चलती हैं। उस पैटर्न का नमूना यदि लिखित पिंगल में नहीं है तो अलिखित लोक-पिंगल में अवश्य मिलेगा। बिना (पैटर्न भीतरी 'बंधन') के लय नहीं आ सकती, बिना लय के प्रवाह नहीं आ सकता और बिना प्रवाह के 'मुक्त छन्द' का "रूखा गद्यत्व" नहीं नष्ट किया जा सकता। अतः 'मुक्त छन्द' निश्चय ही छन्द-मुक्त नहीं है।

हर राष्ट्र की बड़ी संस्थाएँ उसके अस्तित्व की उपाधियाँ होती हैं और वे किसी दूसरी जाति के सांचे के हिसाब से नहीं बदल सकतीं। जब तक उच्चतर संस्थाएँ विकसित नहीं होतीं, पुरानी संस्थाओं को तोड़ने का प्रयत्न करना भयानक होगा। विकास सदैव क्रमिक होता है।

संस्थाओं के दोष दिखाना आसान होता है, चूँकि सभी संस्थाएँ थोड़ी बहुत अपूर्ण होती हैं, लेकिन मानव जाति का सच्चा कल्याण करनेवाला तो वह है, जो व्यक्तियों को, वे चाहे जिन संस्थाओं में रहते हों, अपनी अपूर्णताओं से ऊपर उठने में सहायता देता है। व्यक्ति के उत्थान से देश और संस्थाओं का भी उत्थान अवश्य होता है। शील-वान लोग बुरी रूढ़ियों और नियमों की उपेक्षा करते हैं और प्रेम-सहानुभूति और प्रमाणिकता के अलिखित और अधिक शक्तिशाली नियम उनका स्थान लेते हैं। वह राष्ट्र बहुत सुखी है, जिसका बहुत थोड़े से कायदे-कानून से काम चलता है, और जिसे इस या उस संस्था में अपना सिर खपाने की जरूरत नहीं होती है। अच्छे आदमी सब विधि-विधानों से ऊपर उठते हैं, और वे ही अपने लोगों को—वे चाहे जिन परिस्थितियों में रहते हों—ऊपर उठाने में मदद करते हैं। 卐

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

नैतिक शिक्षा की जरूरत

❀ राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल
कक्षा-११ (वाणिज्य)

मानव जीवन अनादिकाल से ही शांति तथा सुख के लिये भटक रहा है। आज की सामाजिक स्थिति और भी सोचनीय हो गयी है। मनुष्य वह चाहे किसी भी समुदाय का हो शांति की खोज में इधर उधर भटक रहा है। उसके मन में श्रद्धा तथा विश्वास प्रायः समाप्त हो गया है। हिंसा और प्रतिहिंसा की ज्वाला संसार को विनाश की चुनौती दे रही है। निष्काम भावना लुप्त हो चली है। समाज में मर्यादायें लुप्त हो चुकी हैं। वेद-शास्त्रों की बातें लोगों को मान्य नहीं हैं। गुरु के प्रति श्रद्धा नहीं है। गुरु द्वारा प्रदर्शित मार्ग उन्हें स्वीकार नहीं है। यही कारण है कि आज की स्थिति विषम से विषमतर होती जा रही है।

ऐसे समय में संसार को शान्त बनाये रखने वाली तथा आन्तरिक कलुष-भेदभाव को स्वच्छता का आलोक प्रदान करने वाली नैतिक शिक्षा की आवश्यकता है।

आज नैतिक शिक्षा के अभाव के कारण समाज में, देश में उच्छृंखलता बढ़ती जा रही है। जन-जीवन त्रस्त होता जा रहा है। हमारे समाज के लोग नैतिकता से छिटकते जा रहे हैं। आधुनिक पाश्चात्य सभ्यता ने हमें अपने आध्यात्मिक पथ से विपथ कर दिया है। बाह्य आडम्बर तथा तड़क-भड़क ने हमें स्वार्थ से भर दिया है। हम पथभ्रष्ट हो चुके हैं।

विद्यार्थी वर्ग किसी भी समाज का आशा का दीप होता है। पाश्चात्य सभ्यता और चलचित्रों के प्रभाव ने इस वर्ग के सामने भी अनेक समस्यायें खड़ी कर दी हैं। विद्यार्थी वर्ग भी कर्तव्यच्युत होता दिखाई पड़ रहा है। चलचित्रों का प्रभाव उनको नैतिकता के पथ से विचलित कर रहा है। विद्यार्थी गुरुभक्ति से भी दूर होते जा रहे हैं। छात्र-छात्रायें स्वयं को ही गुरु मानने लगे हैं। गुरुओं के प्रति उनका व्यवहार उचित नहीं हो रहा है।

हम दिन प्रतिदिन पतन के गर्त में गिरते जा रहे हैं। इसका कारण यह है कि हम नैतिकता को छोड़ते जा रहे हैं। नैतिकता से दूर होते जाने का कारण है बचपन से ही सही नीति की जानकारी नहीं होना। हमारे इतिहास में अनेक वीर और विद्वान पुरुषों का जिक्र है। उनके वीर और विद्वान होने का कारण उनकी नैतिक शिक्षा है। उनको ऐतिहासिक पुरुष बनाने के पीछे नैतिकता का बहुत बड़ा हाथ है।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

उदाहरण के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को लिया जा सकता है। वे इस विज्ञान के युग में पले, पुसे परन्तु उनको यश विज्ञान या आधुनिक सभ्यता के कारण नहीं मिला बल्कि सत्य, अहिंसा और नैतिकता से जुड़े रहने के कारण मिला। नैतिक आचरण से संयुक्त रहने के कारण ही वे आज इतने बड़े देश के राष्ट्रपिता के पद पर आसीन हैं। देश को समृद्धि की ओर ले जाने के लिये नैतिक शिक्षा की बहुत आवश्यकता है।

छात्र जीवन में शिक्षा की महती आवश्यकता है। उनके नैतिक शिक्षा के ज्ञान से हमारे देश का भविष्य उज्वल हो सकता है। हम सुनहरे भविष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर हो सकते हैं। विद्यार्थियों के ही हाथ में कल के भारत का भविष्य है।

इसलिये मैं अपने भाई-बहनों से अनुरोध करता हूं कि वे नैतिकता की दीप शिखा से पुनः भारत को उन्नति के शिखर पर पहुंचायें। फिर हम अपने प्राचीन 'जगद्गुरु' के गौरव से गौरवान्वित हों। प्यारा देश नैतिकता की दिपावली से जगमग हो जाय।

॥ ज्ञान-गंगा ॥

❀ अगर पुलिस पर ही भरोसा रखोगे तो याद रखो कि स्वराज्य कभी न मिलेगा ...... याद रखो कोई शेर की कुर्बानी नहीं देता, कुर्बानी के लिए भी बकरे को ही चुना जाता है। कमजोर होना ही मुसीबत का घर है।
—मदनमोहन मालवीय

❀ मनुष्य झुकने के लिए नहीं, वरन् सिर उठाकर आत्म सम्मान से आगे बढ़ने के लिए उत्पन्न हुआ है। किसी के अनुचित दबाव को आश्रय न दो, अन्याय को मत सहो। सत्य की रक्षा के लिए यदि आवश्यकता पड़े तो प्राण भी दे दो।
—महात्मा गांधी

❀ मैं नरक में भी उत्तम पुस्तकों का स्वागत करूँगा, क्योंकि इनमें वह शक्ति है कि जहाँ ये होंगी, वहाँ आप ही स्वर्ग बन जायगा।
—बाल गंगाधर तिलक

❀ यह पृथ्वी जो विविध भाषा-भाषियों और विविध धर्मावलंबियों को इस प्रकार धारण करती है जैसे वे एक ही परिवार के सदस्य हों, हमारे लिए दुधारू गाय की भाँति निरन्तर ऐश्वर्य की सहस्रों धाराएँ प्रवाहित करे।
— अथर्ववेद

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

राष्ट्र-भाषा हिन्दी सम्बन्धी भ्रान्तियाँ : कारण और निवारण

* डा० शिवमंगल राय
भूत-पूर्व शिक्षक—विक्रम विद्यालय

हिन्दी हमारी 'राष्ट्र-भाषा' है। किसी भी भाषा की भांति और वह भी, भारत जैसे विशाल बहु-भाषी देश में उसके लिए भी राष्ट्र-भाषा-पद की प्राप्ति एक गौरव-पूर्ण उपलब्धि है, किन्तु 'हिन्दी को दिया गया यह गौरव स्वाधीन भारत की दया की देन नहीं, कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है क्योंकि २६ जनवरी, १९५६ से लागू संविधान के निर्माण के पूर्व वह मुहम्मद गोरी की दिल्ली-विजय अर्थात् सन् ११९२ से लेकर तब तक हिन्दुस्तान की सम्पर्क भाषा के तथा सुदीर्घ काल तक राज-काज की भी भाषा के रूप में अपनी विस्मयकारी अहम् भूमिका का निवाह कर चुकी थी और वह भी शताब्दियों के उस सुदीर्घ-कालिक पराधीनता की अवधि में जब उसके जनक और स्वत्व के रक्षक तथा सम्वर्द्धक भारतवासी स्वयं अपने भी स्वत्व की रक्षा करने में स्वतः को सर्वथा असमर्थ पा रहे थे। ऐसी दशा में भी यदि राष्ट्र-भाषा हिन्दी के सम्बन्ध में भ्रान्तियां चाहे जिस किसी भी अंश अथवा अनुपात में व्याप्त हैं, अथवा मुट्ठी भर ही लोगों के द्वारा सही, अपनी स्वार्थ-सिद्धि हेतु तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर भ्रान्तियों की सृष्टि की जाती है, तो सत्य के सूर्य को भ्रान्तियों के कुहासों से मुक्त कर अपनी सम्पूर्ण शक्ति के साथ अपना तेज और ओज विकीर्ण करने में समर्थ बनाने के लिए उसके संघर्ष-मय अतीत पर विहंगम दृष्टि-पात अपरिहार्य है।

उद्भव, प्रशासकीय प्रोत्साहन और प्रसार :

हिन्दी का, जिसका दूसरा नाम 'खड़ी बोली हिन्दी' है, उद्भव ८वीं शताब्दी में शौर-सेनी अपभ्रंश से हुआ। दिल्ली और मेरठ के आस-पास बोल-चाल की भाषा के रूप में उसका विकास निरन्तर होता रहा। सन् ११९२ में मुहम्मद गोरी की दिल्ली-विजय के बाद विजेताओं ने अपनी भाषा अरबी अथवा फारसी में काम न चलने के कारण अपनी दैनिक आवश्यकताओं की आपूर्ति तथा राज-काज के भी संचालन के उद्देश्य से उसी को माध्यम की भाषा के रूप में ग्रहण किया। इस प्रकार राज्य का आश्रय मिलने तथा विजेताओं द्वारा उसी को सम्पर्क तथा राज-काज की भी भाषा के रूप में अपनाए जाने के उपरान्त तो जैसे-जैसे शासकों के साम्राज्य का विस्तार होता गया, हिन्दी का भी अनायास ही प्रचार और प्रसार बढ़ता गया। सन् १३२६ में मुहम्मद तुगलक द्वारा दौलताबाद को राजधानी बनाये जाने के साथ ही हिन्दी भी सम्पर्क और राज-काज की भाषा के सुदूर दक्षिण तक पहुँच गई। राज-काज की भाषा के गौरव से अभिभूत दकन के लोगों ने अपने लाभ के लाभ में हिन्दी का सीखना आरम्भ

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

किया और अल्प काल में ही उसके अध्ययन के प्रति उनका अनुराग इतना बढ़ा कि राजधानी के पुनः दिल्ली में स्थानान्तरित होने के बाद भी अध्ययन का वह क्रम निरन्तर चलता रहा।

भ्रान्ति-मूलक वक्तव्य :

सन् १७२० तक 'नागरी' और 'फारसी' लिपियों में लिखी जाने के बावजूद वह हिन्दी अथवा 'हिन्दुस्तानी' के ही नाम से हिन्दू, मुसलमान और योरोप से आने वालों के मध्य सम्पर्क और राज-काज की भाषा बनी रही। उस समय तक उसके सम्बन्ध में किसी को कोई भ्रम नहीं हुआ। उसका आरम्भ तो सन् १७२० के बाद के वक्तव्यों से हुआ जिनमें से तीन ऐतिहासिक महत्व के हैं।

प्रथम—दकन के वली ने सन् १७२१ में 'फारसी लिपि' में प्रस्तुत अपने दीवान (काव्य-संग्रह) की अरबी-फारसी मिश्रित खड़ी बोली हिन्दी को 'उर्दू' कहा। इसके पूर्व 'उर्दू' शब्द का प्रयोग किसी भाषा के नहीं, सैनिक शिविर अथवा सैनिक बाजार आदि के ही अर्थ में होता था।

द्वितीय—'प्रेम सागर' (सन् १८०३) की भूमिका में लल्लू लाल ने 'यामिनी भाषा छोड़ दिल्ली और आगरे की खड़ी बोली में कह नाम प्रेम सागर धरा।' लिखा।

तृतीय—लल्लू लाल प्रणीत 'लाल चन्द्रिका' की भूमिका (सन् १८९६) में डा० ग्रियर्सन ने लिखा—"जिस समय लल्लू लाल जी 'प्रेम सागर' की रचना कर रहे थे, एक सर्वथा नवीन भाषा का अन्वेषण भी कर रहे थे।"

इन वक्तव्यों से उत्पन्न भ्रान्तियों और उन भ्रान्तियों की प्रतिक्रियाओं को समझने में समर्थ होने के निमित्त उस काल में भारत में प्रचलित विभिन्न भाषाओं और उन भाषाओं के मध्य हिन्दी-हिन्दुस्तानी की स्थिति का ज्ञान आवश्यक है और इस आवश्यकता की आपूर्ति की आशा बहुलांश में उन पाश्चात्य विद्वानों के सम्पर्क भाषा सम्बन्धी निष्कर्षों से की जा सकती है जिन्होंने हिन्दी, उर्दू तथा किसी अन्य भी भारतीय भाषा के व्यामोह से सर्वथा मुक्त रह केवल अपने देशवासियों के अधिकतम लाभ के उद्देश्य से समय-समय पर भारत का भ्रमण और तत्कालीन प्रचलित भाषाओं की उपयोगिताओं का अध्ययन कर यहाँ की सम्पर्क भाषा के सम्बन्ध में अपना विचार व्यक्त किया।

पाश्चात्य विद्वानों के सम्पर्क भाषा सम्बन्धी विचार :

योरोप निवासियों में सबसे पहले सन् १४६८ में वास्कोडिगामा कालीकट आया और वहाँ के राजा जमोरिन से व्यापार की आज्ञा प्राप्त कर पुर्तगालियों के भारतीय व्यापार का आरम्भ किया! अपने अधिकतम व्यापारिक लाभ के लोभ में पुर्तगालियों ने अरबी-फारसी मिश्रित खड़ी बोली हिन्दी को सीखा और उसी के माध्यम से अपना व्यापारिक उत्कर्ष आरम्भ किया। योरोप से भारत आने वालों में सर्वाधिक सफलता अंग्रेज व्यापारियों को मिली। उनका प्रथम जल-पोत हेक्टर सन् १६०८ में सूरत पहुँचा। उन्होंने अपने भारतीय व्यापार का आरम्भ संकेतों और पुर्तगाली तथा हिन्दुस्तानी जानने वाले युवक दुभाषियों के सहयोग से किया; किन्तु इस माध्यम से होने वाली कठिनाइयों से त्राण पाने तथा अपने अधिकतम व्यापारिक हितसाधन के उद्देश्य से उन्होंने अरबी-फ़ारसी मिश्रित खड़ी बोली हिन्दी को जिसका पश्चिम के लोगों में सर्वाधिक लोकप्रिय नाम हिन्दुस्तानी था, सीखना शुरू किया। उनके

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सीखने की इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से किसी अज्ञात पाश्चात्य विद्वान ने सन् १६३१ में 'हिन्दुस्तानी-फारसी-पुर्तगाली और अंग्रेजी का एक चतुर्भाषी शब्द-कोश तैयार कर दिया। सन् १६२३-२४ में भारत का भ्रमण करने वाले पाश्चात्य विद्वान डेल्ला वाल्ले ने अपनी पुस्तक 'इण्डियन ट्रैवेल्स' में हिन्दुस्तानी को सम्पर्क भाषा और नागरी को उसकी लिपि लिखा। सन् १६५५ में टेरी ने, सन् १६६४ में हिनेक रॉथ ने, सन् १६६८ में केटेलेयर ने और सन् १७४३ में शूज ने भी डेल्ला वाल्ले के कथन का समर्थन किया। यदि सन् १६७३ में ओजीलवी ने 'मलय' को और फ्रायर ने 'फारसी' को यहाँ की सम्पर्क भाषा कहा तो केवल इसलिए कि ओजीलवी ने केवल बंगाल और उड़ीसा का भ्रमण किया जहाँ मलय द्वीप से घनिष्ठ व्यापारिक सम्बन्ध के कारण कुछ काल के लिये 'मलय भाषा' का भी प्रचलन हो गया था और फ्रायर ने केवल मुगल दरबार के सम्पर्क में रहने के कारण सन् १५८१ से प्रतिष्ठित दरबारी भाषा 'फ़ारसी' को ही हिन्दुस्तान की सम्पर्क भाषा भी समझ लिया जब कि तथ्य यह है कि 'मलय' अथवा 'फारसी' को हिन्दुस्तान की सम्पर्क भाषा होने का गौरव कभी नहीं मिला।

गिलक्राइस्ट से विलियम प्राइस तक के प्रयत्न :

सन् १७५७ में प्लासी-विजय के बाद अंग्रेजों का मनोबल बढ़ा और वे व्यापारिक उत्कर्ष के साथ-साथ साम्राज्य की स्थापना और उसके विस्तार तथा स्थायित्व के लिए भी प्रयत्न करने लगे। सन् १७८३ में कम्पनी की सेना में सहायक सर्जन के रूप में कलकत्ता आने वाले डा० गिलक्राइस्ट ने ईस्ट इण्डिया कम्पनी के मनोरथ को पूर्ण करने के लिए हिन्दुस्तानी भाषी क्षेत्रों का भ्रमण हिन्दुस्तानी का अध्ययन तथा 'अंग्रेजी हिन्दुस्तानी शब्द-कोश' (सन् १७८७) और 'हिन्दुस्तानी व्याकरण' (सन् १७९६) की रचना कर अंग्रेज जूनियर सिविल सेवकों को 'हिन्दुस्तानी' और 'फारसी' पढ़ाने के उद्देश्य से सन् १७९८ में कलकत्ता में 'ओरियेण्टल सेमिनरी' की स्थापना की। उनकी दृष्टि में सम्पर्क भाषा हिन्दुस्तानी की तीन शैलियाँ प्रचलन में थीं (१) फ़ारसी शैली. (२) हिन्दवी शैली और (३) हिन्दुस्तानी शैली। फ़ारसी शैली दरबार में प्रचलित थी तो हिन्दवी शैली केवल हिन्दुओं में। 'हिन्दुस्तान' हिन्दुस्तानी की महान सम्पर्क भाषा थी। अपने इसी दृष्टि-कोण के अनुसार उन्होंने सन १८०० में स्थापित 'फोर्ट विलियम कालेज' के हिन्दुस्तानी विभाग का जिसके वे आदि अध्यक्ष बने पाठ्य-क्रम तैयार किया और उस पाठ्य-क्रम की आवश्यकता की आपूर्ति के लिए सन् १८०१ और १८०३ के मध्य हिन्दुस्तानो की तीनो शैलियों में पाठ्य-पुस्तकों की रचना भी कराई। 'हिन्दुस्तानी भाषा' के लेखन में नागरी' और फारसी' लिपियों के अस्तित्व और महत्व को स्वीकारते हुए भी उन्होंने 'रोमन लिपि' को सर्वाधिक उपयुक्त और उपयोगी बताया। ईसाई धर्म प्रचारक चेम्बरलेन ने आगरा और पटना में रह कर और वहाँ की भाषाओं का अध्ययन कर सन् १८११ में आगरा की बहु प्रचलित भाषा को 'हिन्दुई' लिखा तो १८१४ में पटना में ऐसी प्रचलित भाषा को 'संस्कृत-हिन्दुस्तानी' कहा। उसने अपने १८१४ के पत्र में यह भी लिखा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यहाँ (पटना के आस-पास) के लोग हमारे धार्मिक गुटकों से इसलिए घृणा करते हैं कि इन में बहुत से मुसलमान शब्दों के प्रयोग हैं। डा० गिलक्राइस्ट की भाषा-नीति के चलते इस भाषा। जिसे वह 'हिन्दवी शैली' कहते

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ये) की उपेक्षा हो रही थी। ब्राउटन ने सन् १८१४ में लिखित अपनी पुस्तक 'सेलेक्सन्स फ्राम पोपुलर पोइट्री आफ हिन्दूज' की भूमिका में आधुनिक हिन्दी की इस उपेक्षा के प्रति क्षोभ व्यक्त किया। सन् १८१७ में विलियम हूपर ने 'यवन भाषा का व्याकरण' हिन्दी भाषा और नागरी लिपि में लिखा जिसके मात्र इस एक वाक्य से कि "संज्ञा और विशेषणों के रूप लिंग, वचन और कारक के अन्तर को प्रकट करते हैं" उस काल की हिन्दी के स्वरूप का अनुमान किया जा सकता है। सन् १८१८ में 'कलकत्ता स्कूल बुक सोसाइटी' की ओर से प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों के लिए प्रकाशित १३ पाठ्य-पुस्तकों की भाषा खड़ी बोली हिन्दी में अरबी-फारसी के शब्दों का मिश्रण एक दम नहीं है। २३ मई, १८२३ को 'फोर्ट विलियम कालेज' में 'हिन्दुस्तानी विभाग' के अध्यक्ष पद पर नियुक्त विलियम जाइस ने भी भली-भाँति स्पष्ट किया कि "हिन्दुस्तान के वृहत् जन-समुदाय की भाषा फारसी की ओर नहीं, संस्कृत की ओर उन्मुख खड़ी बोली हिन्दी है" किन्तु उस हिन्दी में पाठ्य-पुस्तकों की रचना न वह स्वयं कर सके और न दूसरों से ही करा सके। फलतः सरकार की भाषा-नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

भ्रान्ति के प्रमुख कारण : दुर्लभ संचार साधन :

आठवीं शताब्दी में शौर सेनी अपभ्रंश से उद्भूत खड़ी बोली हिन्दी सन् ११९२ के बाद व्यापक सम्पर्क की तथा राज-काज की भी भाप बनी और उसका विकास दो रूपों में - (१) मूल खड़ी बोली हिन्दी के रूप में और (२) अरबी फारसी मिश्रित खड़ी बोली हिन्दी के रूप में—हुआ; किन्तु यातायात के साधनों की दुर्लभता तथा प्रचार-साधनों के सर्वथा अभाव के कारण इस तथ्य को न तो दकन के वली जान सके और न ही फोर्ट विलियम कालेज के लल्लू लाल अथवा विश्व-विख्यात विद्वान डा० गिलक्राइस्ट। छापेखाने भी नहीं थे जिन में छप कर पुस्तकें प्रकाश में आती।

भ्रान्तियों की प्रतिक्रिया और परिणाम :

सन् १७२१ के वली के वक्तव्य की प्रतिक्रिया में अरबी फ़ारसी मिश्रित खड़ी बोली को फ़ारसी लिपि में ही लिखने का प्रयत्न गति-शील हुआ। सन् १७५२ में दिल्ली के हातिम ने 'उर्दू' को शिष्ट-जन की भाषा बनाने का आह्वान कर 'उर्दू' में लिखने के अभियान को तेज़ किया तो उसकी प्रतिक्रिया में संस्कृत-प्रेमी कुछेक विद्वानों ने भी अरबी-फ़ारसी मिश्रित खड़ी बोली हिन्दी को अरबी-फ़ारसी शब्दों के मिश्रण से मुक्त कर उसे संस्कृत-निष्ठ बनाने का प्रयास आरम्भ किया। इन प्रयत्नों की प्रतिक्रिया में अरबी-फ़ारसी मिश्रित खड़ी बोली हिन्दी, फ़ारसी तथा संस्कृत की ओर उन्मुख होने के कारण दो रूपों में विकसित होने लगी। लल्लू लाल के सन् १८०३ के कथन – "यामिनी भाषा छोड़ दिल्ली और आगरे की खड़ी बोली में कह" ने इस भ्रम की सृष्टि कर दी कि उनके 'प्रेम सागर' की रचना (१८०३ ई०) के पूर्व अरबी-फ़ारसी शब्दों के मिश्रण से मुक्त खड़ी बोली हिन्दी का अस्तित्व नहीं था जब कि शोधों से विदित है कि प्रेम सागर की ही भाषा में अजीर्ण मंजरी की टीका (सन् १७४६ , जैन पद्म-पुराण (सन् १७६१) और भाषा योग वाशिष्ट (१७६८) जैसे ग्रन्थों की रचना हो चुकी थी। इस तथ्य का पता न होने के ही कारण डा० ग्रियर्सन ने सन् १८१६ में 'एक सर्वथा नवीन भाषा का अन्वेषण' का उल्लेख किया जिसके कारण लल्लू लाल के भ्रान्त वक्तव्य की ही पुष्टि नहीं हुई, डा० अब्दुल हक और डा०

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ताराचन्द जैसे महान विद्वानों के भी मन में यह भ्रम उत्पन्न कर दिया कि आधुनिक हिन्दी' का उद्भव 'उर्दू' से हुआ और इस प्रकार आज की खड़ी बोली हिन्दी एक कृत्रिम भाषा है।

'उर्दू' और 'हिन्दी' के मध्य के इस द्वन्द्व से लाभ उठाने के उद्देश्य से अंग्रेजों के एक वर्ग ने 'अंग्रेजी' को ही हिन्दुस्तान की सम्पर्क भाषा और राज-काज की भी भाषा बनाने का अभियान आरम्भ किया और शनैः शनैः उसे तेज भी किया; किन्तु उस अभियान के दूरगामी परिणाम को जानने में समर्थ फर्रुखाबाद के डिस्ट्रिक्ट और सेशन जज सर जॉनशोर ने २० मई, १८३२ की मिनिट में अभियान की व्यर्थता और सम्पर्क भाषा के रूप में एक मात्र 'हिन्दुस्तानी' के औचित्य का उल्लेख किया; किन्तु तब भी अभियान चलता रहा। इससे क्षुब्ध हो कर उन्होंने सन् १८३३ में अंग्रेजी के अनौचित्य प्रभावी ढंग से प्रकाशित किया; किन्तु इतने पर भी अभियान से प्रभावित ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सरकार ने सन् १८३७ में एक संवैधानिक परिवर्तन कर सन् १५८१ से दरबारी भाषा के पद पर अधिष्ठित 'फारसी' के स्थान पर अंग्रेजी अथवा आंचलिक भाषा अर्थात् 'हिन्दुस्तानी' को प्रतिष्ठित कर दिया। 'फारसी' को वह गौरव पुन प्राप्त नहीं हो सका और उसके लिए कोई आन्दोलन भी नहीं हुआ क्योंकि सामान्य जन के लिए 'फारसी' भी उस समय तक विदेशी भाषा बन गई थी। अदालत से सम्बन्धित बाबुओं के 'फारसी लिपि' के प्रति व्यामोह के कारण वह 'हिन्दुस्तानी' शनैः शनैः 'उर्दू' का स्वरूप ग्रहण करने लगी।

पुनर्जागरण काल से अबतक की सम्पर्क भाषा :

कुरीतियों और आडम्बरों पर प्रहार कर भारतवासियों को स्वत्व का बोध कराने वाले आधुनिक भारत के आदि महामनीषी राजा राम मोहन राय ने सन् १८२८ में 'ब्रह्म समाज' की स्थापना और सन् १८२६ में 'वंग-दूत' नामक पत्र का प्रकाशन आरम्भ कर अपने अभियान को व्यवस्थित स्वरुप प्रदान किया। अपने सन्देश को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उन्होंने हिन्दी को अपने विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। संस्कृत में अपने सन्देशों के प्रसारण का कार्य आरम्भ करने वाले स्वामी दयानन्द सरस्वती ने भी 'ब्रह्म समाज' के महान नेता श्री केशव चन्द्र सेन के सुझाव (सन् १८७१) पर हिन्दी को ही अपने विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। स्पष्ट है कि अखिल भारतीय स्तर पर कार्य करने के निमित्त 'ब्रह्म समाज' और 'आर्य समाज'—दोनों ही ने हिन्दी के माध्यम से अपने अभियान को व्यापक बनाया। स्वाधीनता-संग्राम की सफलता में भी सम्पर्क भाषा हिन्दी का विस्मयकारी योगदान रहा। पंजाब के लाला लाजपत राय, गुजरात के महात्मा गाँधी, बंगाल के सुभाष चन्द्र बोस प्रभृत अनेक और असंख्य महापुरुषों ने भी राष्ट्र के व्यापक हित-साधन की दृष्टि से इसी को सर्वाधिक उपयोगी पाया। और, इसी उपयोगिता को दृष्टि में रखकर संविधान में भी 'हिन्दी' को ही 'राष्ट्र भाषा के पद' पर प्रतिष्ठित किया गया। पुनः इसकी इसी अशेष क्षमता से लाभ उठाने के लिए भारत सरकार ने नाना प्रकार का उपक्रम आरम्भ किया जो आज भी निरन्तर गति शील हैं। इतना सब कुछ रहने के

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

बावजूद यदि 'राष्ट्र-भाषा' हिन्दी के सम्बन्ध में कोई भ्रान्ति है तो उसके निराकरण का प्रयत्न अनिवार्य है।

उप-संहार :

तथ्यों से स्पष्ट है कि राष्ट्र भाषा (जिसका ही दूसरा नाम 'सम्पर्क भाषा' है) हिन्दी के नाम पर जो भी भ्रान्तियाँ रही हैं अथवा किन्हीं अंशों में आज भी हैं, उनका सम्बन्ध 'सम्पर्क भाषा हिन्दी' अर्थात् 'राष्ट्र-भाषा हिन्दी' से न कभी रहा है और न आज है। उनका सम्बन्ध तो आधुनिक हिन्दी साहित्य की भाषा और वह भी उसके संस्कृत निष्ठ स्वरूप से रहा है और आज भी किन्हीं अंशों में है; किन्तु इन भ्रान्तियों को 'राष्ट्र-भाषा' शब्द के साथ जोड़ कर 'राज्य और सरकार' की तरह इस ढंग से व्यक्त किया गया अथवा किया जा रहा है कि लगता है कि इनका सम्बन्ध राष्ट्र भाषा हिन्दी से हो है, जब कि तथ्य यह है कि मुहम्मद गोरी की दिल्ली-विजय (सन् ११९२ से लेकर अब तक वह कभी भी न तो संस्कृत निष्ठ खड़ी बोली हिन्दी रही है और न ही उर्दू। वह तो आठवीं शताब्दी में शौर सेनी अपभ्रंश से उद्भुत खड़ी बोली हिन्दी है जिसमें अरबी-फ़ारसी के भी जन-प्रिय शब्दों का मिश्रण होता रहा है। यह सामान्य जन के स्तर की वह भाषा है जिसका प्रयोग बोल-चाल और भाव-विनियम के अवसर पर होता है तथा जिसे पढ़े-लिखे, अपढ़ और गंवार भी समझते हैं। विदित है कि भाषा के अर्थ में 'हिन्दी' शब्द पहले-पहल प्रयोग 'हिन्द देश की भाषा' के अर्थ में हुआ था, 'आधुनिक हिन्दी' अपना 'उर्दू' के अर्थ में नहीं। उस समय तक तो खड़ी बोली हिन्दी का उद्भव हुआ था और न ही 'उर्दू' का। संविधान में भी 'हिन्दी' शब्द का प्रयोग इस 'हिन्द देश की भाषा' के ही अर्थ में किया गया है। स्पष्ट स्वाधीन भारत की 'राष्ट्र-भाषा हिन्दी' केवल हिन्दुओं अथवा हिन्दी-भाषियों की ही नहीं, भारतीय जन-समुदाय के सभी लोगों की चाहे उनकी मातृ-भाषा जो भी हो अपनी भाषा है। सर्व-विदित है कि जिन्हें हिन्दी भाषा भाषी कहा जाता है, उनकी भी अलग-अलग मातृ भाषाएँ हैं जैसे राजस्थानी, बुन्देल खण्डी, अवधी, भोजपुरी, मगही, मैथिली, आदि और उनमें से कई ऐसी भी हैं जिनके समृद्ध साहित्य पर गर्व किया जा सकता है। विदित है कि किसी भी साहित्य की भाषा अपनी शुद्धता और क्लिष्ठता के कारण जब सामान्य जन की सहज पहुँच के बाहर की हो जाती है, वह अपने भी क्षेत्र में सम्पर्क-भाषा की महती भूमिका का निर्वाह नहीं कर पाती। हिन्दी-उर्दू के द्वन्द्व और अंग्रेजी के सुदीर्घ कालिक प्रयत्नों के बावजूद हिन्द देश की भाषा 'अरबी-फ़ारसी मिश्रित खड़ी बोली हिन्दी' अपना स्वरूप अपरिवर्तित बनाये रखने में समर्थ रही है। अंग्रेजों के प्रशासन में यदि उसके स्वरूप में किंचित् परिवर्तन हुआ है तो वह मात्र इतना ही कि अरबी फ़ारसी के जन-प्रिय शब्दों की भाँति जज, बैरिस्टर, डाक्टर, प्रोफेसर, इंजिनियर, सेशन जैसे अंग्रेजी के भी शब्द मिल-खप कर उसमें एकाकार हो गये हैं। इससे 'राष्ट्र-भाषा हिन्दी' की क्षति नहीं, समृद्धि हुई है। अंग्रेजी के भी ऐसे शब्दों को निकालने और उनके स्थान पर संस्कृत अथवा फ़ारसी के शब्दों के प्रयोग की कोई भी कोशिश उसके हित में नहीं हो सकती।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

राष्ट्र-भाषा के गौरव-मय पद से सम्बद्ध होने के कारण यदि 'आधुनिक हिन्दी' का महत्व बढ़ा है, तो उसका दायित्व भी व्यापक हुआ है। ऐसे गुरु-गंभीर दायित्व का निर्वाह केवल तभी सम्भव है जब हिन्दी के साहित्यकार अपनी मौलिक रचना प्रक्रिया में संलग्न रहने के साथ-साथ अन्य विभिन्न भारतीय भाषाओं की श्रेष्ठ कृतियों का हिन्दी में अनुवाद भी करें। इससे हिन्दी भाषियों को अन्यान्य भारतीय भाषाओं की श्रेष्ठ रचनाओं की जानकारी होगी और इसकी प्रतिक्रिया में उनके मानस क्षितिज का विस्तार होगा। साथ ही हिन्दी का साहित्य भी समृद्ध होगा। ठीक इसी तरह अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त केवल एक भाषा हिन्दी का अध्ययन कर कोई भी अन्य भाषा-भाषी साहित्यकार भारत की समस्त भाषाओं की श्रेष्ठ रचनाओं को जान और उनका अपने अंचल की भाषा में अनुवाद कर अपने साहित्य को समृद्ध करने में समर्थ हो जायेगा। साहित्य के माध्यम से होने वाले इस प्रकार के अन्तर-प्रादेशिक भाव-विनियम तथा विचारों के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय स्तर पर लोगों में पारस्परिक आत्मीयता बढ़ेगी जिसकी प्रतिक्रिया में राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी और समस्त भारतवासियों के आपसी सहयोग से भारत का सर्वतामुखी विकास भी सहज संभव हो जायेगा। यह प्रक्रिया न तो सर्वथा नवीन है और न ही अपमान जनक अथवा असम्भव। सम्राट अकबर ने—

"पीथल सूं मज़लिस गई, तानसेन सूं राग।
हँसिबो रमिबो बोलिबो, गयो बीरबल साथ॥"

जैसे दोहे की रचना की तो वाल्मीकीय रामायण आदि का 'फ़ारसी' में तथा फ़ारसी की कुछेक रचनाओं का हिन्दी में अनुवाद भी कराया। इससे उसकी महानता घटी नहीं, और बढ़ी ही। असल में भाषा चाहे वह जो कोई भी हो, किसी जाति, वर्ग, वर्ण अथवा क्षेत्र तक न तो सीमित रखने की चीज है और न ही सीमित रहती है। यदि ऐसा होता तो कबीर, जायसी, मंझन, रहीम रसखान आदि मुसलमानों ने हिन्दी में और राम प्रसाद 'बिस्मिल', रघुपति सहाय 'फ़िराक' प्रभृत हिन्दुओं ने उर्दू में नहीं लिखा होता। आवश्यकता इस बात की है कि सभी भारतीय भाषाओं के रचनाकार अपने सीमित दृष्टिकोण तथा निजी संकीर्ण स्वार्थों से सर्वथा मुक्त हो अपने-अपने मौलिक और अनूदित ग्रन्थों से सम्पूर्ण भारतीय वांगमय को समृद्ध करें। 'हिन्दी' को हिन्द की भाषा' के ही अर्थ में ग्रहण कर अपनी सम्पूर्ण शक्ति के साथ उसके अधिकाधिक उत्कर्ष में सहयोग कर राष्ट्र को श्री सम्पन्न करें। ऐसा करके ही हम अपने दायित्व का निर्वाह तथा राष्ट्र और मानव-मात्र का अधिकतम कल्याण करने में समर्थ हो स्वयं के भी जीवन को सार्थक करने समर्थ हो सकेंगे।

卐

भौंरा तभीतक भनभनाता है जबतक कमलपर बैठकर मधुपान नहीं करने लगता। मनुष्य तभीतक तर्क-वितर्क और वाद-विवाद करता है जबतक उसे ईश्वर का साक्षात्कार नहीं हो जाता।

—रामकृष्ण परमहंस

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS



विद्यालय को राज्य के अन्तर-विद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव मिला। खिलाड़ियों के सम्मान में आयोतित समारोह का चित्र। (बायें से) भूत-पूर्व शिक्षा-निदेशक डा० सुशील कुमार दासगुप्ता, फिजिकल एजुकेशन और यूथ वेल्फ़ेयर के उप-निदेशक श्री एस० एस० मिर्जा, विद्यालय के फिज़िकल एजुकेशन के शिक्षक श्री पी० पी० ग्यान तथा प्रधानाध्यापक श्री केशव प्रसाद (खड़े हैं-बायें से) श्री आर० आर० गोस्वामी और शिक्षक श्री ए० के० सिंह, एम० ए०, बी० टी०

समारोह में भाषण हैं पश्चिम बंगाल के शिक्षा निदेशक डा० कुमार दासगुप्ता।

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Sri Sri Anandamayee Ashram Collection, Varanasi